राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 रिंकू सिंह और मनदीप पर भड़के युवराज सिंह, सरेआम सुना दी ...

रामभरोसे नहीं छोड़ी जा सकती लोगों की सुरक्षाः केजरीवाल 12

वर्ष : 10 | अंक : 337 | पटना, शनिवार, 22 अप्रैल, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# कोरोना को लेकर सरकार अलर्ट : देश में कोविड के 884 नये मामले, 19 मरीजों की मौत

## बिहार में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 784

प्रात : किरण

नई दिल्ली/पटना/ एजेंसी। देश में पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे कोरोना वायरस महामारी के मामलों के बीच बीते 24 घंटों में 884 सक्रिय मामले सामने आये और तथा 19 मरीजों की मौत हुई है। इस दौरान देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 3,647 लोगों को टीका लगाया गया है और अब तक देश में 2,20,66,31,979 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 884 सक्रिय मामले बढ़कर 66,170 हो गए है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,48,69,684 हो गयी है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,258 हो गयी है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 10,780 बढ़कर 4,42,72,256 पर पहुंच गया है। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान राजस्थान में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 322 की वृद्धि हुई है। इसके बाद ओडिशा में 234, हरियाणा

में 231, छत्तीसगढ़ में 210, उत्तर प्रदेश में 180, पश्चिम बंगाल में 102, पंजाब में 95, महाराष्ट्र में 77, बिहार में 66, तमिलनाडु में 63, दिल्ली में 74, चंडीगढ़ में 22, झारखंड में 20, कर्नाटक में 15, आन्ध्र प्रदेश में 13, तेलंगाना में सात, मेघालय और त्रिपुरा में तीन-तीन, मणिपुर और मिजोरम में एक-एक मामला सामने आया हैं। वहीं इस दौरान उत्तर प्रदेश में चार, दिल्ली, हरियाणा और महाराष्ट्र में तीन-तीन, बिहार और छत्तीसगढ़ में दो-दो, केरल और राजस्थान में एक-एक व्यक्ति की इस बीमारी से मौत हुई है। बिहार में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 784 : कोरोना वायरस से संक्रमण के मामले देश में बढ़ने के साथ ही केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इस बीच शुक्रवार को बिहार में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 784 हो गई है। ऐसे में सतर्कता बरतने की जरूरत है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने शुक्रवार को कहा कि देश में अभी भी कोविड-19 खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, हरियाणा और दिल्ली को किसी भी स्तर पर ढिलाई के खिलाफ सतर्क रहने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सतर्कता, कोरोना महामारी से लड़ने में अहम भूमिका निभा सकती है। बता दें कि देश में मार्च के बाद से कोविड-19 मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। बिहार में अब कोरोना के सक्रिय मरीज बढ़कर 784 हो गए हैं। पटना जिले में की गई जांच में 52 नए कोरोना संक्रमित मिलने की पुष्टि हुई है। इसके पहले गुरुवार को पटना जिले में 57 नए संक्रमित मिले थे। पटना जिले के अलावा भागलपुर में 15, खगड़िया में 10, कैमूर में नौ, सहरसा में आठ, गया और पूर्णिया में सात-सात, पश्चिम चंपारण में चार मरीज मिले हैं। इसी तरह किशनगंज में तीन, मधेपुरा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, नवादा, बांका में दो-दो जबकि बक्सर, पूर्वी चंपारण, जमुई, जहानाबाद, लखीसराय, रोहतास और शेखपुरा में एक-एक नए संक्रमित मिले हैं।

**मौसम** अधिकतम तापमान 39.0°C न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,995 |
| चांदी | 72,500 |
| सेंसेक्स | 57,635 |
| निफ्टी | 16,986 |

## संक्षिप्त खबरें

### राजधानी सहित पूरे प्रदेश में ईद का त्योहार आज

पटना। पटना समेत देश के कई शहरों में शुक्रवार को चांद देखा गया। चांद दीदार होते ही तय हो गया कि शनिवार 22 अप्रैल को ईद का त्योहार मनाया जाएगा। बता दें कि रमजान के पूरे महीने रोजेदारों मे संयम और धैर्य के साथ रोजा रखा। शुक्रवार 21 अप्रैल को रमजान का आखिरी जुम्मे की नमाज आदा की। रोजेदारों ने शाम में इफ्तार के बाद ईद के चांद का दीदार किया। चांद का दीदार होते ही तय हो गया कि शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा। ईद-उल फितर को लेकर पुलिस-प्रशासन ने जबरदस्त तैयारियां की है। ईद को लेकर सबसे अधिक पुलिस बल की तैनाती पटना में की गई है। यहां बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की चार कंपनी के साथ राज्य दंगा निराधक दस्ता की एक कंपनी भी लगाई गई है। गांधी मैदान में आयोजित होने वाली ईद की नमाज को लेकर कंट्रोल रूम बनाया गया है। यहां पांच डीएसपी और 54 पदाधिकयारियों के साथ 200 बल को विशेष तौर पर रखा गया है। अनुमंडल स्तर पर भी आधा दर्जन नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। पटना में नमाज के साथ अन्य महत्वपूर्ण 350 स्थलों पर 995 स्टेटिक बलों की प्रतियुक्ति की गई है। इसके अलावा वज्र वाहन, वाटर कैनन, अग्निमशन वाहनों आदि का इंतजाम रखा गया है।

# पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित होगा सिमरिया घाट : संजय झा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जल संसाधन मंत्री सजंय झा ने कहा है कि सिमरिया घाट को पर्यटक केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। श्री झा शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित सुनवाई कार्यक्रम के बात मीडिया से मुखातिब हुए। श्री झा ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा सिमरिया घाट को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का काम जोरशोर से चल रहा है। सिमरिया लोक आस्था का एक प्रमुख केंद्र है, देशभर के लाखों श्रद्धालु सिमरिया आते हैं और उन सभी के सुविधाओं का ख्याल रखते हुए हमारी सरकार ने सिमरिया घाट को बेहतर स्वरूप देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि विपक्षी एकता को साकार करने की दिशा में हम मजबूती से आगे बढ़ रहें हैं। विपक्षी एकता को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी पहल देश को नई दिशा प्रदान करेगी। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान ही बिहार सरकार विज्ञान व प्रोधोगिकी विभाग के मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा कि यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शिता व जनहित के प्रति उनके मजबूत इच्छाशक्ति का प्रमाण है कि जनसमस्याओं के निवारण के लिए सप्ताह में चार दिन बिहार सरकार के विभिन्न विभागों के मंत्रियों द्वारा जदयू मुख्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। हमारी सरकार जनहित के लिए ही समर्पित है, जनता को सुविधाजनक जीवन प्रदान करने के लिए हम संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि पहले बिहार के अंदर इंजीनियरिंग कॉलेज में सीटें खाली रह जाती थी लेकिन ऐसा नहीं है। बिहार के अंदर 10 रुपये में इंजीनियरिंग और 5 रुपये में पॉलिटेक्निक के पढ़ाई की व्यवस्था सरकार ने की है जिससे आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को काफी लाभ मिल रहा है।

# बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण के खिलाफ याचिका पर 28 अप्रैल को होगी सुनवाई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने बिहार में जाति के आधार पर सर्वेक्षण कराने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ दायर एक नई याचिका पर 28 अप्रैल को सुनवाई करने पर शुक्रवार को सहमति जताई। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध करने संबंधी एक वकील के प्रतिवेदन का संज्ञान लिया। वकील ने पीठ से कहा कि जाति आधारित सर्वेक्षण 15 अप्रैल को शुरू हुआ था और यह 15 मई को पूरा होना है। पीठ ने कहा कि वह मामले पर 28 अप्रैल को सुनवाई करेगी। उच्चतम न्यायालय ने बिहार में जातिगत सर्वेक्षण कराने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई से 20 जनवरी को इनकार कर दिया था। उसने यह कहते हुए याचिकाओं को खारिज कर दिया था कि इनमें कोई दम नहीं है। बहरहाल, पीठ ने याचिकाकताओं को छूट दी कि वे संबंधित उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं।

## पूर्व मंत्री गायत्री देवी के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए मुख्यमंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को नवादा के शकुंतलम नगर स्थित पूर्व विधायक कौशल यादव के आवास पर आयोजित उनकी माता एवं पूर्व मंत्री स्वर्गीय गायत्री देवी के श्राद्धकर्म में शामिल हुए मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय गायत्री देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी पूर्व विधायक कौशल यादव एवं शोकाकुल परिवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## न्यायालय ने गिरफ्तार कश्यप को मदुरै केंद्रीय कारागार से स्थानांतरित न करने का दिया निर्देश

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि दक्षिणी राज्य में प्रवासी मजदूरों पर हमले के फर्जी वीडियो प्रसारित करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर मनीष कश्यप को मदुरै केंद्रीय कारागार से स्थानांतरित न किया जाए। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत अपनी हिरासत को चुनौती देने वाली कश्यप की याचिका पर तमिलनाडु और बिहार सरकार को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा अनुच्छेद 32 के तहत मांगी गई राहत के अलावा याचिकाकर्ता ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत उसके खिलाफ जारी हिरासत के आदेश को भी चुनौती दी है। याचिकाकर्ता को याचिका में संशोधन करने की अनुमति दी जाती है। संशोधित याचिका पर नोटिस जारी करें। पीठ ने कहा, हम याचिकाकर्ता को मदुरै केंद्रीय कारागार से स्थानांतरित न करने का निर्देश देते हैं। मामले की आगे की सुनवाई 28 अप्रैल को की जाएगी। कश्यप की ओर से पेश वकील सिद्धार्थ दवे ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ एनएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है। यूट्यूबर के खिलाफ तमिलनाडु में छह और बिहार में तीन प्राथमिकियां पहले ही दर्ज हैं। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने इस पर हैरानी जताते हुए कहा, उसके खिलाफ एनएसए? इस व्यक्ति के खिलाफ ऐसा प्रतिशोध क्यों? तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश हुए वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि कश्यप ने यह दावा करने वाले फर्जी वीडियो बनाए कि बिहार के प्रवासी मजदूरों पर तमिलनाडु में हमले किए जा रहे हैं। सिब्बल ने कहा, ह्यूसके 60 लाख फॉलोअर्स हैं। वह एक राजनेता है। उसने चुनाव लड़ा है। वह कोई पत्रकार नहीं है। सिब्बल ने मामलों को बिहार स्थानांतरित करने का विरोध करते हुए कहा कि दक्षिणी राज्य में किए गए साक्षात्कारों के आधार पर तमिलनाडु में प्राथमिकी दर्ज की गई। शीर्ष अदालत ने 11 अप्रैल को तमिलनाडु और बिहार सरकार को नोटिस जारी कर यूट्यूबर मनीष कश्यप की याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा था।

## यूनिसेफ सर्वे का निष्कर्ष : कोरोना के दौरान भारत में बाल टीकाकरण के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा

नई दिल्ली/एजेंसी। यूनिसेफ इंडिया की वैश्विक फ्लैगशिप रिपोर्ट द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रन 2023 : फॉर एवरी चाइल्ड का बड़ा निष्कर्ष यह है कि कोरोना के दौरान भारत में बाल टीकाकरण के प्रति बढ़ा भरोसा है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 55 देशों में किए गए सर्वे में भारत उन तीन देशों में से एक है, जहां बाल टीकाकरण के प्रति लोगों का भरोसा बढ़ा है। चीन और मैक्सिको में भी बाल टीकाकरण को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक जिन देशों में अध्ययन किया गया, उनमें से एक तिहाई देशों में महामारी की शुरूआत के बाद टीकाकरण के प्रति विश्वास में गिरावट थी। इनमें रिपब्लिक ऑफ कोरिया, पापुआ न्यू गिनी, घाना, सेनेगल और जापान शामिल हैं। यूनिसेफ इंडिया की प्रतिनिधि सिंथिया मेककेफरी कहती हैं कि यह भारत सरकार की राजनीतिक और सामाजिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारत सरकार महामारी के दौरान सबसे बड़ी वैक्सीन ड्राइव के तहत प्रत्येक बच्चे को टीका लगाने में सफल हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार साल 2019 व 2021 के दौरान 6.7 करोड़ बच्चे टीकाकरण से छूट गए। 112 देशों में टीकाकरण कवरेज में कमी आई।

# वर्तमान सरकार अपने काम में वंचितों को दे रही प्राथमिकता : पीएम मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान सरकार अपने काम में वंचितों को प्राथमिकता दे रही है। पहले यह सोच थी कि सरकार सबकुछ करेगी लेकिन अब सोच यह है कि सरकार सबके लिए करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सिविल सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सिविल सेवकों को संबोधित किया। साथ ही इस आयोजन के दौरान लोक प्रशासन में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार उत्कृष्टता पुरस्कारों को आम नागरिकों के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के जिलों और संगठनों द्वारा किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों को मान्यता देने की दृष्टि से स्थापित किया गया है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार सबके लिए काम करने की भावना के साथ समय और संसाधनों का बेहतर उपयोग कर रही है। राष्ट्र प्रथम, नागरिक प्रथम के मंत्र के साथ सरकार की प्राथमिकता वंचितों को वरीयता देना है। आज सरकार आकांक्षी ब्लॉक तक जा रही है और सीमावर्ती गांवों को देश का पहला गांव मानकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए जरूरी है कि हर सरकारी कर्मचारी देशवासियों के सपनों को सच करने में उनकी मदद करें। पिछले दशकों से बनी व्यवस्था की नकारात्मक छवि को सकारात्मक में बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारी योजनाएं कितनी भी बेहतर हों लेकिन अंतिम पायदान तक उसकी वितरण सुनिश्चित ना हो तो अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आज सबके प्रयास से व्यवस्था में बदलाव आया है और देश के करीब 03 लाख करोड रुपये गलत हाथों में जाने से बचे हैं। आज पैसा गरीब के काम आ रहा है और उसके जीवन को आसान बना रहा है। उन्होंने कहा कि आज की चुनौती कुशलता को लेकर नहीं बल्कि अभाव को लेकर है और उसे दूर कैसे किया जाए इस पर प्रयास करने की जरूरत है। सिविल सेवा अधिकारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले 09 वर्षों में सुशासन पर विश्वास, भारत के विकास को गति और कोरोना संकट के बावजूद दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने रहने के पीछे सिविल सेवा अधिकारियों की मेहनत का बड़ा योगदान रहा है।

## नौकरशाहों के निर्णयों का आधार सिर्फ और सिर्फ देशहित होना चाहिए

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौकरशाहों का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि देश ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है और उन पर भरोसा रखा है, जिसे कायम रखते हुए उनके हर निर्णय का आधार सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रहित होना चाहिए। श्री मोदी ने गुरुवार को यहां सिविल सेवा दिवस के मौके पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी सरकार राष्ट्र प्रथम नागरिक प्रथम के ध्येय वाक्य को सूत्र मानकर काम करती है। उन्होंने कहा कि देश ने नौकरशाहों को बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है और उन पर भरोसा किया है। नौकरशाहों को भी इस भरोसे को कायम रखते हुए अपने सभी फैसलों के केंद्र में केवल और केवल राष्ट्रहित को रखना चाहिए। उन्होंने कहा, आज मैं भारत की ब्यूरोक्रेसी से, भारत के हर सरकारी कर्मचारी से, चाहे वो राज्य सरकार में हो या केंद्र सरकार में, एक आग्रह करना चाहता हूं कि देश ने आप पर बहुत भरोसा किया है, आप को मौका दिया है, इस भरोसे को कायम रखिए। आपकी सर्विस में आप के निर्णय का आधार सिर्फ और सिर्फ देशहित होना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का अपना महत्व है लेकिन नौकरशाही द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि करदाताओं का पैसा किसी दल के लिए खर्च नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के अमृत काल में नौकरशाहों के कंधे पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है और उन्हें देश को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

ईद-उल-फितर के अवसर पर क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं ...

संतोष कुमार सिंह

सुनैना देवी
मुखिया, ग्राम पंचायतराज डुमरा मोहन, प्रखंड- शिवाजीनगर

ईद-उल-फितर के अवसर पर समस्तीपुर वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं ...

लालबाबू, शिक्षक

स्वर्णिमा सिंह
जिला पार्षद सदस्य, खानपुर

ईद-उल-फितर के अवसर पर क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं ...

विश्वनाथ पासवान
पूर्व विधायक

चंदन कुमारी
मुखिया, ग्राम पंचायतराज बंधार, प्रखंड- शिवाजीनगर

ईद-उल-फितर के अवसर पर समस्तीपुर वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं ...

राजेश कुमार पासवान
पूर्व मुखिया, ग्राम पंचायतराज मधुरापुर, प्रखंड- शिवाजीनगर

ईद-उल-फितर के अवसर पर क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।



मो. नशीरुद्दीन
नगर अध्यक्ष, युवा जदयू, मुसरीघरारी

ईद-उल-फितर के अवसर पर क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं ... यह पर्व चारों ओर सुख, शांति और समृद्धि लाए। सभी को अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद मिले

बालमुकुंद सिंह
प्रधानाध्यापक सह पूर्व बीआरपी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलबाडा, प्रखंड- शिवाजीनगर

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन से गिरे युवक की मौत

फतुहा। रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर पर शुक्रवार को एक युवक ट्रेन से गिरकर जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर रेल पुलिस ने ट्रैक पर गिरे युवक को जख्मी हालत से उठाकर सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे तत्काल पटना के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान खुसरुपुर आर्य समाज गली में किराए के मकान पर रहने वाला मोहम्मद नासिर के बीस वर्षीय पुत्र मोहम्मद गोलू के रुप में हुई है। वह मीट दुकान में काम करता था। वह पटना जाने के क्रम में ट्रेन से गिरकर जख्मी हो गया था। रेल पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिये जाएगा।

### सीता जयंती पर होगा शतचंडी महायज्ञ

पटना सिटी (प्राकि)। बक्शी मुहल्ला स्थित श्री भगवती सीता स्थान में 25 से 29 अप्रैल तक आयोजित होने वाले सीता जयंती महोत्सव पर शतचंडी महायज्ञ और सत्संग का आयोजन होगा। इसे लेकर श्री भगवती सीता स्थान, बक्शी मुहल्ला और रत्नेश्वर महादेव मंदिर न्यास समिति की बैठक हुई। इसमें उपाध्यक्ष रतनदीप प्रसाद, सचिव प्रभात बहादुर माथुर, कोषाध्यक्ष इंद्र बिहारी प्रसाद, सदस्य प्रो विनय कृष्ण प्रसाद, नितेश कुमार सिन्हा, शत्रुघ्न यादव, नितेश तिवारी, सचिन शर्मा, अमित राज माथुर आदि मौजूद थे।

### गोलीबारी करने का आरोपी गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। मेहंदीगंज थाना की पुलिस ने गोलीबारी करने के मामले में एक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतापपुर के खजुरबन्ना निवासी केतुल केवट को युवक को गोली मारने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक शराब के धंधे से भी जुड़ा रहा है। बीते दिनों एक युवक को गोली मार जख्मी किया गया था। इसी मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### कोरोना जांच में मिले 3 संक्रमित

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच में कोरोना की जांच में तीन संक्रमित मिले हैं। आरटीपीसीआर जांच में तीन और मरीज मिले है. अधीक्षक डॉ राजीव रंजन व नोडल पदाधिकारी डॉ मुकुल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अस्पताल के माइक्रो बॉयोलॉजी विभाग में 362 सैंपल की जांच की गई। इसमें वैशाली से आया 336 नमूना में एक और अस्पताल के 26 सैंपल की जांच में दो संक्रमित मरीज मिला है। बाकी की रिपोर्ट निगेटिव आई है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सेंटर में स्थित एमसीएच में करुणा संक्रमित एक मरीज को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### दो पक्षों में जमकर मारपीट, एक-दूसरे के खिलाफ क्रास रिपोर्ट

मसौढ़ी।पुलिस ने मारपीट के मामले में दो पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।मसौढ़ी थानांतर्गत भदौरा गांव में किसी बात को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया था।इस मामले में एक पक्ष की ओर से अनित सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने अवगत कराया कि गांव के ही रुपेश कुमार पिंटू कुमार व विद्यानंद सिंह के ऊपर मारपीट गाली गलौज की ओर जान से मारने की नियत से डंडे से उनके सिर में वार भी किया,जिससे वह जख्मी हो गए।और गले से सोने का चैन छीन लिया। वही दूसरी ओर से लाममोहन कुमार की पत्नी शिखा देवी ने भी पुलिस को तहरीर दी, उनका आरोप है कि गांव के ही अनीत सिंह के पुत्र संतोष कुमार चंचल कुमार मेरे हिस्से में आम का पेड़ गिरा हुआ था। आम इसी को लेकर तीनों ने मेरे साथ गाली गलौज मारपीट किया और बाल पकड़ कर जमीन पर पटक दिया और गले से सोने के चैन पचास हजार रुपए और दरवाजा भी तोड़ दिया। साथ ही उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए जानलेवा हमाल भी किया, पुलिस ने संबंधित आरोपियों के खिलाफ के खिलाफ संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घर का ताला तोड़कर चोरी करने का किया प्रयास

मसौढ़ी।स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनकुकारा गांव में बुधवार की मध्य रात्रि ध्रुव कुमार के घर अज्ञात बदमाशों ने घर का ताला तोड़ने का प्रयास कर रहा था,उसी समय ध्रुव कुमार जब घर से बाहर निकला तो चार पांच अज्ञात बदमाश मुंह पर नकाब बांध है। हाथ में हथियार लहराते हुए जान मारने की धमकी देते हुए भागने लगा, जब उन्होंने पीछा करना शुरू किया तो बदमाशों ने इंटर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। और मैंने मोटरसाइकिल का लॉक तोड़कर चोरी करने का प्रयास कर रहा था। पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### शादी की नीयत से एक युवती का अपहरण

मसौढ़ी।थाना क्षेत्र से एक युवती को शादी की नियत से अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है।जहाँ युवती के मामा ने मसौढ़ी थाना में आकर अपने भांजी की शादी की नियत से बहला फुसलाकर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है।प्राप्त सूचना के अनुसार मसौढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की मामा ने बताया की हमारी भांजी मंगलवार को शाम सात बजे घर से। निकली थी,देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटी खोजबीन काफी खोजबीन करने बाद मेरे भांजी का पता कही नहीं चला स्थानीय लोगों से हमे सूचना मिली की जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र के पिंजोरा गांव निवासी आनंद यादव के पुत्र गिरिजेश कुमार मेरे भांजी को बहला फुसलाकर शादी की नियत से लेकर भाग गया है।

# रोजदारों ने अदा की अलविदाई जुम्मे की नमाज

## सिटी के 115 स्थान पर तैनात रहेंगे मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

माहे रमजान में अलविदाई जुम्मे की नमाज रोजेदारों ने अकीदत से शुक्रवार को अदा की। इसे लेकर मुस्लिम समाज के शिया और सुन्नी समुदाय दोनों वर्ग के लोगों में खासा उत्साह देखा गया। पुरुषों ने जहां मस्जिद, इमामबाड़ा और खानकाह में जाकर नमाज अदा किया, तो महिलाओं ने घर पर ही नमाज अदा किया। नमाज अदा करने के लिए आलमगंज, सुल्तानगंज, दादरमंडी, लोदीकटरा, सदर गली, खाजेकलां, बंटाऊ कुआं में स्थित मस्जिद के साथ झाऊगंज स्थित अंबर की मस्जिद, पानी टंकी स्थित मो जान की मस्जिद, खाजेकलां मस्जिद, तारणी प्रसाद लेन स्थित जामा मस्जिद के अलावा अन्य छोटे-बड़े मस्जिदों में भी नमाजियों की भीड़ नमाज अदा करने को पहुंची। नमाज के दौरान तकरीर का भी किया गया। शिया समुदाय की ओर से बावली इमामबाड़ा स्थित शिया मस्जिद में मौलाना सैयद मुजफ्फर रजा और शाही संगी पत्थर की मस्जिद में इमाम सैयद दिलबर रजा ने नमाज अदा कराई। खानकाह मुनेमिया मितन घाट दरगाह शरीफ के सज्जादानशीं सैयद शाह शमीमउद्दीन अहमद मुनएमी की देखरेख में नमाज व तकरीर हुई। दरगाह शाह अरजानी के गद्दनशीं सैयद प्रो शाह हसीन अहमद, खानकाह फैयाजिया सिमली मालसलामी के सज्जादानशीं सैयद शाह फैयाज हुसैन फैयाजी, खानकाह मंगल तालाब के गद्दीनशीं सैदय शाह मिसबाह उल हक एमादी व वारगाहे इश्क तकियाशरीफ, मितन घाट के सज्जादानशीं सैयद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद ने खानकाह में नमाज अदा कराई। आखिरी जुम्मे की नमाज अदा करने के साथ ही सभी ईद की तैयारी में लग गए हैं। एसडीओ गुंजन सिंह ने बताया कि ईद को लेकर 115 स्थान पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गयी है। अनुमंडल में नियंत्रण कक्ष भी कार्य करेगा, जिसका नंबर 0612-2631813 है। इसमें दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है। डीसीएलआर प्रवीण कुंदन वरीय प्रभार में रहेंगे। प्रशासन की ओर से चिन्हित किए गए संवेदनशील स्थानों पर कड़ी चौकसी का निर्देश थानाध्यक्षों को दिया गया है।

## पटना सहित अन्य शहरों में देखा गया चांद, ईद आज

### हुई आतिशबाजी, देर रात खरीदारी का दौर जारी

ईद उल फित्र का त्योहार शनिवार को मनाया जाएगा। इसे लेकर पटना सहित विभिन्न शहरों में चांद का दीदार किया गया। चांद देखे जाने के साथ ही उत्साही युवाओं ने आतिशबाजी किया। इसी के साथ लोगों ने एक-दूसरे को बधाई देने का काम किया। साथ ही साथ बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। खानकाह मुनेमिया, मितन घाट के सज्जादानशीं सैयद शाह शमीम अहमद मुनएमी ने भी चांद देखे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पटना में भी अधिकांश लोगों ने चांद का दीदार किया है। इस तरह से शनिवार को ईद मनाई जाएगी। ईद की नमाज पढ़ने जाने के पूर्व रोजे का पवित्र और स्वच्छ बनाने को सदका यानी दान किया जाना चाहिए। इसी को पाक-साफ करें, तब नमाज पढ़ें। इसके बाद माह का परिश्रम का शुकराना अल्लाह ताला को अदा करें। अल्लाह के हुक्म से ही रोजेदारों को खाने-पीने की इजाजत मिल गई। सभी रोजेदारों को चाहिए कि वह लोगों के बीच खुशी और मोहब्बत बांटें, गले लगाएं और सबों का मुंह मीठा कराएं। यही सही ईद है। चांद देखे जाने के बाद ही बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। पटना सिटी के मालसलामी, हरिमंदिर गली, सदर गली, पश्चिम दरवाजा, सादिकपुर, मीना बाजार, आलमगंज, त्रिपोलिया, महेंद्रू, पत्थर की मस्जिद, दरगाह रोड से लेकर अन्य बाजारों में ईद के पूर्व खरीदारी का दौर शुरू हो गया। वैसे लोगों ने अन्य तैयारियां कर रखी थीं, मगर मान्यता है कि चांद देखे जाने के बाद कुछ न कुछ खरीदारी जरूर करनी चाहिए। ऐसे में महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन के सामान, पुरुषों ने अपने लिए टोपी, कुछ नए कपड़े, इत्र, चप्पल-जूते इत्यादि खरीदे वही सेवई की लच्छा और मेवा खरीदने का दौर भी देर रात तक जारी रहा। बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ने के साथ ही पुलिस प्रशासन भी चुस्त देखे गए। भीड़ वाले स्थान पर देर रात तक पुलिस की मौजूदगी भी रही।

## अविनाश राज भोजपुरी पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित

पटना। भोजपुरी मनोरंजन मितवा टीवी सबसे तेजी से आगे बढ़ते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म के रुप में खूब सुर्खियां बटोर रहा है। सबसे कम समय में मोनोटाइज ओटीटी प्लेटफॉर्म होने का गौरव प्राप्त करने वाली ये संस्था इन दिनों खूब चर्चा में है। बता दें कि हाल ही में दुबई में संपन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय भोजपुरी फिल्म अवार्ड्स में मितवा टीवी के सीईओ अविनाश राज को भोजपुरी पर्सनैलिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। अविनाश राज को ये पुरस्कार आईएमपीपीए के अध्यक्ष अभय सिन्हा और पूर्व अध्यक्ष टीपी अग्रवाल ने प्रदान किया। पुरस्कार समारोह कई विदेशी हस्तियों सहित एमपी और भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार मनोज तवारी, दिनेश लाल यादव, पवन सिंह सहित अन्य मौजूद थे। सम्मान प्राप्त करने पर अविनाश राज ने आयोजकों को आभार व्यक्त किया और कहा कि मैं यह पुरस्कार पूरी मितवा टीवी टीम को समर्पित करता हूं, जिसकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने यह संभव हुआ है। हम अपने मंच के माध्यम से भोजपुरी संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम इस लक्ष्य की दिशा में काम करना जारी रखेंगे।

## एक्सपोजर विजिट का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। प्रखंड के अलावलपुर स्थित हेल्थ एवं वेलनेस केन्द्र पर शुक्रवार को 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत चयनित जिला स्तरीय समिति के सदस्यों का एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। विजिट के दौरान जिला स्वास्थ्य समिति के एम ओआइटी, बीएचएम, केयर इंडिया के प्रतिनिधि, सीएचओ तथा एएनएम द्वारा हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर के विकास के बारे में चर्चा की गई तथा मिलने वाली सुविधाओं एन एस डी स्क्रीनिंग, लैब टेस्ट, टेलीमेडिसिन द्वारा ओपीडी तथा अन्य विधियों पर चर्चा कर इसे मजबूत बनाने के सुझाव दिया गया। मौके पर बाढ़ से जिला परिषद सदस्य विजय शंकर, मसौढ़ी प्रखंड मुखिया साधु पासवान, पंचायत समिति सदस्य अनिशा देवी, पालीगंज प्रखंड जिला स्वास्थ्य समिति से नमिता जी, फतुहा से डॉ गणपत मंडल, ब्रह्म प्रकाश, केयर इंडिया से डॉ कीर्ति धमीजा, रविश, सिद्धार्थ, मीनू जी, विजय, अनुराधा, तथा जन आरोग्य समिति के लोग एकत्रित हुए।

# गुरु अंगद देव जी के प्रकाश पर्व पर तख्तश्री में सजा विशेष दीवान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में सिखों के दूसरे गुरु श्री अंगद देव जी महाराज का प्रकाश पर्व मनाया गया। इस दौरान दरबार साहिब में विशेष दीवान सजा। इसके पूर्व पिछले दो दिनों से मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पाठ की समाप्ति हुई। इसके बाद कथावाचक ज्ञानी गगनदीप सिंह ने गुरु अंगद देव जी के जीवन दर्शन पर कथा करते हुए कहा कि गुरु महाराज गुरुमुखी लिपि के प्रवर्तक थे। रागी जत्था में भाई जोगिंदर सिंह, भाई हरभजन सिंह, भाई कविंदर सिंह, भाई अरविंद सिंह निर्गुण, भाई जगत सिंह, भाई ज्ञान सिंह ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया। विशेष दीवान की समाप्ति के बाद तख्तश्री पटना साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने विश्व शांति और भाईचारे के लिए अरदास किया। आयोजन में प्रबंधक कमेटी के पदधारक, सदस्य और बड़ी संख्या में सिख संगतों ने भाग लिया। विशेष दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चला।

# ईदगाह सज धजकर तैयार

, प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत ईद पर्व को लेकर बाजार से लेकर ईदगाह तक तैयारीयां जोर-शोर से चल रही है। खगौल ईदगाह के खरपतवार की साफसफाई और रंग-रोगन कराई गयी है जो कि देखने लायक है। इस ईदगाह में छोटी खगौल, बड़ी खगौल, शैदा नगर, जमालुद्दीन चक, बड़ी बदलपुरा एवं रेलवे कॉलोनियों से मुसलमान भाई ईद की नमाज पढ़ने आते है। फिलहाल काफी गर्मी पड़ रही है इसलिए गर्मी और धूप की तपिश से नमाजियों को बचाने के लिए ईदगाह इंतेजामिया कमिटी ने ईद की नमाज का वक़्त सुबह 07:30 बजे रखा गया है। इस कमिटी में सचिव शोएब कुरैशी, संयुक्त सचिव इरफान सिद्दीकी, मो शमशुद्दीन उर्फ पिंटू, मो विक्की, मो शाहनवाज उर्फ रिंकू,मोङ्ग गुड्डू मोङ्ग सदाब ,शकील अहमद, सज्जाद आलम उर्फ गुड्डू, मोहम्मद सुल्तान मोङ्गबादल चंदू प्रिंस शामिल है। इस मौके पर ईदगाह में उपस्थित खगोल नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि आगामी 22 अप्रैल को खगौल वासी मिलजुलकर भाईचारा एवं प्रेम से ईद का पर्व मनाएंगे। ईदगाह में आने जाने वाले कच्चे रास्ते का निर्माण कराया गया है।

## ईद को ले प्रशासन ने कराया फ्लैग मार्च

### नगर निगम ने चलाया सफाई अभियान

पटना सिटी (प्राकि)। ईद में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों को संदेश देने के लिए प्रशासन के द्वारा थानावार फ्लैग मार्च कराया गया। शुक्रवार को अनुमंडल प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च कराया गया। एसडीओ गुंजन सिंह के नेतृत्व में हुए फ्लैग मार्च में एएसपी शरथ आरएस, डीसीएलआर प्रवीण कुंदन के साथ थाना के पुलिस पदाधिकारी, बल और थानाध्यक्ष शामिल थे। रैपिड एक्शन फोर्स के साथ हुए फ्लैग मार्च सुल्तानगंज, आलमगंज, खाजेकलां, चौक, मालसलामी, बहादुरपुर सहित अन्य थाना क्षेत्रों में किया गया। एसडीओ ने बताया कि ईद में विधि-व्यवस्था कायम रखने को लेकर फ्लैग मार्च कराया गया है। इस दौरान थानाध्यक्षों को भी सुरक्षा के साथ आसूचना ग्रहण करने को कहा गया है। आवश्यक निर्देश देने के साथ संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है, ताकि किसी तरह की परेशानी नहीं हो। दूसरी और नगर निगम के अजीमाबाद अंचल और पटना सिटी अंचल के द्वारा प्रमुख ईदगाह, मस्जिदों और खानकाह के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराया गया। रेसिपी और ब्लीचिंग का छिड़काव भी कराया गया है कछुआ केंद्र से भी कचरे का उठाव किया गया।

# जांच समिति के चेयरमैन ने तख्तश्री कमेटी को रिपोर्ट लेने को लिखा पत्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

### अध्यक्ष मुंबई में बीमार, स्वस्थ होने पर दिल्ली जाकर रिपोर्ट लेने की बात कही

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में संगत के द्वारा दिए गए भेंटा के विवाद की जांच को लेकर गठित की गई हाई पावर कमेटी के चेयरमैन ने तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष को पत्र भेजा है। दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति और हाई पावर कमेटी के चेयरमैन आरएस सोढ़ी ने तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही को दो दिनों पूर्व पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष के द्वारा गठित हाई पावर कमेटी की जांच रिपोर्ट तैयार है। सभी मूल अभिलेखों के साथ सीलबंद कवर में रिपोर्ट है। इसमें कहा गया है कि सभी डाक्यूमेंट्स की कॉपी के साथ सीलबंद कवर रिपोर्ट उनके पास है। आप दिल्ली आकर उनके आवासीय पते पर पहुंचकर या कॉल कर रिपोर्ट प्राप्त कर लें। कमेटी के उस समय के अध्यक्ष अवतार सिंह हित (अब स्व) ने 18 अगस्त, 22 को पत्र संख्या टीपीएस/3/4502/2822 के द्वारा हाई पावर कमिटी का गठन किया था। दरअसल जालंधर के एक संगत के द्वारा दिए गए भेंटा के वाद विवाद उत्पन्न हुआ था। इसकी जांच के दौरान उक्त के द्वारा बताए गए सोना, चांदी, हीरा आदि न के बराबर पाया गया था। इसके बाद कमेटी के अध्यक्ष के निर्देश पर तीन सदस्यीय समिति ने इसकी जांच स्वर्णकार से कराने का काम किया था। जांच में न के बराबर हीरा, सोना, चांदी आदि नहीं पाए जाने की रिपोर्ट मिलने के बाद भेंटा देने वाले डॉ गुरविंदर सिंह सामरा ने तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह पर अनेक आरोप लगाए थे। तब विवाद बढ़ा। आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। मुकदमे किए गए। इसे लेकर धरना व प्रदर्शन हुआ। श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को इस पूरे प्रकरण में हस्तक्षेप करना पड़ा। इस घटनाक्रम पर तख्तश्री कमेटी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को श्री अकाल तख्त साहिब में पेश होना पड़ा और जब 6 दिसंबर, 22 को हुक्मनामा जारी हुआ, तब आक्रोशित कुछ लोगों ने श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार का पुतला लेकर घुमाया और उसे अशोक राजपथ से लगे नई दर्शनी ड्योढ़ी के पास जलाने का काम किया। यही नहीं, जारी हुक्मनामा की प्रति भी जलाई गई थी। इस संबंध में तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने बात करने पर कहा कि फिलहाल वह मुंबई में हैं और अस्वस्थ चल रहे हैं। ऐसे में स्वस्थ होने के बाद वह दिल्ली जाएंगे और जांच समिति के चेयरमैन से मिलकर रिपोर्ट प्राप्त कर लेंगे। इसके बाद कमेटी के पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करने के बाद बोर्ड की मीटिंग में इस पर निर्णय लिया जाएगा।

यदि सब कुछ ठीक रहा और ज्ञानी रणजीत सिंह निर्दोष साबित हुए, तब कमेटी के द्वारा श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार को पत्र भेजकर उनसे सलाह मांगी जाएगी। उनके द्वारा दिए गए आदेश के आलोक में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टीवीसी कैंपेन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर व पंजाब किंग्स के खिलाड़ी हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। हिंदवेयर लिमिटेड, जो कि कम्पलीट बाथरूम सोल्यूशंस में एक लीडर है, ने अपने नए टेलीविजन कमर्शियल कैंपेन, होटल लाइक बाथरूम को लॉन्च किया, जिसमें क्रिकेट जगत के कुछ सबसे बड़े नामचीन सितारे शामिल हैं। यह कैंपेन ट्रेवलर की इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए ठीक वैसे ही बाथरूम को एक्सपीरियंस कराता है जैसा उन्हें 5-स्टार होटल में मिलता है। इस टीवीसी कैंपेन में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर तथा पंजाब किंग्स के नामचीन खिलाड़ी शामिल हैं। इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए हिंदवेयर लिमिटेड के बाथ बिजनेस के चीफ एक्सिक्यूटिव ऑफिसर श्री सुधांशु पोखरियाल ने कहा, बाथरूम सोल्यूशंस मार्किट में एक लीडिंग प्लेयर के रूप में, हम हमेशा से ही अपने ग्राहकों से जुड़ने के लिए नए तरीकों की तलाश में रहते हैं। हम अपने इस लेटेस्ट टीवीसी कैंपेन, 5-स्टार होटल लाइक बाथरूम्स को लॉन्च करने के लिए बेहद उत्साहित हैं, जो कि एक शानदार बाथरूम एक्सपीरियंस को बनाने के महत्व पर प्रकाश डालता है। इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए मिस चारू मल्होत्रा, वीपी एंड हेड ऑफ मार्केटिंग, हिंदवेयर लिमिटेड ने कहा, हमें अपने इस नए टीवीसी कैंपेन 5-स्टार होटल लाइक बाथरूम को लॉन्च करने को लेकर बेहद खुशी है, जिसमें क्रिकेट जगत के कुछ सबसे बड़े नामचीन खिलाड़ी भी शामिल हैं।

हिंदवेयर का रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर तथा पंजाब किंग्स के साथ इस सहयोग के जरिये ब्रांड के एक्सपोजर में वृद्धि, ब्रांड की मजबूत स्थिति, ग्राहक जुड़ाव में वृद्धि के साथ साथ ब्रांड के राजस्व में वृद्धि होने की भी उम्मीद है।

## इफ्तार पार्टी में शामिल हुए मंत्री

मसौढ़ी।प्रखंड के गिरजा कुंवर हाई स्कूल में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। आयोजित की गई इफ्तार पार्टी में सूबे के राजस्व व भूमि सुधार मंत्री आलोक मेहता शामिल हुए।इफ्तार पार्टी में सैकड़ो की संख्या में रोजेदार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी सहित स्थानीय लोग शरीक हुए। इफ्तार पार्टी में सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल देखने को मिला। इफ्तार पार्टी में सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया।इस दौरान उन्होंने रमजान के पाक महीने पर कई अहम बातें कहीं।दरअसल हर साल के भांति इस वर्ष भी रमजान के पाक महीने में मसौढ़ी के सब्जी मंडी व्यवसाय संघ के अध्यक्ष सह वार्ड नं 14के पार्षद कुमारी प्रीति लता के प्रतिनिधि रंजीत यादव के द्वारा इफ़्तार पार्टी का आयोजन किया गया था।जिसमें प्रखंड समेत गांव के कई जाने माने लोग शामिल हुए।साथ ही सूबे राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक मेहता भी शामिल हुए।

# मालसलामी स्थित चिप्स फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना क्षेत्र के रेलवे लाइन से पूरब बिहारी जी मिल्स के पास चिप्स कारखाना में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस संबंध में नारायण शाह ने बताया कि रात में गर्मी का प्रकोप था। अचानक से शार्ट सर्किट होने के कारण एक चिंगारी कहीं से फैल गई। आसपास के लोगों ने दौड़कर बताया कि आपके कारखाना से धुआं निकल रहा है। इसके बाद तत्काल मालसलामी थाना को सूचित किया गया। थानाध्यक्ष ने सिटी फायर स्टेशन को सूचित किया। मगर सूचना के 45 मिनट के बाद वहां से दमकल की गाड़ी घटनास्थल को पहुंची। इसके पूर्व कि आग विकराल रूप धारण करती, उसके पहले ही स्थानीय लोगों की मदद से और अग्निशमन यंत्र से आधा से अधिक आग पर काबू पा लिया गया। आग जितनी दूरी में थी, उसके आगे फैलने नहीं दी गई। स्थानीय वार्ड 70 के पार्षद विनोद कुमार भी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस अगलगी की घटना में तैयार सामग्री जलकर खाक हो गया। मशीन उपकरण को कोई क्षति नहीं पहुंची है।

कारखानेदार नारायण शाह के अनुसार अगलगी की घटना में करीब आठ-दस लाख का नुकसान हुआ है। सिटी फायर स्टेशन से पहुंची तीन दमकल गाड़ियों ने आग को पूरी तरह से बुझाने का काम किया।

# चौक थाना-कंगन घाट रोड को बंद किए जाने का एसडीओ ने लिया जायजा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाश पर्व वृहद रूप में मनाया गया था। उस वक्त अशोक राजपथ से चौक थाना होते हुए कंगन घाट जाने के लिए एप्रोच रोड का निर्माण कराया गया था। उस समय जमीन के रैयतों ने इसका विरोध किया था। मगर काम करने वाले ठेकेदार ने सौ रुपया के स्टांप पर एक समझौता किया था, जिसमें कहा गया था कि तीन माह के बाद उक्त सड़क को हटा लिया जाएगा। मगर ऐसा नहीं हो पाया। बाद में वर्ष 2017 में मामला पटना हाईकोर्ट में गया। कोर्ट का आदेश रैयतदारों राजनाथ राय, प्रेम राय आदि के पक्ष में आया। इसके बाद वैशाली जिला प्रशासन ने राघोपुर के एसडीओ को आदेश दिया। वहां से राघोपुर के सीओ ने कार्रवाई करते हुए रैयतदारों की जमीन जितनी दूरी में थी, उक्त दूरी में सड़क को खोदवाकर मलबा से आवागमन को बंद करा दिया। यह खबर विभिन्न अखबारों में छपने के बाद पटना जिला प्रशासन हरकत में आया। इसके बाद एसडीओ गुंजन सिंह यहां पहुंचीं। इस दौरान डीसीएलआर, चौक थाना के थानाध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारी भी थे। यहां रैयतदारों, स्थानीय लोगों व थानाध्यक्ष से बात करने के बाद एसडीओ लौट गई। संभवतः अपनी रिपोर्ट डीएम को भेजेंगी। इस मामले में तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने कहा कि यह पूरा मामला कोर्ट और प्रशासन का है। इस संबंध में मुख्यमंत्री के स्तर पर निर्णय लिए जाने की संभावना है। कारण कि गंगा किनारे भद्र घाट से लेकर दमराही घाट तक रोड बना है। इसके अलावा गंगा के ऊपर एलिवेटेड रोड बना है। इसका एक छोर कंगन घाट रोड में भी गिराया जाना है। इस कारण से पूरा मामला बिहार सरकार, पथ निर्माण विभाग और नगर विकास विभाग को ही देखना है। फिलहाल वह मुंबई में हैं। पटना लौटने के बाद इस संबंध में वे संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत करने के बाद मुख्यमंत्री से भी मिलकर समस्या के निराकरण करने का आग्रह करेंगे। फिलहाल उक्त बड़े रास्ते के बंद हो जाने के बाद गुरुद्वारा कंगन घाट की नई इमारत से होकर जाने वाला संकरा रास्ते में वाहनों का जाम लग रहा है। लोगों का पैदल कंगन घाट आना और जाना भी मुश्किल सा हो गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, शनिवार, 22 अप्रैल, 2023



# अमित शाह से उपेन्द्र कुशवाहा की मुलाकात पर छिड़ा सियासी संग्राम, बयानबाजी शुरू

## राजनीतिक रूप से महत्वहीन हो चुकें हैं उपेन्द्र कुशवाहा : उमेश

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की राजनीति में उपेन्द्र कुशवाहा महत्वहीन हो चुकें हैं इसीलिए वें अब अपनी राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए चारों तरफ हाथ-पैर मार रहें हैं लेकिन उनका यह प्रयास कभी सफल नहीं होगा। उपेन्द्र कुशवाहा ने अपने व्यक्तिगत स्वार्थ को साधने के लिए राजनीतिक गरिमा और सम्मान को सूली पर टांग दिया है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की खबरें सुनकर मुझे कोई हैरानी नहीं हुई क्योंकि हम सभी पहले से जानते थें कि उपेन्द्र कुशवाहा भाजपा की कठपुतली हैं और भाजपा के द्वारा तैयार किए स्क्रिप्ट पर ही उन्होंने कुछ महीनें पूर्व प्रदेश में राजनीतिक ड्रामे को अंजाम दिया था। समाजवाद के सहारे अपनी राजनीति में पैर जमाने वाले उपेन्द्र कुशवाहा आज अपने व्यक्तिगत स्वार्थ सिद्धि के लिए सम्प्रदायिक शक्तियों के सामने शीर्षासन करते नजर आ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उपेन्द्र कुशवाहा निजी फायदे के लिए पूरे समाज को दिगभ्रमित करने में लगें हुए हैं परन्तु उन्हें यह याद रखना चाहिए कि कुशवाहा समाज सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीने वाला समाज है। किसी के भी बहकावे में कुशवाहा समाज नहीं आने वाला। उपेन्द्र कुशवाहा ने दलित और पिछड़ा विरोधी ताकतों से हाथ मिलाकर कुशवाहा समाज की आंखों में धूल झोंकने का काम किया। आगे उन्होंने कहा कि उपेन्द्र कुशवाहा के जाने से लवकुश समीकरण पर तिनका मात्र भी प्रभाव पड़ने वाला नही है। लवकुश समाज पूरी मजबूती से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ खड़ा है। भाजपा से मिलकर उपेन्द्र कुशवाहा ने अपनी राजनीतिक ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम किया है। जिसका परिणाम 2024 के लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

## लोस चुनाव में मोदी के सामने कोई टिकने वाला नहीं : उपेन्द्र

पटना। रालोजद के नेता उपेंद्र कुशवाहा गुरूवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह से मिले। मुलाकात से जुड़े मीडिया के सवाल पर श्री कुशवाहा ने कहा है कि, समय आने दीजिए हम सबकुछ बता देंगे कब कहां जा रहे हैं। लेकिन, इतना साफ है कि 2024 के चुनाव में मोदी के सामने कोई टिकने वाला नहीं है। कुशवाहा ने आगे कहा कि अमित शाह से मेरी मुलाकात हुई है तो यह साफ है कि कुछ न कुछ तो बात हुई ही होगी। किसी से भी मुलाकात बातचीत करने के लिए ही होती है तो जाहिर बात है कि कुछ न कुछ तो बात हुई होगी। अब सवाल यह है कि, क्या बात हुई तो उसके लिए आप लोग जो अटकलें लगा रहे है वो लगाने के लिए स्वतंत्र हैं। इसके आगे जब उनसे यह सवाल किया गया कि, अमित शाह के तरफ से उनके क्या ऑफर मिला और क्या कुछ डील हुई तो कुशवाहा ने कहा कि - उनसे हमारी क्या बात हुई यह जब मुझे आवश्यकता महसूस होगी तब मैं आप लोगों को बता दूंगा। अभी कौन सी बात बताएंगे कौन सी नहीं इसको लेकर लोगों को कयास लगाने दीजिए। कुछ तो वो लोग भी बतांएगे। इसके आलावा जब उसने यह सवाल किया गया कि, आप फिर से एनडीए में शामिल हो रहे हैं इस बात की भी चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर जब मुझे आपलोगों को जानकारी देनी होगी तो दे दिया जाएगा।अभी हम तैयार नहीं है कि हम आप लोगों से हर कुछ शेयर कर पाए। लेकिन, इतना साफ है कि, नरेंद्र मोदी के सामने 2024 में कोई चैलेंज ही नहीं है।

# शिवानंद का भाजपा पर तंज, कहा- अनुशासित पार्टी में मची भगदड़

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने भाजपा पर तंज कसा है। श्री तिवारी ने कहा है कि कर्नाटक में तो भाजपा में भगदड़ मची हुई है। दावा है कि भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे अनुशासित पार्टी है। लेकिन कर्नाटक में तो इस दावे की कलई उतर गयी है। वहाँ भाजपा में भगदड़ मची हुई है। पार्टी छोड़ने वाले सिर्फ.साधारण विधायक ही नहीं हैं। भाजपा के भूतपूर्व मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री तक ने वहाँ पार्टी छोड़ दी है। वे अब कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार बनकर वहाँ चुनाव लड़ रहे हैं। दर्जन भर से ज्यादा विधायकों ने वहाँ भाजपा छोड़ दिया है। दक्षिण के चारों राज्य में मात्र कर्नाटक में ही भारतीय जनता पार्टी मजबूत स्थिति में है। वहाँ अभी भाजपा की ही सरकार है। इसलिए कर्नाटक को बचाने के लिए भाजपा ने वहाँ अपना सबकुछ झोंक दिया है। चुनाव की तारीख घोषित होने के पूर्व प्रधानमंत्री जी योजनाओं के उद्घाटन तथा शिलान्यास के सिलसिले में कर्नाटक की सात या आठ यात्रा कर चुके हैं। खबर है कि वहाँ उनकी बीस बाइस चुनावी सभा होने वाली है। उनके अलावा केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों की फौज के विषय में कहना ही क्या है। प्रधानमंत्री ने वहाँ के भूतपूर्व उप मुख्यमंत्री ईश्वरप्पा जी से फोन पर बात कर उनको मनाया। ईश्वरप्पा स्वयं उम्मीदवार नहीं थे। आठ मर्तबा जहाँ से वे लगातार विधायक रहे वहाँ से अपने पुत्र को अपनी जगह पर चुनाव लड़ाना चाहते थे। अपने पूरे परिवार के साथ तथाकथित ईमानदारी का झंडा ढोने वाले भूतपूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा स्वयं चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। परिवारवाद की राजनीति की घोर विरोधी भाजपा ने उनकी जगह पर उनके पुत्र को अपना उम्मीदवार बनाया है। कर्नाटक में मौजूदा सरकार को चालीस प्रतिशत वाली सरकार कहा जाता है। विरोधी से ज्यादा भाजपा समर्थक लिंगायत मठों के लोग चालीस प्रतिशत कमीशन का शोर मचा रहे हैं। भले ही मौजूदा सरकार के कमीशन का रेट चालीस प्रतिशत हो। लेकिन भाजपा कह रही है कि वह कर्नाटक को भ्रष्टाचार मुक्त बनाकर उसको नई ऊँचाई तक ले जाएगी। वैसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कर्नाटक के लोगों से कहा है कि अगर वे प्रधानमंत्री मोदी जी का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहते हैं तो उन्हें यहाँ भाजपा सरकार बनानी होगी। देखिए कर्नाटक के मतदाता मोदी के आशीर्वाद के आकांक्षी हैं या नहीं यह तो चुनाव का नतीजा ही बताएगा।

# पुलिस ने 5 स्टेज डांसरों को कराया मुक्त, दो युवक गिरफ्तार

पटना। पटना पुलिस ने स्टेज पर डांस करने वाली 5 लड़कियों को शराबियों से मुक्त कराया है। पुलिस ने मौके से 2 शराबियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। लड़कियां बिहार के बाहर मुंबई, कोलकाता और कानपुर की बताई जा रही हैं। दरअसल, फुलवारी शरीफ के फुलिया टोला में गुरुवार की देर रात कुछ युवकों द्वारा पांच स्टेज डांसरों को एक कार्यक्रम के नाम पर बुलाया था। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान सभी युवक शराब के नशे में डांस करने आयी लड़कियों से गलत करने का प्रयास करने लगे। जब लड़कियों ने इसका विरोध किया तो वे सभी शराबी मारपीट और धमकी देने पर उतारू हो गए। डरी सहमी लड़कियों ने इसकी सूचना फुलवारीशरीफ थाने को दी । बता दें कि, सूचना मिलते ही फुलवारीशरीफ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और फुलिया टोला के एक घर से बंधक बनाई गई 5 डांस करने वाली लड़कियों को बरामद कर लिया है। इस मामले को लेकर फुलवारी शरीफ थाना प्रभारी ने बताया कि शराब के नशे में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए युवक के नाम पुरुषोत्तम कुमार एवं विश्वकर्मा कुमार है, जो कि नौबतपुर के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि इसके साथ ही मुंबई, कोलकाता, कानपुर और छपरा की 5 लड़कियों को भी शराबियों से मुक्त कराया गया है। उन्होंने बताया कि मुक्त कराई गई सभी लड़कियों को वापस उनके घर भेज दिया गया है। वहीं शराब के नशे में गिरफ्तार युवकों को जेल भेज दी गई है।

## अतीक के सर्मथन में नारेबाजी दुर्भाग्यपूर्ण : निखिल

पटना। बीजेपी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार बीजेपी प्रवक्ता डॉ निखिल आनंद ने बिहार की महागठबंधन सरकार पर देश विरोधी एवं आपराधिक तत्वों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। निखिल ने पटना के मस्जिद में नमाज के बाद अतीक अहमद के समर्थन में नारे लगने पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए किसी भी स्तर तक गिरने को तैयार हैं। अगर खुली छूट दे दी गई तो बिहार को पाकिस्तान बनाकर और तालिबानी लागू कर देंगे। निखिल आनंद ने कहा कि पटना की राजधानी में अगर अतीक को शहीद बताते हुए नारे लगे है तो यह प्रशासनिक विफलता है। निखिल आनंद ने कहा कि सरकार के संरक्षण में बिहार के सभी जिलों में पीएफआई ने पैर पसार दिया है। बिहार के सभी स्कूलों में उर्दू शिक्षक बहाल करने और सभी थानों में उर्दू अनुवादक बहाल करने की है, जो बिहार सरकार की मुस्लिमपरस्त नीति का द्योतक है। बिहार के मुस्लिम बहुल सीमावर्ती जिलों की कौन पूछे, पटना राजधानी क्षेत्र में पीएफआई और पाकिस्तानपरस्त आतंकी गिरोहों ने पैर पसार लिए हैं।

## उग्रवादी व आतंकवादी को कभी शहीद नहीं माना जा सकता : विजय

पटना। अतीक अहमद के समर्थन में नारेबाजी होने के बाद बिहार की सियासत गर्म हो गई। इस बाबत नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने बिहार सरकार पर हमला बोला है। विजय सिन्हा ने कहा कि बिहार जिस तरह से आतंकवादियों और भ्रष्टाचारियों की शरण स्थली बन रही है, यह बहुत ही शर्मनाक है। उग्रवादी और आतंकवादी को कभी शहीद नहीं माना जा सकता। राष्ट्र के लिए गोलियां खाने वाला शहीद होता है। घड़ियाली आंसू बहाने वाले कह रहे हैं पुलिस अभिरक्षा में कैसे हत्या हुई। ऐसे में उनलोगों से मैं पूछता हूं कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी भी पुलिस सुरक्षा में ही मारे गए थे। क्या उस वक्त संविधान की हत्या नहीं हुई थी। विजय सिन्हा ने कहा कि बिहार जिस तरह से आतंकवादियों और भ्रष्टाचारियों की शरण स्थली बन रही है, यह बहुत ही शर्मनाक है। उग्रवादी और आतंकवादी को कभी शहीद नहीं माना जा सकता। राष्ट्र के लिए गोलियां खाने वाला शहीद होता है। अपराधी मारा जाता है तो कलेजा फटता है। विजय सिन्हा ने कहा कि ऐसी सरकार पर धिक्कार है।

## राज्य में लगातार बढ़ रहा अपराध : मनोज

पटना। बिहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने कहा कि जब सरकार कमजोर होती है तो सरकार की इकाइयों पर हमले होने लगते है। जब सरकार का एतबार खत्म होता है तो आम लोग आक्रोशित होते है। जब सरकार निरकुंश होती है तो आम शहरी भी पुलिस को कुछ नही समझती है। हाल के दिनों में जिस तरह बिहार पुलिस और सरकारी कमर्चारियों पर आम लोगों ने हमले किये हैं, उससे साफ हो गया कि सरकार इकबाल खत्म हो रहा है। बिहार सरकार लोगों पर से अपना एतबार खत्म कर रही है। सरकार से लोगों का विश्वास खत्म हो रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2020 से ही बिहार पुलिस पर हमलों का सिलसिला शुरू हो गया था। जो अबतक जारी है। राज्य के गृह मंत्री विभाग का आंकड़ा है जिसमे बताया गया है कि 2022 और 2021 में 340 बार पुलिस पर हमला हुए लेकिन, अकेले 2022 में 450 से अधिक बार विभिन्न जगहों पर पुलिस टीम पर हमला हुआ। भले, 2022 में हुए पुलिस टीम पर हमलों के मामले में 6000 से भी ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। लेकिन हमले घटे नही, बढ़े ही है। 2023 में ये हमले लगातार बढ़ गए है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अब एक दिन में पुलिस और कर्मचारियों पर एक दिन 8-8 बार हमले हुए है।

## पारस ने ईद पर देशवासियों को दी बधाई

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने देशवासियों को ईद के शुभ अवसर पर ईद की ढेरों शुभकामनाएं दी और कहा कि मुस्लिम भाई रमजान के पाक त्योहार एक महीना के बाद एक मजहबी खुशी का त्योहार मनाते हैं। आगे श्री पारस ने कहा कि स्पेशल दिन पर देशवासियों को ईद की ढेरों शुभकामनाएं सभी देशवासी हमेशा स्वस्थ रहें, खुश रहें और सलामत रहें, यही अल्लाह से दुआ है हमारी, ईद की ढेरों बधाई ! अल्लाह सभी के लिए खुशियों, समृद्धि के दरवाजे खोल दे। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि श्री पारस ने अपने संदेश में कहा कि ईद-उल-फितर दुनिया भर के मुसलमानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। ये दिन रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है, जिसमें मुसलमान शाम से सुबह तक उपवास करते हैं। ये उपवास महीने भर चलता है, इसके बाद ईद की पूर्व संध्या पर अमावस्या के पहले अर्धचंद्र को देखने के बाद ये समाप्त होता है। वहीं इस दिन सभी एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं और गले लगाते हैं। ईद पर्व पर सभी मुस्लिम तथा सभी धर्म के मानने वालों की बधाई अल्ला सभी के जीवन में खुशी लाये तथा शांति, सद्भाव, आपसी भाईचारा समाज में बना रहे।

## चिराग ने देशवासियों को दी ईद की बधाई

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने ईद-उल-फितर के मौके पर पूरे देश को बधाई व शुभकामनाएं दी है। श्री चिराग ने कामना की कि यह शुभ अवसर समाज में एकता, भाईचारा और सभी के अंदर प्रेम की भावना का संचार करे और संपूर्ण राष्ट्र को भाईचारे और सद्भाव के बंधन में बांधे। यह पर्व चारों ओर सुख, शांति और समृद्धि लाए। सभी को अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि का आशीर्वाद मिले। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में भामाशाह जयंती समारोह का आयोजन आज

पटना। दानवीर भामाशाह जयंती के अवसर पर शनिवार को प्रातः 10 बजे पुनाइचक स्थित भामाशाह के मूर्ति पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समेत वरिष्ठ नेतागण माल्यार्पण करेंगे तत्पश्चात वहां से जुलूस के शक्ल में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष भाजपा कार्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 11:00 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में भामाशाह जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर संजय जयसवाल बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मंगल पांडे कार्यक्रम के संयोजक संजय गुप्ता समेत वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे।

## विप सभापति ने दी ईद की बधाई

पटना। बिहार विधान परिषद् के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने ईद के मौके पर प्रदेश एवं देशवासियों को ईद-उल-फितर पर मुबारकबाद दिया है। खुदा इस मुबारक दिन पर हम सब पर अपनी रहमतों की बारिश करें और सभी का जीवन सुख, शान्ति, समृद्धि और समाज में अमन-चैन, भाईचारा कायम रहे।

# अतिथि सहायक प्राध्यापकों को हटाने की प्रक्रिया उचित नहीं : माले

**हटाए गए अतिथि सहायक प्राध्यापकों को पुनर्बहाल करे, समायोजन किया जाए.**

पटना। भाकपा-माले विधायक दल के नेता महबूब आलम ने कहा है कि विश्वविद्यालयों में कार्यरत अतिथि सहायक प्राध्यापकों को अचानक हटाने के फैसले पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए। अचानक हटाने की प्रक्रिया उचित नहीं है और इसपर रोक लगनी चाहिए। विदित हो कि विश्वविद्यालयों में अभी स्थायी सहायक प्राध्यापक की बहाली हो रही है। जिन विषयों में बहाली हो चुकी है उसमें कार्यरत अतिथि सहायक प्राध्यापकों को हटा दिया गया है, जबकि ये अतिथि शिक्षक प्राध्यापक लंबे समय से विश्वविद्यालयों में कार्यरत रहे हैं और कोरोना काल से लेकर अबतक शिक्षा को संभालने में उनकी प्रमुख भूमिका रही है। आगे उन्होंने कहा कि अबतक प्राप्त सूचना के मुताबिक हिंदी, प्राकृत व भूगर्भशास्त्र के लगभग 60 अतिथि सहायक प्राध्यापकों को हटा दिया गया है और वे एकबारगी सड़क पर आ गए हैं. इसमें पटना विवि के हिंदी से 5, मिथिला विवि से हिंदी विषय के ही 15, बाबा साहेब अंबेडकर, मुजफ्फरपुर के हिंदी विषय के 32, वीकएसयू के प्राकृत के 1 और पटना विवि के भूगर्भशास्त्र के 5 अतिथि सहायक प्राध्यापक शामिल हैं। हमारी मांग है कि अतिथि सहायक प्राध्यापकों के इस तरह से अचानके हटाये जाने की प्रक्रिया पर रोक लगे तथा हटाए गए शिक्षकों को पुनर्बहाल करे। हमारी मांग यह भी है कि सरकार अतिथि शिक्षकों को हटाने की बजाए उनके समायोजन की नीति पर विचार करे। अभी भी विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में सीटें खाली हैं, इसलिए उनका समायोजन किया जा सकता है।

## राज्य के विकास को लेकर केन्द्र सरकार उदासीन : प्रशांत किशोर

पटना। जन सुराज पदयात्रा के दौरान चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। वैशाली के भगवानपुर में एक आमसभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी सूरत में इतनी फैक्ट्री लगवा सकते हैं तो क्या वैशाली और चंपारण में दो चार फैक्ट्री नहीं लगवा सकते हैं? देश में कोई ऐसा बिजनेसमैन है, जिसको नरेंद्र मोदी बिहार में फैक्ट्री लगाने के लिए बोले तो वो मना कर सकता है ?. साथ ही पीके ने कहा कि उनके प्रधानमंत्री बनने से बिहार का कितना विकास हुआ है। प्रशांत किशोर ने कहा कि देश में कोई ऐसा बिजनेसमैन है, जिसको नरेंद्र मोदी बिहार में फैक्ट्री लगाने के लिए बोले तो वो मना कर सकता है ? लेकिन नरेंद्र मोदी बिहार में फैक्ट्री इसलिए नहीं लगवा रहे हैं क्योंकि अगर वो फैक्ट्री बिहार में लगवा देंगे तो पूरे देश में 15 हजार में मजदूरी करने वाले 2 करोड़ मजदूर कहां से मिलेंगे ? पीके ने कहा कि बीते 9 सालों में पीएम मोदी ने बिहार के विकास के लिए 1 बैठक तक नहीं की है। यदि कोई मुझे उनकी बैठक का प्रमाण दिखा दे तो मैं भी उनका झंडा उठाकर चलूंगा। एक बैठक तक बिहार के लोगों को नसीब नहीं हुई। प्रशांत किशोर ने कहा कि आज बिहार में लोग बाइक, कार, टीवी नहीं बना रहे हैं।

# बिहार के राज्यपाल करेंगे साहित्य सम्मेलन के 42वें महाधिवेशन का उद्घाटन

- समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे केरल के राज्यपाल
- स्वागताध्यक्ष की भूमिका में होंगे रवीन्द्र किशोर सिन्हा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के संस्थापकों में से एक देश-रत्न डा राजेंद्र प्रसाद के पुण्य स्मृति दिवस की षष्टि पूर्ति को समर्पित, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन का 42 वां महाधिवेशन आगामी 6-7 मई को सम्मेलन सभागार में संपन्न होगा, जिसका उद्घाटन 6 मई को पूर्वाह्न 11 बजे बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर करेंगे। समापन-सहसम्मान समारोह के मुख्य अतिथि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान होंगे। सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने महाधिवेशन की स्वागत समिति गठित कर दी है, जिसके अध्यक्ष पूर्व सांसद और वरिष्ठ पत्रकार डा रवींद्र किशोर सिन्हा बनाए गए हैं। साहित्य सम्मेलन प्रयाग के अध्यक्ष प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित, केंद्रीय हिन्दी संस्थान के उपाध्यक्ष डा अनिल शर्मा जोशी, ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी समेत अनेक विद्वानों और विदुषियों का लगेगा साहित्य-कुंभ। शुक्रवार को सम्मेलन सभागार में, डा अनिल सलाभ की अध्यक्षता में, सम्मेलन की कार्यसमिति और स्वागत समिति की संपन्न हुई संयुक्त बैठक में दो दिवसीय इस महाधिवेशन की पूरी रूप-रेखा सुनिश्चित कर दी गई। लिए गए निर्णय के अनुसार, उद्घाटन-सत्र के अतिरिक्त महाधिवेशन के प्रथम दिन दो वैचारिक-सत्र, स्थाई समिति की बैठक और संध्या में सांस्कृतिक-उत्सव का आयोजन होगा। 7 मई को दो वैचारिक-सत्रों के पश्चात राष्ट्रीय कवि-सम्मेलन का आयोजन होगा तथा अपराह्न में 4.30 बजे से समापन सह सम्मान समारोह आयोजित होगा, जिसमें चयनित विदुषियों और विद्वानों को बिहार के महान साहित्यकारों के नाम से नामित अलंकरणों से विभूषित किया जाएगा। प्रथम वैचारिक-सत्र का विषय- देशरत्न डा राजेंद्र प्रसादः उनकी हिन्दी सेवा और ग्रामीण-चेतना , द्वितीय सत्र का विषय- हिन्दी साहित्य में कृषक विमर्श, तृतीय सत्र का विषय - एक राष्ट्र, एक राष्ट्रभाषा और एक राष्ट्र-लिपि तथा चतुर्थ सत्र का विषय- भारत की वैश्विक-चेतना और वसुधैव कुतुम्बकम निर्धारित किया गया है। सभी सत्रों में अलग-अलग विद्वानों और विदुषियों के व्याख्यानों से महाधिवेशन के प्रतिनिधि लाभान्वित होंगे। देश के विभिन्न प्रदेशों से आए आमंत्रित विद्वानों और विदुषियों के अतिरिक्त बिहार के तीन सौ प्रतिनिधि महाधिवेशन का हिस्सा होंगे, जिन्हें प्रतिभागिता-प्रमाणपत्र और स्मृति-उपहार दिए जाएंगे। बैठक में, स्वागत समिति के अध्यक्ष डा रवीन्द्र किशोर सिन्हा, सम्मेलन के डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा, डा कल्याणी कुसुम सिंह, सम्मेलन के प्रधानमंत्री डा शिववंश पाण्डेय, डा ध्रुव कुमार, डा शालिनी पाण्डेय, डा पुष्पा जमुआर, डा सागरिका राय, डा सुधा सिन्हा, डा पूनम आनंद,कृष्णरंजन सिंह, आराधना प्रसाद, कुमार अनुपम, डा सुमेधा पाठक, डा सीमा रानी, डा नदेश्वर प्रसाद यादव, शुभचंद्र सिन्हा, अम्बरीश कांत, ई आनन्द किशोर मिश्र, मधु रानी लाल, श्याम बिहारी परभक, लता प्रासर, डा पल्लवी विश्वास, अमरेन्द्र कुमार, डा पंकज वासिनी, रेखा भारती, सदानन्द प्रसाद, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, कृष्णा मणिश्री, डा नीलू अग्रवाल, डा सुषमा कुमारी, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, डा पंकज कुमार बसंत,आनन्द मोहन झा, प्रेम लता राजपुत, बिंदेश्वर प्रसाद गुप्त, इंदु उपाध्याय, अरुण कुमार श्रीवास्तव, अप्सरा रणधीर, सुनील कुमार उपाध्याय, संजू शरण, पूनम देवा, पूनम सिन्हा श्रेयसी, शशि भूषण कुमार, नीरव समदर्शी, राजेश भट्ट, पंकज प्रियम, बाँके बिहारी साव, चितरंजन लाल भारती, प्रवीर कुमार पंकज समेत, महधिवेशन की तैयारी समिति (कार्यसमिति और स्वागत समिति) के अधिकारी और सदस्यगण उपस्थित थे।

# हम की गरीब संपर्क यात्रा मुंगेर प्रमंडल में 23 से 29 अप्रैल तक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से के संस्थापक संरक्षक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार में अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन की गरिमामय उपस्थिति में मुंगेर प्रमंडल में 23 अप्रैल गरीब संपर्क यात्रा सह गरीब जगाओ सम्मेलन 29 अप्रैल तक पार्टी का यह कार्यक्रम चलेगा। पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पांडेय, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल मांझी, विधायक डॉ० अनिल कुमार, विधायिका ज्योति मांझी, बिहार संगठन प्रभारी राजन सिद्दीकी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के गरिमामई उपस्थिति में मुंगेर प्रमंडल में 23 अप्रैल से शुरू होने वाली कार्यक्रम शेखपुरा, जमुई, लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर, बेगूसराय और मुंगेर प्रमंडल का समापन खगड़िया में होना है। कार्यक्रम को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पांडेय एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल मांझी ने कार्यक्रम को लेकर जिलेवार प्रवेक्षकों एवं कार्यक्रम प्रभारियों की सूची जारी की है और प्रवेक्षकों एवं कार्यक्रम प्रभारियों द्वारा कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में प्रचार प्रसार का कार्यक्रम चलाई जा रही है जिसको लेकर लोगों के बीच काफी उत्साह देखने को मिल रहा है अपने अपने क्षेत्र में कार्यक्रम को लेकर पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने जिलों में गरीब संपर्क यात्रा कार्यक्रम को लेकर पूरी जोर-शोर से तैयारी चल रही है। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार ने दी।

# महाप्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल को ड्रोन कैमरा एवं मोटरसाइकिल किया प्रदान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एस सी पाढ़ी द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय के प्रागंण में अपराध नियंत्रण, भीड़ नियंत्रण, उपद्रव जैसी घटनाओं के समय असामाजिक तत्वों एवं अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने हेतु अत्याधुनिक तकनीक वाले ड्रोन कैमरे रेलवे सुरक्षा बल को सुपुर्द किया गया । इसके साथ ही रेलवे सुरक्षा बल के विभिन्न मंडलों/इकाइयों को मोटरसाइकिल भी प्रदान किये गये । इससे रेलवे सुरक्षा बल के जवानों को काफी मदद मिलेगी । पूर्व मध्य रेल में घटित होने वाले घटना स्थलों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए रेलवे सुरक्षा बल के जवान पहुंच सकेंगे तथा अपराधियों की धरपकड़ एवं मामले का उद्भेदन जल्द से जल्द किया जा सकेगा । इन ड्रोन कैमरों एवं मोटरसाइकिलों की मदद से रेलवे सुरक्षा बल को रेल संपत्ति की सुरक्षा एवं रेल परिचालन में अवरोध उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने में काफी सहुलियत होगी ।

## दानापुर से आनंद विहार, मुंबई एवं वलसाड के लिए एक-एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन का किया जायेगा परिचालन

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है । इनमें से अब तक 14 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सूचना पूर्व में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी जा चुकी है । इसी क्रम में दानापुर से आनंद विहार, वलसाड एवं छत्रपति शिवाजी महाराज, मुंबई के लिए एक-एक जोड़ी समर स्पेशल चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -गाड़ी सं. 03257/03258 दानापुर-आनंद विहार-दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल - यह स्पेशल दानापुर से 23 अप्रैल से 25 जून तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को तथा आनंद विहार से 24 अप्रैल से 26 जून तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 03257 दानापुर-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल दानापुर से रविवार को 07.30 बजे खुलकर 08.10 बजे आरा, 09.05 बजे बक्सर, 10.30 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 13.45 बजे प्रयागराज एवं 16.30 बजे कानपुर रूकते हुए देर रात्रि को 00.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 03258 आनंद विहार-दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल आनंद विहार से सोमवार को 05.00 बजे खुलकर 12.20 बजे कानपुर, 13.35 बजे प्रयागराज, 17.10 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 18.30 बजे बक्सर, 19.30 बजे आरा रूकते हुए उसी दिन 20.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 11 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे । गाड़ी सं. 09025/09026 वलसाड-दानापुर-वलसाड स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) यह स्पेशल वलसाड से 24 अप्रैल से 03 जुलाई तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को तथा दानापुर से 25 अप्रैल से 04 जुलाई तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 09025 वलसाड-दानापुर स्पेशल वलसाड से सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को 08.40 बजे खुलकर मंगलवार को 07.50 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., 08.55 बजे बक्सर, 10.35 बजे आरा रूकते हुए 12.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 09026 दानापुर-वलसाड स्पेशल दानापुर से सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 14.30 बजे खुलकर 15.05 बजे आरा, 16.15 बजे बक्सर, 17.55 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए बुधवार को 21.30 बजे वलसाड पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह स्पेशल आरा, बक्सर, डीडीयू, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसवाल, जलगांव, पालधी, नंदूरबार एवं भेस्तान स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 15 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे । गाड़ी सं. 01117/01118 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल, मुंबई-दानापुर -छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल, मुंबई स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी- जबलपुर-भुसावल के रास्ते*) - यह स्पेशल छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल,मुंबई से दिनांक 23.04.23 से 18.06.23 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार एवं गुरूवार को तथा दानापुर से दिनांक 24 अप्रैल से 19 जून तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 01117 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल, मुंबई-दानापुर स्पेशल मुंबई से 11.25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11.35 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., 12.55 बजे बक्सर एवं 13.45 बजे आरा रूकते हुए 15.00 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 01118 दानापुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल, मुंबई स्पेशल दानापुर से 17.00 बजे प्रस्थान कर 17.35 बजे आरा, 18.35 बजे बक्सर एवं 20.40 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए तीसरे दिन 03.50 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल, मुंबई पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह स्पेशल बक्सर, डीडीयू, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसवाल, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं दादर स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी का 01-01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 13 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे । उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने दी है।

# शराब तस्करों को बचाने के लिए बेचैन है भाजपा : मंजीत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश प्रवक्ता मंजीत सिंह ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। भाजपा के सवालों का जवाब देते हुये जदयू प्रवक्ता ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एवं उसके काबिल नेता भाजपा शासित राज्यों के शराब तस्करों को बचाने के लिए बेचैन दिख रही है। भाजपा को यह जानना जरूरी है कि बिहार मद्यनिषेध अधिनियम के तहत वर्ष 2016 से मार्च 2023 तक दूसरे राज्यों से कुल 10.430 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई, जिसमें भाजपा शासित सहित अन्य राज्यों यथा - उत्तर प्रदेश से 3.805, झारखण्ड से 2.966, हरियाणा से 993, दिल्ली से 211, मध्यप्रदेश से 93, महाराष्ट्र से 42, छतीसगढ़ से 36 एवं उतराखण्ड से 30 शराब तस्करों की गिरफ्तारी हुई। भाजपा द्वारा बिहार में हुये शराबबंदी पर उठाये गये सवालों पर जदयू के प्रवक्ता बिन्दुवार जवाब दिया है। भाजपा के आरोपों का जवाबद देते हुए प्रदेश प्रवक्ता कहा कि बिहार मद्यनिषेध अधिनियम के अंतर्गत शराबबंदी के बाद 6.06 लाख अभियोग दर्ज किया गया है। जिसमें से 1.48.553 वादों का त्वरित निष्पादन भी किया जा चुका है। साथ ही 8.35 लाख अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई जिसमें से 2.29.367 अभियुक्तों को सजा दिलायी जा चुकी है और अभी उक्त अधिनियम के अंतर्गत जेल में बंद अभियुक्तों की वास्तविक संख्या लगभग 13.000 है। अगर 23 हजार है तो भाजपा इसकी सूची जारी करे। ज्ञातव्य हो कि सजा काट रहे अभियुक्तों में सभी वर्गों के अभियुक्त है, इस तथ्य को भाजपा नेताओं को ठीक से समझने की जरूरत है। आज तक बिहार सरकार द्वारा स्पेशल कोर्ट का गठन नहीं किये जाने संबंधी भाजपा के आरोप पर श्री मंजीत सिंह ने कहा है कि जनवरी 2022 से ही 74 विषेष उत्पाद न्यायालय गठित एवं कार्यरत हैं।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 22 अप्रैल, 2023



## संक्षिप्त खबरें

### शराब को किया गया विनष्ट

सरायरंजन, समस्तीपुर। डीएम के आदेश पर शुक्रवार को मुसरीघरारी थाना कांड संख्या 10/23 एवं 18/23, 145/22 में जब्त 9 लीटर देसी शराब एवं 2060 लीटर विदेशी शराब को अंचलाधिकारी पंकज कुमार झा एवं थानाध्यक्ष पंकज कुमार की उपस्थिति में विनष्ट किया गया।

### ईद में शांति व्यवस्था को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत ईद पर्व में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च में रोसड़ा एसडीओ मोहम्मद मुस्तकीम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार, विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र मोहन पासवान, अंचलाधिकारी अशोक कुमार यादव, थाना प्रभारी संदीप कुमार पाल के साथ काफी संख्या में पुलिस बल शामिल होकर प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहे पर घूम कर लोगों से ईद में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

### कूड़ा-कचरा के रखने पर रोक की मांग

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के सरैया चौक से जमुआरी नदी के किनारे से उदापट्टी तक जाने वाली सड़क में गैस गोदाम के निकट सरायरंजन बाजार का कूड़ा कचरा रखा जाता है। साथ ही समय-समय पर कचरे में आग भी लगाई जाती है। इससे उक्त सड़क से गुजरने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं वहां रह रहे सरायरंजन निवासी दिनेश चंद्र राय का स्वास्थ्य भी काफी बिगड़ गया है। उन्होंने बीडीओ को आवेदन देकर उक्त जगह पर कूड़ा रखने पर रोक लगाने की मांग की है।

### ईद मनाने घर आ रहा कॉन्स्टेबल की सड़क हादसे में मौत

वैशाली-हाजीपुर मार्ग पर सड़क हादसे में एक कांस्टेबल की मौत हो गई। मृतक कांस्टेबल की पहचान समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना हल्का के शंभू पट्टी पंचायत के राज खंड गांव निवासी मो० सईद का 32 वर्षीय पुत्र अब्दुल समद के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कांस्टेबल अब्दुल समद हाजीपुर थाना में पोस्टेड था। जो ईद त्योहार मनाने के लिए छुट्टी लेकर बाईक से समस्तीपुर अपने घर जाने के लिए निकला था। कांस्टेबल अधिक धूप होने के कारण अहले सुबह बाईक से घर जा रहा था। तभी शुक्रवार की अहले सुबह महुआ थाना हल्का के सिंहपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया। हालाकि घटना की जानकारी मिलने के बाद महुआ थाने की पुलिस ने घायल कांस्टेबल को महुआ अनुमंडल अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया। वहां के डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए हाजीपुर रेफर कर दिया। हाजीपुर ले जाने के क्रम में कांस्टेबल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाने की पुलिस अधिकारी सदर अस्पताल पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई थी। इधर कांस्टेबल अब्दुल समद की मौत होने पर राजखंड गांव में मातम पसर गया। परिजनो का रो-रोकर हाल बुरा बना हुआ था। लोगों ने बताया की घर में ईद त्योहार को लेकर खुशी का माहौल था जो गम में तब्दील हो गया।

### विवाद में बदमाशों ने दर्जनों राउंड फायरिंग कर फैलायी दहशत

विभूतिपुर थाना अंतर्गत नरहन बेला गाछी स्थित तारी की दुकान पर दो पक्षों के बीच हुए झगड़े को लेकर शुक्रवार की दोपहर बाइक सवार 10 बदमाशों के द्वारा खुलेआम पिस्तौल लहराते हुए वहां पर गोलीबारी कर दहशत फैलाया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी। वहीं एसडीपीओ शिवम कुमार के नेतृत्व में बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन जारी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि तारी की दुकान पर दो पक्षों में झड़प हुई थी। जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के साथ मारपीट किया था। जिसके रंजिश में दुसरे पक्ष के लोग करीब 10 बाईक पर सवार होकर 20-25 की संख्या में पिस्तौल लहराते हुए तारी की दुकान पर आ गया। लोगों में दहशत फैलाने के उद्देश से हवा में फायरिंग करने लगा। खोकसाहा से नरहन की ओर जा रही पिकअप को रोककर पिस्टल से वार कर शीशे क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बोरिया पंचायत के जोगिया में भी गोली फायर कर दहशत फैलाने का प्रयास किया। गांव के लोग जबतक समझ पाते तबतक वहा से नरहन बाजार की ओर हंगामा करते पिटौल चमकाते भागते हुए काफी लोगो ने देखा। जिसकी चर्चा पूरे नरहन बाजार में हो रहीं हैं। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। थाना अध्यक्ष संदीप कुमार पाल अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी हुई हैं। इसकी सूचना लोगो ने एसडीपीओ को दिया। एसडीपीओ शिवम कुमार के द्वारा त्वरित कारवाई हेतु अपने दल बल के साथ नरहन पहुंचकर जगह जगह लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही हैं। विभूतिपुर थानाध्यक्ष संदीप कुमार पाल ने बताया कि जानकारी मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार के नेतृत्व में जगह जगह छापामारी एवं सीसीटीवी फुटेज की जाँच कर पिस्तौल लहरा रहे बदमाश तक पहुँचने का प्रयास जारी है। जल्द ही बदमाश की पहचान कर कारवाई किया जाएगा।

# रघुवीर स्वर्णकार हत्या मामला सहित लूटपाट के कई मामलों का हुआ उद्भेदन

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस ने पिछले वर्ष खानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए रघुवीर स्वर्णकार हत्या मामला सहित जिले के अन्य थाना क्षेत्र अंतर्गत पिकअप लूट, स्वर्ण व्यवसायी के साथ लूटपाट और जर्दा व्यवसायी से हुए लूट मामले का शुक्रवार को उद्भेदन कर दिया। खानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इलमासनगर में शुक्रवार की शाम आयोजित प्रेस वार्ता में समस्तीपुर एसपी विनय तिवारी के द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए हत्या और लूट के 4 मामलों का उद्भेदन किया गया। पुलिस ने उन घटनाओं को अंजाम देने वाले सरगना कुख्यात अपराधी मो० दुलारे को उसके तीन साथियों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक पिस्तौल, दो देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और लूट का सामान व घटना में प्रयुक्त उपकरण बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान पुलिस रिकॉर्ड में वांछित कुख्यात अपराधी मथुरापुर ओपी क्षेत्र के शेखोपुर निवासी मो० कयुम के पुत्र मो० दुलारे, मथुरापुर ओपी क्षेत्र के दौलतपुर निवासी आनंदीलाल महतो के पुत्र रंजीत कुमार और प्रेमशंकर महतो के पुत्र राहुल कुमार एवं कल्याणपुर थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर वार्ड छह निवासी महेश प्रसाद के पुत्र सुधांशु कुमार उर्फ विक्की उर्फ राकेश के रूप में हुई है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एसपी विनय तिवारी ने बताया कि उपरोक्त घटनाओं के उद्भेदन को लेकर लगातार उनके द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही थी। इसी दौरान भोला टॉकीज डकैती कांड के अभियुक्त कुख्यात अपराधी मो० दुलारे को नगर थाना क्षेत्र के रामबाबू चौक से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के द्वारा की गई विस्तृत पूछताछ में मो० दुलारे ने भोला टॉकीज डकैती कांड के अलावा पिछले वर्ष खानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए स्वर्ण व्यवसायी रघुवीर स्वर्णकार की लूट के दौरान हत्या, अंगारघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पिकअप चालक से रुपए लूट की घटना, वारिसनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्वर्ण व्यवसायी से लूट की घटना और नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जर्दा व्यवसायी को गोली मारकर लूट की घटना में अपनी व अपने सहयोगियों की संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में दुलारे ने बताया कि इसके अलावा वे लोग जिला अंतर्गत कई घरों में चोरी की घटनाओं को भी अंजाम दे चुके हैं। दुलारे के निशानदेही पर ही वारिसनगर और अंगारघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए लूट की घटना में शामिल रंजीत कुमार और राहुल कुमार को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रघुवीर स्वर्णकार हत्या मामले में लाइनर द्वारा प्रयुक्त टोटो को मो० एहलसाम उर्फ अउआ के घर से बरामद किया है। इसके अलावा भोला टॉकीज डकैती कांड में ताला काटने का उपकरण मो० एकरामूल घर से बरामद किया गया है।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के बेलसंडी तारा पंचायत में अपने ही घर में खिड़की में बंधा फंदे से एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते लोगों की भीड़ उमड पड़ी। इसकी सूचना विभूतिपुर थाना को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक की शव को फंदे से उतारा। मृतक की पहचान बेलसंडी तारा वार्ड 10 निवासी शंभू महतो के 24 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार उर्फ मोनू के रूप में किया गया है। घटना के संबंध में मृतक के पिता ने बताया कि हम पति पत्नी हसनपुर में रहकर काम करते है। मूल रूप से 2012 से हम बेलसंडी में रह रहे है। मेरे पुत्र बेलसंडी घर पर ही रहकर एक वर्ष से अपना मकान बनवा रहे थे। गुरुवार की संध्या मै अपने पुत्र को कई बार फोन किया। लेकिन फोन नही लगने पर शुक्रवार की सुबह घर पहुंचा। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। छत पर चढ़कर सीढी के सहारे नीचे गया तो देखा मेरे पुत्र खिड़की में बंधे फंदे से लटका था। उन्होंने आशंका जाहिर करते हुए बताया कि किसी ने मेरे पुत्र को नशीले पदार्थ खिलाकर फंदे से लटका दिया। वहीं पुत्र की मौत से माता किरण देवी रो रोकर बेसुध हो रही थी। परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। वहीं घटना से आक्रोशित लोगों ने सिंघियाघाट समस्तीपुर एसएच 55 पर शव के साथ यातायात बाधित कर हत्यारा की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। स्थानीय प्रशासन व बुद्धिजीवियो के पहल पर एक घंटे बाद जाम समाप्त किया। वहीं पुलिस प्रारंभिक प्रकिया के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दिया है।

## इंडियन आइडल कोलकाता की सहभागी गायिका सुप्रिया पहुंची सरायरंजन, किया गया सम्मानित

सरायरंजन, प्रात: किरण संवाददाता

इंडियन आइडल कोलकाता की सहभागिता गायिका सुप्रिया कुमारी के केएसआर कॉलेज सरायरंजन पहुंचने पर प्राचार्य डॉ विपिन कुमार झा के साथ अन्य प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं के द्वारा सम्मानित किया गया। इंडियन आइडल कोलकाता की सहभागी बनकर संपूर्ण जिले को गौरवान्वित करने वाली समस्तीपुर जिले की गायिका सुप्रिया को चादर और माला से सम्मानित किया गया। हिंदी विभाग के प्राध्यापक प्रोफेसर अवधेश कुमार झा के संचालन में सुप्रिया के सम्मान के लिए आयोजित संगीत समारोह में सुप्रिया ने बतलाया कि वह सामान्य पाठ्यक्रम से स्नातक तृतीय वर्ग की छात्रा है, जबकि इलाहाबाद संगीत विद्यालय से, संगीत प्रभाकर की डिग्री भी हासिल कर रही है। इंडियन आईडल कोलकाता को अपने लिए गौरवपूर्ण अध्याय बतलाते हुए सुप्रिया ने भविष्य के जीवन में फिल्मों में प्लेबैक सिंगर बनना और फिल्म संगीत देना अपने जीवन का उद्देश्य बताया। समारोह के शुभारंभ में सुप्रिया ने सरस्वती वंदना गाकर उपस्थित सभी श्रोताओं का दिल जीत लिया। सत्यम शिवम सुंदरम, मेरा साया साथ होगा आदि गीतों को सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध होते रहे। पिया तोसे नैना लागी रे गीत पर देर तक तालियां बजती रही। डॉ सुनील कुमार मिश्र एवं डॉ संतोष कुमार ने सुप्रिया को यूट्यूब पर अपना चैनल बनाकर अपने गीतों को डालने की प्रेरणा दी, ताकि उसे अधिक से अधिक पब्लिसिटी और लाभ प्राप्त हो सके। प्राचार्य डॉ विपिन कुमार झा, प्रोफेसर अनिल कुमार झा, प्रोफेसर मुन्नी कुमारी, प्रोफेसर रंजन कुमार राय, प्रोफेसर रमेश कुमार, प्रो० हरिनंदन गुप्ता आदि लोगों ने पांच पांच सौ रुपए का नगद पुरस्कार देकर गायिका को पुरस्कृत किया। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## पुरानी पेंशन योजना बहाल करने को लेकर ईसीआरकेयू ने चलाया जागरूकता अभियान

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

एनपीएस समाप्त कर सभी को ओल्ड पेंशन का लाभ दिलाने के लिए ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार को अन्य सभी केन्द्रीय विभागों, राज्य सरकार के कर्मचारियों तथा अन्य श्रमिक संगठनों के यूनियनों द्वारा ओपीएस संयुक्त संघर्ष मोर्चा जेएफआरओपीएस द्वारा ओपीएस बहाल करने के मांग को लेकर प्रत्येक माह के 21 तारीख को राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन, धरना प्रदर्शन, जुलूस एवं रैलियों का आयोजन किये जाने की रणनीति और रूपरेखा तैयार की गई है। उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के सहायक महामंत्री सह मण्डलमंत्री सह केके मिश्रा ने कहा कि पुराने पेंशन बहाली का आंदोलन अब राष्ट्रीय रूप ले चुका है। इस महत्वपूर्ण मांग के लिए एआईआरएफ के नेतृत्व में गठित संयुक्त मोर्चा के आंदोलन के दबाव में केन्द्र सरकार और वित्त मंत्रालय ने विशेष कमिटी का गठन तो किया है लेकिन एआईआरएफ पुराने पेंशन बहाली के अतिरिक्त कुछ और फामूर्ले पर बिल्कुल सहमत नहीं है। पुराने पेंशन बहाली के लिए हर रेलकर्मी हर संघर्ष के लिए तैयार है। इसके लिए ईसीआरकेयू सभी स्थानों पर रेलकर्मियों के बीच जागरुकता अभियान चला रहा है। मुख्यालय शाखा अध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में इंजीनियरिंग विभाग, इलेक्ट्रिक विभाग कारखाना स्टोर शाखा सचिव अमरजीत कुमार के नेतृत्व में स्टोर एवं कारखाना में, लोको शाखा सचिव राज कुमार के नेतृत्व में लोको शाखा में एवं आउटडोर शाखा सचिव उमेश प्रकाश के नेतृत्व में कैरेज एवं वैगन समस्तीपुर पहुंचकर उपस्थित रेलकर्मियों को पुराने पेंशन की बहाली के संघर्ष में योगदान और समर्थन देने के प्रति जागरूक किया। उपस्थित रेलकर्मियों ने नये पेंशन को समाप्त करने, पुराने पेंशन को बहाल करने, रेलों के निजीकरण को समाप्त करने आदि इंकलाबी नारे लगा कर अपनी बात रखी। इस अभियान में मुख्यालय शाखा अध्यक्ष मनोज कुमार शाखा सचिव आरएन झा, मनीष कुमार, विनोद कुमार राय, अर्जुन कुमार, अजय कुमार, चंद्रभूषण राय, इंद्रजीत कुमार ईस्वर, अनिता कुमारी, मुन्नी कुमारी, अवंती कुमारी, लोको शाखा सचिव राज कुमार, सुशील कुमार, सतीश कुमार चौधारी, राज किशोर, आऊटडोर शाखा सचिव उमेश प्रकाश, अनिल कुमार, मंजूर आलम, कारखाना स्टोर शाखा सचिव अमरजीत कुमार, सरीन कुमार, नितेश कुमार पाठक, सहित काफी संख्या में रेलकर्मी उपस्थित थे।

## गेट क्वालीफाइड आशीष राज को मिला 5.68 लाख का प्लेसमेंट

सरायरंजन, प्रात: किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के नरघोघी स्थित गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज समस्तीपुर के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र आशीष राज ने गेट परीक्षा में दो पेपर से क्वालिफाइड किया हैं। जिसमें एक पेपर सिविल इंजीनियरिंग का था। जबकि दूसरा पेपर इंजीनियरिंग साइंस का था। आशीष राज ने इन दोनों पेपर में बहुत ही अच्छे स्थान के साथ क्वालीफाई किया। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ० राजकिशोर तुगनायत ने आशीष राज का सराहना करते हुए बताया कि आशीष संस्थान का बहुत ही मेहनती और कुशल छात्र है। जिन्होंने अपने पहले प्रयास में अपनी कड़ी लगन और मेहनत के बदौलत गेट जैसे परीक्षा में क्वालीफाई कर गया। संस्थान के प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि इसके साथ इनका एचसीएल टेक्नोलोजी में टैक्निकल एसोसिएट के पद पर पांच लाख 68 हजार रुपए का प्लेसमेंट भी हुआ है। जिसका श्रेय हमारे टीपीओ इनचार्ज प्रो० तनमय शर्मा को जाता है। इस मौके पर आशीष राज के घर कोरवाधा, समस्तीपुर में खुशियां मनाई गई और परिवार वालो ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी। वहीं उज्जवल भविष्य की कामना किया। बातचीत के दौरान आशीष राज ने बताया कि मैं अपने सफलता का श्रेय मैं अपने पिताजी रामप्रवेश सहनी को देता हूं। जिन्होंने हमारे हर एक मोड़ पर मेरा साथ दिये। साथ ही हमारे बाकी परिवार वालों ने भी साथ दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान के सभी शिक्षक गेट क्वालीफाई करने में काफी सहयोग किए हैं और इसके लिए मैं अपने सभी शिक्षकों का अभिनंदन करता हूं।

## फंदे से लटकी मिली विवाहिता की लाश, ससुराल वाले फरार

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर में दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता की पहचान गांव के सुनील पासवान की पत्नी विद्या देवी (23 वर्ष) के रूप में की गई है। विद्या के मां और भाई का आरोप है कि उसकी बेटी की हत्या गला घोंटकर हत्या की गई। जिसके बाद शव को फंदे से लटका दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची मुफस्सिल पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामला जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोरबद्धा गांव का है। पीड़िता की मां का आरोप है कि वर्ष 2017 में उन्होंने अपनी पुत्री की शादी दान दहेज के साथ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सहदेव पासवान के पुत्र सुनील पासवान से की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि उनका दामाद अक्सर उनकी बेटी को सोने की अंगूठी और बाइक के लिए प्रताड़ित किया करता था। गुरुवार रात उन्हें जानकारी मिली कि उनकी बेटी को उनका दामाद सुनील पासवान के अलावा उनके परिवार के लोगों ने उनकी हत्या कर दी। सूचना पर जब उनके परिवार के लोग शुक्रवार तड़के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कोरबद्धा गांव पहुंचे तो विद्या देवी के ससुराल वाले घर से फरार थे। उसका शव फंदे से लटक रहा था। बाद में मामले की जानकारी मुफस्सिल पुलिस को दी गई। मुफस्सिल पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उधर मुफस्सिल थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस मामले में दहेज को लेकर हत्या की बात सामने आ रही है। परिवार के लोगों ने अब तक आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक ही वार्ड में आधे लोगों को नहीं मिल रहा नल जल योजना का पानी

अवधेश कुमार, कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के बिरसिंहपुर पंचायत के वार्ड 9 में नल जल योजना से आधे वार्ड के लोग पानी के लिए लालायित हैं। आधे वार्ड में नल जल योजना शुरू होने के समय से लेकर अभी तक वार्ड 9 के आधे लोगों को पानी नादारथ हो गया है। जहां गर्मी में लोग पानी पीने के लिए लोगों को नसीब नहीं होता है। वहीं आधे लोग को शुद्ध पानी कभी-कभी मिलता है। गर्मी के समय में लोग नाला छत गढ़ा में पानी भर के रखते हैं। जहां पक्षी जानवर अपना पानी पीकर चले जाते हैं। तो आधे लोगों को पानी चापाकल से ही भर के पानी पीने को मजबूर हैं। शुद्ध पानी पीने के लिए नल जल कब चालू होगा इसका इंतजार करते हैं। तो दुसरी तरफ वार्ड 9 के लोगों ने बताया कि नल जल योजना का पानी कैसा होता है हम लोग का आज तक नसीब नहीं हुआ है। हम लोग जानते भी हैं। वहीं दूसरी तरफ बिरसिंहपुर पंचायत के वार्ड नंबर 9 में आधे लोगों को पानी सप्लाई ही नहीं होता है। जिससे लोगों में काफी आक्रोश देखा गय। वहीं लोगों ने कहा कि कई बार मुखिया पति से भी शिकायत किया गया है। इसके बावजूद भी किसी प्रकार का कोई असर नहीं दिखा गया। इस चिलचिलाती धूप में लोगों को पानी का सहारा चापाकल ही है। नल जल योजना द्वारा पाईप गिरा दिया गया लेकिन पानी नसीब नहीं होता है। जिसकी चर्चा बिरसिंहपुर पंचायत के वार्ड 9 में जितने मुंह उतनी बातें हो रही है। वहीं सूत्रों की माने तो नल जल योजना में कुछ फंड आया था जिसका मुखिया द्वारा निकासी कर लिया गया और इसके बाद भी लोगों तक पानी नहीं पहुंच रहा। यह बहुत ही सोचनीय विषय है। वैसे खैर विभागीय जांच का विषय है। मामला जो भी यह विभाग की बात। लोगों के बीच यह भी चर्चा जोरों पर है कि सप्ताहिक जांच बिरसिंहपुर पंचायत में जिला एवं प्रखंड स्तर पर के अधिकारी द्वारा किया जाता है। लेकिन इसके बावजूद भी असर किसी भी जनप्रतिनिधि पर नही होता दिख रहा है। यदि होता तो नल जल योजना का पानी आधे वार्ड में 40-50 घर के लोगों को जरूर मिलता। जिसके कारण मुखिया पति का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है। मुखिया पति द्वारा कहा जाता है कि तुम लोग को जहां शिकायत करना है करो हमरा कुछ नहीं होगा। नल जल योजना में पानी का मेंटेनेंस करना था। हमने पुरा कर दिया। पानी मिलता है या नहीं हमें कोई मतलब नहीं है। वहीं वार्ड 9 के वार्ड सदस्य सीता देवी ने बताया कि कई बार मुखिया जी से संपर्क किया गया। लेकिन कुछ भी बोलने से इनकार करते हैं। जिसके कारण जनता की बात हमें सुनना पड़ता है। वहीं ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नल जल 9 नंबर वार्ड के नल जल को 10 नंबर से कनेक्शन दे दिया गया है। जिसके कारण पानी का लेवल नहीं बनने के कारण पानी नहीं मिल पाता है। जिससे लोगों में काफी आक्रोश देखा गया है। वहीं वार्ड 10 के आगम दास ने बताया कि नल जल योजना सहित विभिन्न योजनाओं में मुखिया पति द्वारा काफी लूट खसोट मचायें हुए है। वहीं मुखिया से दुरभाष पर सम्पर्क करना चाह लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया। जिस कारण इनका पक्ष नहीं लग सका। अब देखना है कि खबर प्रकाशन के बाद भी नल जल योजना का पानी आधे लोगों को मिल पाता है या नहीं। वहीं आप पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ उमाकांत सिंह ने बताया कि नल जल योजना मानक पर नहीं उतरता है।

## रोजेदारों ने मस्जिदों में अलविदा जुमें की नमाज अदा कर अमन चैन की मांगी दुआ

शिवाजीनगर, प्रात: किरण संवाददाता

मुस्लिम समुदाय के रमजान का पवित्र महीना के आखिरी जुमा को अलविदा जुमें की नमाज अदा की गई जिसको लेकर शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र के रहटौली, बल्लीपुर परशुराम, सहित सभी मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई। इस दौरान रोजेदारों ने अमन चैन की मांगी दुआ वहीं महिला रोजेदारों ने घर पर आखिरी जुमा अलविदा नमाज अदा की। इस को लेकर इमाम मोहम्मद मुराद कारी ने बताया कि रमजान का पवित्र माह चल रहा है, वहीं रमजान के आखिरी जुमा की नमाज को लेकर मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ अधिक रही। रोजेदारों ने देश-दुनिया में अमन चैन की दुआ मांगी। वहीं आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए इस पवित्र माह के दौरान प्रतिदिन दुआ मांगी जा रही है। बताया गया कि ईद की नमाज इंशाल्लाह 22 अप्रैल को ईद की नमाज अदा किया जाएगा। सुरक्षा को लेकर हथौड़ी थाना अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह दलबल के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है। वहीं सुरक्षा को लेकर विभिन्न मस्जिदों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। ओपी अध्यक्ष कमल राम एवं थाना अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह ने बताया कि वरीय अधिकारी के निर्देश पर सुरक्षा को लेकर विभिन्न मस्जिदों पर पुलिस बल की तैनाती किया गया है। मौके पर थाना अध्यक्ष विशाल कुमार सिंह, ओपी अध्यक्ष कमल राम, प्रशिक्षु एसआई राहुल कुमार, एसआई रमेश कुमार, मुकेश कुमार, विनोद कुमार, कुंदन पासवान, राजेंद्र सिंह, सहित सभी पुलिसकर्मी अपने अपने क्षेत्र में गस्ती करते दिखे।

## हरपुर बरहेता में वार्ड सदस्यों की हुई बैठक

**सरायरंजन, समस्तीपुर।** सरायरंजन प्रखंड क्षेत्र के हरपुर बरहेता पंचायत के पंचायत सरकार भवन के सभाकक्ष में शुक्रवार को मुखिया राजीव कुमार झा की अध्यक्षता में वार्ड सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्व सम्मति से हर वार्ड में बालिका हितैषी समिति का गठन किया गया। गठित समिति में अनीता देवी, निर्मला देवी, धनेश्वरी देवी, ललिया देवी, रेणु देवी, रूबी देवी, उषा देवी, रिंकू देवी, सरिता देवी, टनकी देवी, बबीता, खुशबू कुमारी, शांति देवी, रामकुमार मिश्रा, सुशीला देवी को सदस्य मनोनीत किया गया है। सदस्य मनोनीत गठन के दौरान मुखिया ने कहा की बालिका हितैषी समिति के गठन से हर वार्ड में काम करने में सहुलियत होगी। मौके पर सभी वार्ड सदस्य मौजूद थे।

## जुमे की अलविदा के नवाज में उमड़ी भीड़

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी / जयनगर अल्पसंख्यक समुदाय का पवित्र महिना रमजान के अंतिम शुक्रवार को सीमावर्ती शहर जयनगर के अलावे आसपास के क्षेत्रों के मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गयी। जिसमें भारी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने नमाज अदा किया। शहरी क्षेत्र के भेलवा चौक स्थित नूरी जामा मस्जिद में नमाजे अलविदा से पूर्व अपने संबोधन में मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद जमालुद्दीन जमाली ने पवित्र महिना रमजान में रोजा से फायदा और कौन कौन लोगों पर फर्ज किया गया है। इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा करतें हुए कहा कि इस्लाम धर्म में मुसलमानों पर पांच चीज फर्ज किया गया है। इन्हीं पांचों में से एक रोजा है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने रमजान महिने को तीन भाग में भाग में बांटा हैं। पहला रहमत दूसरा मगफिरत और तीसरा जहन्नुम (नर्क) से छुटकारा पाने का है। रमजान का महिना बेशुमार फजिलत और बरकत का महिना है। इस महिने की एक खास फायदा भी हैं। अल्लाह ने अपनी किताब कुरआन को इस महिने में उतारा है। जिसका पढ़ना, सुनना और देखना भी इबादत है। इसी महिने के पहले दस दिन को रहमत का असरा बोला जाता है। रमजान की पहली रात आती है तो अल्लाह अपने बंदों पर नजरे रहमत फरमाता है। दूसरा असरा मगफिरत यानि गुनाहों (पाप) से छुटकारा पाने का और तीसरा असरा जहन्नुम (नर्क) से आजादी पाने का लोग अपनी गुनाहों का तौबा कर जहन्नुम से छुटकारा पा सकता है। इसी महीने के पांच रातों में से एक रात ऐसी भी होती हैं। जिसे सबे कदर की रात कही जाती है।

सबे कदर बहुत ही बरकत और खैर की रात हैं। कुरआन में उस रात को हजार महिनों से बेहतर वाला रात बताया गया है। खुशकिस्मत वाले लोगों को सबे कदर की रात की इबादत नसीब हो जाता है। उन्होंने ने कहा कि हुजूर ने बताया कि जब रमजान आने पर जो लोग खुश होते हैं। और इस महीने के जाने पर मायूस होते तो ऐसे लोगों के गुनाहों को मांफ कर दिया जाता है। इस महीने में शैतान को कैद कर दिया जाता है। हर व्यक्ति जन्नत स्वर्ग चाहता है लेकिन नबी ने फरमाया की जन्नत चार तरह के लोगों की चाहत रखती है। जिसने रमजान का रोजा रखने वाला, कुरआन पढ़ने वाला, भूखे को खाना खिलाने और नंगे को कपडा पहनाने वाले ऐसे लोगों की जन्नत चाहती है। इस लिए इस महिने में हर व्यक्ति अपने परिवार के सभी सदस्यों का सदका फित्र अदा करे। उन्होंने कहा कि हर वो व्यक्ति जो दौलतमंद हो वे इस महीने में अपने संपत्ति का ढाई प्रतिशत जकात खैरात की राशि गरीब लाचार और बेसहारा लोगों में दान करें। उन्होंने उपस्थित लोगों से शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दिलाए। अलविदा नमाज अदा करने के बाद इमाम मौलाना मोहम्मद जमालुद्दीन जमाली ने विश्व शांति के अलावे भारत में अमन शांति के लिए दुआएं मांगी। आपको बता दें कि प्रत्येक वर्ष रमजान महिने के अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुमा कहा जाता है। अलविदा नमाज के समय दंडाधिकारी के रुप में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ इंद्र कुमार मंडल एवं थाना एसआई बीडी राम, धीरेन्द्र कुमार सिंह पुलिस बल के सहयोग से निगरानी कर रहे थे।

## माह-ए-रमजान प्रेम और आपसी भाईचारे का देता है संदेश : शाहीन

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर प्रखंड के केवस भट्टी चौक स्थित जिया निवास पर गुरुवार की शाम दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। मौके पर मौजूद स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देने का प्रतीक पाक महीना माह-ए-रमजान न सिर्फ रहमतों और बरकतों की बारिश का वकफा है बल्कि समूची मानव जाति को प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का संदेश भी देता है। मौजूदा हालात में रमजान का संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। इस पाक महीने में अल्लाह अपने बंदों पर रहमतों का खजाना लुटाता है और भूखे-प्यासे रहकर खुदा की इबादत करने वालों के गुनाह माफ हो जाते हैं। इस माह में दोजख (नरक) के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं और जन्नत की राह खुल जाती है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया की कहानी भूख, प्यास और इंसानी ख्वाहिशों के गिर्द घूमती है और रोजा इन तीनों चीजों पर नियंत्रण रखने की साधना है। रमजान का महीना तमाम इंसानों के दुख-दर्द और भूख-प्यास को समझने का महीना है ताकि रोजेदारों में भले-बुरे को समझने की सलाहियत पैदा हो। उन्होंने कहा कि रोजे रखने का असल मकसद महज भूख-प्यास पर नियंत्रण रखना नहीं है बल्कि रोजे की रूह दरअसल आत्म संयम, नियंत्रण, अल्लाह के प्रति अकीदत और सही राह पर चलने के संकल्प और उस पर मुस्तैदी से अमल में बसती है। उन्होंने बताया कि रमजान का उद्देश्य साधन सम्पन्न लोगों को भी भूख-प्यास का एहसास कराकर पूरी कौम को अल्लाह के करीब लाकर नेक राह पर डालना है। साथ ही यह महीना इंसान को अपने अंदर झाँकने और खुद का मूल्यांकन कर सुधार करने का मौका भी देता है। मौके पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, उप मेयर रामबालक पासवान, उप प्रमुख राजेश कुमार, मुखिया राजीव कुमार राय, अधिवक्ता मो० शाहिद हुसैन, समाजसेवी मो० जिया खान, रूहुल्लाह खान गुड्डू, पूर्व शिक्षक मो० नौशाद आलम, ट्रेड यूनियन नेता एसके निराला, पूर्व मुखिया रामबली महतो, दिलीप गिरी, धीरज गिरी, मो० फैज खान, मो० हीरो खान सहित सैकड़ों स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने किया महम्मदपुर थाने का निरीक्षण, दिए कई निर्देश

गोपालगंज। एसपी स्वर्ण प्रभात ने गुरूवार की देर रात महम्मदपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थानाध्यक्ष नेहा कुमारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसके बाद थाने के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की गयी। बैठक में बैंक की सुरक्षा, शराब तस्करों पर नजर, गस्ती बढाने का निर्देश दिया गया। एसपी की जांच से पुलिस कर्मियों के बीच हडकंप मचा रहा।

### शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

गोपालगंज। जिले के कुचायकोट प्रखंड के बिंदवलिया दुर्गा मंदिर में शतचंडी महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में करीब 11 सौ कन्याएं व महिलाएं शामिल हुयी। वैदिक मंत्रोचार के साथ बिंदवलिया दुर्गा मंदिर परिसर से कलश यात्रा भठवा, नया टोला कुचायकोट व कुचायकोट बाजार होते हुए पहाडपुर शिव मंदिर के समीप स्थित तालाब पर पंहुची। कलश यात्रा सह शोभा यात्रा में भक्तों के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

### वाहन जांच के दौरान बाइक सवार शराब तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के मीरगंज थाने की पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक बाइक सवार तस्कर को शराब की खेप के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराब तस्कर के पास से करीब 81 लीटर देशी शराब बरामद की गयी है। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश के बाद मीरगंज थाने की पुलिस वाहनों की सघन जांच कर रही है। जांच के दौरान एक बाइक सवार को रोककर तालाशी ली गयी। तालाशी के दौरान बाइक के पीछे बोरी में बांध कर रखे गए शराब को बरामद कर लिया गया। इसके साथ ही पुलिस बाइक सवार तस्कर से पूछताछ करने में जुटी हुयी है।

### पोखरे में डूबने से युवक की मौत

गोपालगंज। जिले के थावे थाने के पैठानपट्टी गांव में पोखरे में नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। मृतक मांझागढ थाने के मधुसरेया गांव के उपेन्द्र यादव का पुत्र आशु यादव बताया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रशिक्षु डीएसपी साक्षी राय व नगर इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार राय पुलिस बल के साथ सदर अस्पताल पंहुचकर पूरे मामले की जांच की और परिजनों से घटना की जानकारी ली। बताया जाता है कि शुक्रवार को आशु यादव अपने चार पांच दोस्तो के साथ नहाने के लिए पैठानपट्टी गांव स्थित पोखरे में गया था। इसी दौरान डूबने से उसकी मौत हो गयी।

### भैंस ने ली महिला की जान

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के झिरवां गांव में एक महिला को भैंस ने उस समय दीवाल में दबा कर मार डाला, जब वह भैंस खोल रही थी। घटना से घर में कोहराम मच गया। गांव निवासी साधु यादव की 60 वर्षीय पत्नी फूलमती देवी को भैंस उस समय दीवाल में दाब दी, जब वह भैंस को खूटे से खोल रही थी। भैंस महिला को लगभग पांच सात मिनट तक दीवाल से दबाये रखा। इससे उसकी हालत खराब हो गई। बाद में उसे परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दियाद्य घटना की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

### सगी बहनों को पीटा

गोपालगंज। जिले के भोरे थाने के महारादेऊर गांव में दो सगी बहनों को मारपीट कर घायल कर दिया गया। मामले में गांव के मोहन बीन की पत्नी चांदकली देवी ने अपने ही गांव के मनोज बीन, जोगी बीन, केशिया देवी, शीतली कुमारी और गौरी कुमारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। कहा है कि उनकी बेटी सरोज कुमारी शौच के लिए घर से बाहर जा रही थी।

### शराब व बाइक के साथ तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के भोरे थाने की पुलिस ने हुस्सेपुर नेता मोड़ के पास से 35 पीस शराब के पाउच और बाइक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार तस्कर सीवान जिले के महराजगंज थाने के रिसौरा गांव का नितेश कुमार है।बताया जाता है कि पुलिस नेता मोड़ के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नितेश बाइक से आते दिखा जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया,तो वह बाइक घुमाकर भागने की कोशिश करने लगा।लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।बाइक की तलाशी लेने पर सीट के नीचे छिपाकर रखा 35 पीस शराब का पाउच बरामद हुआ।

### छात्रा के अपहरण मामले का आरोपित गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के भोरे थाने की पुलिस ने विश्रामपुर गांव से अपहरण कांड के एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार आरोपित गांव का गुड्डू चैहान है।उसपर अपने ही गांव की नाबालिग छात्रा के अपहरण का आरोप है। शुक्रवार को उसे न्यायिक हिरासत में गोपालगंज भेज दिया गया।

# जबरन चंदा मांगने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, एक गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले में पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात के आते ही मुख्य मार्गो पर न केवल अवैध शराब का धंधा बंद हुआ बल्कि सड़क पर हो रही जबरन चंदा वसूली पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसपी के निर्देश पर महम्मदपुर थानाध्यक्ष नेहा कुमारी ने एनएच 27 पर करसघाट के समीप ट्रक चालकों से जबरन चंदा वसूली कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही एक टोटो, नगद रूपया झंडा व पंपलेट को जप्त कर लिया गया है।

गिरफ्तार युवक करसघाट गांव का श्रवण कुमार भगत बताया गया है। बताया जाता है कि महम्मदपुर थाने के करसघाट के समीप एनएच 27 पर श्रवण कुमार भगत कुछ नाबालिक बच्चों के साथ जबरन चंदा वसूली किया जा रहा था। इसकी सूचना एसपी को मिलते ही एसपी ने महम्मदपुर थानाध्यक्ष नेहा कुमारी को त्वरित कारवाई करने का निर्देश दिया। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए जबरन चंदा वसूली कर रहे श्रवण कुमार भगत को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि विभिन्न कार्यक्रमों व पूजा के लिए सड़क पर चंदे की वसूली आम बात हो गयी है। वाहनों को रोककर जबरन चंदा वसूली से न केवल चालक बल्कि वाहन मालिक भी परेशान हो जाते हैं। कहीं-कहीं तो विभिन्न समारोह आयोजित करने के लिए दो पहिया वाहनों से भी चंदे की वसूली की जाती है। इसके खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई करने के बावजूद वसूली बंद होने का नाम नहीं ले रही थी। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि सड़क पर जबरन चंदे की वसूली गैर कानूनी है। इससे दुर्घटना एवं आपसी झगड़ा तथा हिंसा का खतरा है। इसी कारण सड़क पर चंदा वसूली प्रतिबंधित किया गया है। सूचना मिलने पर कानूनी कार्रवाई के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है।

# आज मनेगी ईद, दिन भर हुई खरीदारी

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। शनिवार को जिले में ईद का त्योहार मनाया जाएगा। ईद को लेकर शुक्रवार को पूरे दिन बाजार में लोगों की भीड़ खरीदारी में लगी रही। ईद को लेकर मस्जिदों व ईदगाहों को सजाने संवारने का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया। शनिवार को ईद का पर्व मनाये जाने की घोषणा होने के बाद शुक्रवार को पूरे दिन बाजारों में सामानों की खरीद का कार्य चला। सुबह से ही लोग सेवई की दुकानों से लेकर टोपी व अन्य सामानों की खरीद में लगे रहे।

घरों में भी ईद की तैयारियों में महिलाएं लगी रहीं। जबकि पुरुष आपसी सद्भाव के त्योहार को लेकर लोगों को अपने घर बुलाने का न्योता देने में जुटे रहे। प्रशासनिक तौर पर भी ईद को देखते हुए शुक्रवार को शहरी इलाकों के तमाम चैक चैराहों पर सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गयी। ईद को लेकर शुक्रवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों उत्साह दिखा।

**सतर्क दिखी पुलिसः** शुक्रवार से ही ईद को देखते हुए प्रशासनिक स्तर चैकसी बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को सुबह से ही शहर के प्रमुख चैक-चैराहों पर पुलिस बल तैनात दिखे। सदर एसडीओ डॉ. प्रदीप कुमार व सदर एसडीपीओ प्राजंल ने शहर के कई इलाकों में जवानों के साथ स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आम लोगों से अमन व चैन से ईद का पर्व मनाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान अगर कहीं भी गड़बड़ी की कोशिश की गई तो प्रशासनिक स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गरीब बच्चों के लिए सहारा बनेगी स्वामी विवेकानंद मानव सेवा संस्थान

प्रात : किरण संवाददाता

स्वामी विवेकानंद मानव सेवा संस्थान गरीब व असहाय बच्चों के लिए सहारा बन रही है। संस्थान के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को संस्था की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकारी विद्यालयों में वर्ग 6,7, 8 में शिक्षा ग्रहण कर रहे गरीब बच्चों के बीच जीके की परीक्षा करायी जायेगी। जिसमें प्रत्येक मिडिल स्कूल से दो-दो छात्र-छात्राओं को शामिल किया जाएगा। प्रखंड स्तर पर चयनित बच्चों को जिलास्तरीय परीक्षा में शामिल किया जाएगा। जिसमें बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की पूरी शिक्षा का जिम्मा संस्था के सदस्य लेंगे। परीक्षा को लेकर प्रश्नपत्र के साथ की वीक्षक की नियुक्ति की तैयारी भी शुरू कर दी गयी है। बैठक में मुख्य रूप से स्वामी विवेकानंद मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष आनंद बिहारी श्रीवास्तव, राजेश कुमार गुप्ता आदि शामिल थे।

# प्रतीक हत्याकांड में शामिल दूसरा आरोपी गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के बरौली थाने के प्रेमनगर आश्रम के समीप हुए छात्र प्रतीक की हत्या के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी बढेया गांव का रंजन ठाकुर बताया गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने में जुटी हुयी है। इसकी जानकारी देते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि छात्र प्रतीक की हत्या में शामिल मुख्य आरोपी उज्जवल सिंह से पूछताछ व अनुसंधान के क्रम में रंजन ठाकुर की संलिप्तता सामने आयी थी। जिसके बाद आरोपी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि नगर थाने के साधु चैके मुहल्ले का निवासी प्रतीक कुमार अपने पिता की हत्या के बाद अपने मामा के घर बतरदेह में रहकर पढाई करता था। बुधवार की सुबह प्रतीक पढाई करने के लिए बरौली जा रहा था। इसी दौरान प्रेमनगर आश्रम के समीप लडकी से बात करने के विवाद को लेकर उसके दोस्त ने ही चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या के बाद उग्र लोगो ने सडक जामकर जमकर हंगामा किया था। वही पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए आरोपी दोस्त उज्जवल सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने पूछताछ व अनुसंधान के क्रम में संलिप्तता पाए जाने पर दूसरे आरोपी रंजन ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि छात्र हत्याकांड की जांच एफएसएल की टीम भी कर रही है। प्रतीक की हत्या में शामिल आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सुबूत इक्कठा किया जा रहा है। ताकि आरोपियों को जल्द से जल्द व कठोर से कठोर सजा दिलाया जा सकें।

# पोल्ट्री फार्म चलाने के नाम पर 28 लाख 45 हजार रुपए की धोखाधड़ी

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव में पोल्ट्री फार्म चलाने के नाम पर कुछ लोगों ने नवादा परसौनी गांव के मोहम्मद मारूफ अहमद से 28 लाख 45 हजार 55 रुपए का धोखाधड़ी किया गया है। मामले में पीड़ित ने दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है।

बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के नवादा परसौनी गांव के मोहम्मद मारूफ अहमद से कुछ लोगों ने सांझेदारी में पोल्ट्री फार्म चलाने के नाम पर 26 लाख 18 हजार 910 रुपए एकरारनामा कराते हुए लिए गए। दो वर्ष पॉल्ट्री फार्म चलाने के बावजूद भी सांझेदार से नफा नुकसान का हिसाब किताब नहीं किया गया। जिसके बाद पंचों ने पंचायती कर दोनों साझेदारों को दो-दो वर्ष अपने अपने नफा नुकसान के आधार पर पोल्ट्री फार्म चलाने का निर्णय लिया। पंचायती के आधार पर पीड़ित द्वारा जब डुमरिया गांव में चल रहे पोल्ट्री फार्म में पोल्ट्री चलाने का प्रयास किया तो आरोपितों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी गई है। जिसके बाद मामले को लेकर पीड़ित मोहम्मद मारुफ अहमद के आवेदन पर थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव के नसीब अनवर और उनके बेटे शाहिद अनवर के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी कराई गई है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने पीड़ित को निशुल्क हाथों-हाथ प्राथमिकी की कॉपी सौंपते हुए जांच की प्रक्रिया शुरू कर दिया है।

# डीएम ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

सिवान। जिले में नव पदस्थापित जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता पहली बार भगवानपुर प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। अपने टूर प्रोग्राम के तहत पहुंचे डीएम ने बीडीओ डॉ. कुंदन के कक्ष में प्रखंड के अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सीएम के जनता दरबार के मामलों के बारे में संबंधित कर्मियों से पूछताछ कर इसकी अद्यतन जानकारी ली। लोक शिकायत, सचिवालय से प्राप्त परिवाद, लोकसभा एवं विधानसभा में उठाए गए मुद्दों के बारे में संबंधित कर्मी से पूछताछ की। इसके साथ हीं उन्होंने सात निश्चय योजना, नलजल व अन्य योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा की। मौके पर एडीएम जावेद अख्तर, एसडीओ संजय कुमार, बीडीओ डॉ. कुंदन, सीओ रणधीर कुमार, बीपीआरओ प्रवीण भास्कर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी मनोज प्रसाद व अन्य मौजूद थे।

# कुश्ती में यूपी व बिहार के पहलवानों ने दिखाए करतब

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जिले के भोरे प्रखण्ड के स्वः राज नारायण स्मारक प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल भोरे के खेल मैदान में गुरुवार की शाम एक दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन आलम खान और गुड्डु पहलवान की तरफ से किया गया था। उद्घाटन क्षेत्र की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मृति आकांक्षा और जिला कुश्ती संघ गोपालगंज के महासचिव तथा बिहार कुश्ती संघ के सदस्य रामपूजन साहनी ने पहलवानों से हाथ मिलाकर किया। अयोध्या, झांसी, बनारस, गोरखपुर, बक्सर, देवरिया तथा स्व पहलवान अवधेश साहनी अखाड़ा कुआड़ीडीह के पहलवानो के बीच हुई। अयोध्या के धर्मपाल और झांसी के सैतान सिंह के बीच हुए मुकाबले में सैतान सिंह बिजयी रहे। भोरे के दीपक कुमार साहनी ने झांसी के पहलवान को पटखनी दी। भोरे के राजु और बनारस के हुंकार के बीच मुकाबला बराबरी का रहा। फुलवरिया के कृष्णा ने बनारस के मन्नु को हराया, फुलवरिया के रुदल और गोरखपुर के दादरी के बीच का मुकाबला बराबरी का रहा, अयोध्या के गोलू ने देवरिया के लाला को हराया। महिला कुश्ती में बनारस की सरिता ने अयोधया की बबली को हराया। प्रतियोगिता में रामदेव साहनी, और रुदल पहलवान रेफरी थे। मौके पर मुन्ना पहलवान, टिमल पहलवान, अक्षयलाल पहलवान, इन्द्रजीत राय, प्रदीप कुमार आदि थे।

# खर लदे ट्रैक्टर ट्राली में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

संवाददाता छपरा । मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में ट्रैक्टर ट्राली पर लदी खर में अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग के विकराल रूप को देखते हुए फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

ग्रामीणों ने बताया कि दियर से खर लाद ट्रैक्टर ट्राली गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के राजा पट्टी कोठी लखनपुर गांव होकर जा रहा था कि लखनपुर गांव में अचानक आग की लपटें उठने लगी ग्रामीणों के शोर मचाने पर ट्रैक्टर को ट्राली से अलग किया गया तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर ट्राली को जला दिया। वही फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया।

# बीएसएम परिसर में हुआ रुद्राभिषेक उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । मशरक मुनी मोड़ के नजदीक बीएसएम विद्यालय परिसर में आयोजित अखंड अष्टयाम के दुसरे दिन शुक्रवार को रुद्राभिषेक के दौरान श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी ! हर हर महादेव और जय शिव जय शिव की गुंज और दर्जनों आचार्यों की मंत्रोच्चारण से भक्तिमय बना रहा विद्यालय परिसर ! अखंड अष्टयाम का अनुष्ठान करने के बाद महा रुद्राभिषेक की पूजा अर्चना बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह अपनी पत्नी बबिता सिंह सहित पूरे परिवार के साथ किया। जिसमें उनके भाई मदन सिंह, पुत्र अधिवक्ता ऋतुराज सिंह ,भतीजा पूर्व विधायक रणधीर कुमार सिंह, राजू सिंह सहित अन्य शामिल हुए ! आचार्यों की लम्बी सूची में मुख्य रूप से आचार्य नरेश कुमार सुमन , सुरेन्द्र उपाध्याय , चुनमुन बाबा, सतेन्द्र पाण्डेय, नागेन्द्र तिवारी सहित दो दर्जन से अधिक विद्वान पंडित शामिल थे ! जिनके मंत्रोच्चारण से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा ! पूजा समारोह में शामिल होने आए सैकड़ों समर्थकों को विधायक पुत्र ऋतुराज सिंह और डाक्टर ऋषिराज द्वारा पीला वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ! जिस कारण पूरा पूजा पंडाल परिसर एक रंग में रंग गया ! पूजनोत्स कार्यक्रम को लेकर दो दिनों तक भंडारा चला जहाँ सभी आगंतुक द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया ! कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू , पूर्व प्रमुख जितेंद्र राय, पूर्व मुखिया विक्रमा सिंह , प्राचार्य रामबाबू सिंह , प्रचार्य मंकेश्वर सिंह, मुखिया अजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# मारपीट में दंपति सहित तीन घायल, चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के थावे थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में हुयी मारपीट के दौरान दम्पति सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगो की मदद से घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना 16 अप्रैल की बताई जा रही है।

इस मामले को लेकर हीरा देवी ने गांव के ही चार लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। दर्ज प्राथमिकी में हीरा देवी ने आरोप लगाया है कि वह आठ बजे रात को खाना खाकर अपने परिवार के साथ सोने चली गई। उसी दौरान गांव के ही हरकेश राम एवं अन्य लोग आकर दरवाजे पर गाली गलौच करते हुए घर खाली करने की बात कहने लगे। विरोध करने पर दरवाजा तोड़कर मारपीट घायल घायल कर दिया गया। और गले से मंगलसूत्र निकाल लिया गया। बचाने आए पति राजकुमार राम एवं पुत्री रागनी कुमारी को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन करने में जुट गयी है।

# भाजपा की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ।रिविलगंज भाजपा के नवनिवित्त अध्यक्ष का अभिनन्दन एवं बैठक मण्डल अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा के अध्यक्षता में गौतम ऋषि विद्यालय परिषर में हुआ। जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ,महामंत्री धर्मेंद्र साह, वरिस्ठ कार्यकर्ता जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान सहित सभी कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह ने बैठक में कहा कि भाजपा में पद नही जिम्मेवारी देता है, आगामी 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री जी का मन की बात का 100 वा एपिसोड पर हर विधानसभा में 100 बूथों पर 100 जनता एवं कार्यकर्ताओ के साथ सुनना है इस पर विस्तार से चर्चा किया।

महामंत्री धर्मेंद्र साह ने भामा साह के जयंती पर विस्तार से चर्चा किया। बैठक में जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि रिविलगंज भाजपा की यह नवनिवित्त मण्डल अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारियो के लिये 2024 लोकसभा चुनाव एवं 2025 विधानसभा चुनाव मिलेगा जो एक कसौटी भरा कार्यकाल होगा। उन्होंने कहा कि रिविलगंज ही एक ऐसा मण्डल है जो 1994 से लेकर 2023 तक के मण्डल अध्यक्ष एक साथ बैठे है जो अपने आप मे एक अलग पहचान है। बैठक में बोलते हुए किसान मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी शेखर सिंह ने कहा कि 2024 के तैयारी के लिये हम सभी कार्यकर्ता अभी से ही लग जाय । कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान नगर मण्डक अध्यक्ष अनुरंजन प्रसाद ने किया , कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह,गामा सिंह,पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष कैप्टन श्यामदेव साह, शम्भूनाथ पांडेय, भाई वीरेंद्र सिंह, नंदू सिंह,रिविलगंज नगर के पूर्व नगर परिषद चेयर मैन इंदुवदेवी, रिविलगंज के नवनिवित्त अध्यक्ष संजय तिवारी वारसी,नगर भाजयुमो अध्यक्ष सुधीर सिंह, गुंजन अवस्थी, सुनील चौरसिया, संतोष सिंह,संतोष कुशवाहा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रिविलगंज नगर के पदाधिकारियो का कमिटी लिस्ट मण्डल अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष को सौंपा दो,चार दिन में जिलाकमिति लिस्ट को अनुमति देगा तो प्रकाशित किया जाएगा।

# 23 अप्रैल को छपरा में मनाया जाएगा वीरकुंवर सिंह विजयोत्सव

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण विकास मंच द्वारा 23 अप्रैल को छपरा के प्रेक्षा गृह सह आर्ट गैलरी में बाबू वीर कुंवर सिंह का 165वां विजयोत्सव मनाया जाएगा। इस संबंध में सारण विकास मंच के संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस समारोह में बतौर उद्घाटनकर्ता और मुख्य वक्ता राज्यसभा के माननीय उपसभापति हरिवंश जी शामिल होंगे।

शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बाबू वीर कुंवर आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने जो शौर्य दिखाया, वो भारत की आजादी की नींव बना। वो किसी क्षेत्र की सीमा में बंधकर रहने वाले योद्धा नहीं थे। बाबू कुंवर सिंह उन नायकों में शामिल हैं, जो शुरू से ही उपेक्षित रहे। इतिहास की किताबों में जगह नहीं मिली। उनके शौर्य को प्रेरणाश्रोत बनाने के प्रयास नहीं हुए। जबकि कुंवर सिंह का नायकत्व दूसरे कई योद्धाओं से कहीं अलग और महान था। कुंवर सिंह के पक्ष में जो जन समर्थन था, उसकी एक खास बात यह है कि इसमें विभिन्न जातियों ने एकजुटता तो दिखाई ही थी, हिंदू-मुस्लिम एकता भी बिना द्वेष के कायम थी। अंग्रेजों की नीति थी फूट डालो और राज करो। कुंवर सिंह ने इसी नीति को भारतीय जनमानस से निकाल कर स्वतंत्रता का पहला आंदोलन खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि कुंवर सिंह की विशेषताएं ऐसी रही हैं जो आज के युवाओं को जानने की जरुरत है।

युवाओं को वीर कुंवर सिंह के बारे में जागरूक करने के लिए ही सारण विकास मंच यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में युवा लेखक, विचारक मोहित सिंह भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में समाज के उन लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में एक अलग पहचान बनाई है। इनमें बाबू वीर कुंवर सिंह पर कई पुस्तकें लिखने वाले वरिष्ठ लेखक व पत्रकार शशि भूषण, वरिष्ठ शिक्षाविद महामाया प्रसाद, बिहार आर्ट थिएटर के महासचिव अभिषेक रॉय को सम्मानित किया जाएगा।

शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सारण विकास मंच द्वारा आयोजित विजयोत्सव में बाबू वीर कुंवर सिंह की वीर गाथाओं का गायन और काव्यपाठ भी होगा। प्रेस कांफ्रेंस में सारण विकास मंच के महासचिव डॉ. धीरज सिंह राठौर, जिला परिषद छबिनाथ सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर सिंह बिक्कू, राजकुमार सिंह भी मौजूद रहे।

# बाइक के धक्के से घायल दस वर्षीय बच्चे की इलाज के दौरान मौत

प्रात : किरण संवाददाता

जिले के थावे थाने के नारायणपुर गांव में बाइक के धक्के से घायल दस वर्षीय बच्चे की मौत इलाज के दौरान हो गई। घटना सात मार्च की बताई जा रही है। इस मामले को लेकर मृतक की मां देवन्ति देवी ने थाने में गांव के ही मंजेश कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। देवन्ति देवी ने आरोप लगाया है कि सात मार्च को मेरा दस वर्षीय लड़का अनीस कुमार घर से मिट्टी लाने के लिए जा रहा था। इसी दौरान काली स्थान के समीप लापरवाही से बाइक चलाते हुए धक्का मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को इलाज के लिए सिवान अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन करने में जुट गयी है।

# बोलेरो और बाइक से शराब बरामदगी मामले में छः के विरुद्ध प्राथमिकी

गोपालगंज। जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के उचकागांव-कुचायकोट मुख्य पथ पर जगरनाथा बाजार के समीप पुलिस द्वारा बोलेरो और बाइक से की गई शराब बरामदगी मामले में आधा दर्जन के विरुद्ध प्राथमिकी करने के बाद गिरफ्तार एक आरोपित को शुक्रवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया। गुरुवार के दिन पुलिस ने थाना क्षेत्र के जगरनाथा बाजार के समीप सूचना के आधार पर वाहन जांच के क्रम में एक बोलेरो और एक बाइक से 2925 बोतल देसी शराब बरामद किया था। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपित को भी हिरासत में लिया था। मामले में पुलिस ने शराब तस्करी में संलिप्त आधा दर्जन के विरुद्ध प्राथमिकी किया है। जिनकी पहचान थाना क्षेत्र के बड़का सांखे गांव निवासी गिरफ्तार आरोपित विकास कुमार के अलावा, बलेसरा जहरुले हाता के मनोज यादव और पिंटू यादव के रूप में किया गया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## सबसे ज्यादा हिंदुस्तानी

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की ताजा रपट के मुताबिक, भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। चीन को पीछे छोड़ दिया गया है। फरवरी, 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार, भारत की आबादी 142.86 करोड़ और चीन की 142.57 करोड़ है। भारतीय चीनियों की तुलना में 29 लाख अधिक हो गए हैं। यह सिलसिला अब जारी रहेगा, क्योंकि हमारी औसत प्रजनन दर करीब 2 फीसदी है, लिहाजा आबादी लगातार बढ़ती रहती है। जब भारत अपनी आजादी का शतक पूरा कर चुका होगा, उसके बाद 2050 में हमारी आबादी 166.8 करोड़ से ज्यादा होगी। चीन से तुलना बंद कर देनी चाहिए, क्योंकि 2100 आने तक उसकी आबादी सिकुड़ कर 76 करोड़ के करीब रह सकती है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। करीब 66 फीसदी आबादी 35 साल की उम्र से कम है। भारत में 15-64 आयु-वर्ग की आबादी करीब 68 फीसदी है। इस आयु-वर्ग को कामकाजी माना जाता है। 19-40 के आयु-वर्ग के 53 करोड़ हिंदुस्तानी हैं, जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हीं के दम पर भारत मैन्यूफै रिंग हब बनेगा। युवा आबादी हमारे लिए शक्ति-पुंज है।

दुनिया का सबसे बड़ा बाजार, सबसे युवा कार्य-बल और सबसे सस्ता श्रम-बल भारत में उपलब्ध है, लिहाजा हम दुनिया के बाजार-बादशाह हैं। दुनिया के उदाहरण सामने हैं कि यदि अमरीका, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया सरीखे देशों ने असीम सफलताएं हासिल की हैं, तो सिर्फ अपनी युवा आबादी के बल पर ही। चूंकि अब उनकी आबादी बुढिाने लगी है, तो काम के संकट भी पैदा हो रहे हैं। सामूहिक ताकत, ऊर्जा, कौशल, कारोबार, उत्पादन आदि के संदर्भ में सबसे ज्यादा हिंदुस्तानी होने की खबर सुखद है। उम्मीद और संभावनाओं के व्यापक आसमान खोलती है, लेकिन चिंताएं और चुनौतियां भी मौजूद हैं। दुनिया की 800 करोड़ से ज्यादा की आबादी में भारत की हिस्सेदारी 17.77 फीसदी है, लेकिन हमारा भू-भाग मात्र 2.5 फीसदी है। संसाधन भी सीमित हैं। हालांकि भारत की इतनी आबादी होने के बावजूद हमारे सामने भुखमरी और सूखा-अकाल के हालात नहीं हैं, लेकिन देश के रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, मेट्रो स्टेशनों, अस्पताल, स्कूल, बाजारों, राशन के डिपो से लेकर 5 किलो मुफ्त अनाज के वितरण-केंद्रों आदि तक पर जब जन-सैलाब देखते हैं, तो असंतुलन का खौफ पैदा होने लगता है।

असंख्य चेहरे आंदोलित होते हैं, किसान अपनी फसल को जलाने को विवश होते हैं और बेरोजगार युवा आक्रोश में आकर तोड़-फोड़ करने लगते हैं, तो आबादी का शक्ति-पुंज ही देश को जलाता हुआ लगता है। सब कुछ सवालिया हो जाता है। बेशक भारत में बहुत कुछ बदल चुका है। देश में करीब 50 करोड़ कामगार हैं। यदि 15 साल से अधिक उम्र के कामगारों को भी जोड़ लिया जाए, तो यह आंकड़ा 100 करोड़ को छू सकता है। इतने कामगार दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। चीन को छोड़ दें, तो अमरीका, यूरोप, अफ्रीका की इतनी आबादी भी नहीं है। देश की तकनीकी कंपनियों में करीब 54 लाख लोग कार्यरत हैं। 2022-23 के दौरान इन कंपनियों ने 2.90 लाख लोगों को नौकरियां दी हैं। मार्च तिमाही में रोजगार दर करीब 37 फीसदी थी। हमारे देश में महिला कामगारों की संख्या भी काफी है, हालांकि इस संदर्भ में अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। भारत में दक्ष कामगारों की बदौलत हम 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकते हैं। विशाल और व्यापक आबादी हम पर बोझ नहीं है, अलबत्ता योजनाओं का सार्थक क्रियान्वयन करना बेहद जरूरी है। भारत साबित कर सकता है कि सबसे ज्यादा आबादी भी सकारात्मक हो सकती है।

## मन की बात : स्वच्छ भारत अभियान का संकल्प वाहक

**महिलाओं को शौच के लिए जाने में अत्यधिक कठिनाई होती थी। उन्हें सूर्योदय के पहले या सूर्यास्त के बाद शौच के लिए जाना पड़ता था। अंधकार में शौच के लिए जाने के कारण कभी-कभी सांप एवं बिच्छू इत्यादि डस लेते थे। कभी-कभी महिलाओं एवं लड़कियों के साथ आपराधिक घटनाएँ भी हो जाया करती थीं। लोग सड़क के दोनों किनारों पर या रेलवे ट्रैक के बगल में शौच के लिए जाते थे। कुछ गाँवों में एवं शहरों के मध्य में लोग कमाऊ शौचालय का उपयोग करते थे। सफाई कर्मचारी उन कमाऊ शौचालयों को साफ करते थे। यद्यपि वे लोग बहुत ही अच्छा कार्य करते थे, क्योंकि वे उन कमाऊ शौचालयों की सफाई न करते तो हैजा, इत्यादि बीमारियाँ फैल सकती थीं और लोग मर सकते थे।**

**डॉ. बिंदेश्वर पाठक**
अध्यक्ष, इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी

भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। इसका मतलब यह है कि भारत धन-धान्य से पूर्ण था, लेकिन शायद साफ-सफाई पर लोगों का ध्यान नहीं था। शहर हो या गाँव, लोग साफ-सफाई पर ध्यान नहीं रखते थे। इस्तेमाल के बाद चीजों को जहाँ-तहाँ फेंक देते थे, जिससे चारों तरफ गंदगी-ही-गंदगी दिखाई पड़ती थी। इसके अलावा, लोग खुले में शौच करते थे, घरों में शौचालयों की व्यवस्था नहीं थी। महिलाओं को शौच के लिए जाने में अत्यधिक कठिनाई होती थी। उन्हें सूर्योदय के पहले या सूर्यास्त के बाद शौच के लिए जाना पड़ता था। अंधकार में शौच के लिए जाने के कारण कभी-कभी सांप एवं बिच्छू इत्यादि डस लेते थे। कभी-कभी महिलाओं एवं लड़कियों के साथ आपराधिक घटनाएँ भी हो जाया करती थीं। लोग सड़क के दोनों किनारों पर या रेलवे ट्रैक के बगल में शौच के लिए जाते थे। कुछ गाँवों में एवं शहरों के मध्य में लोग कमाऊ शौचालय का उपयोग करते थे। सफाई कर्मचारी उन कमाऊ शौचालयों को साफ करते थे। यद्यपि वे लोग बहुत ही अच्छा कार्य करते थे, क्योंकि वे उन कमाऊ शौचालयों की सफाई न करते तो हैजा, इत्यादि बीमारियाँ फैल सकती थीं और लोग मर सकते थे। लेकिन मैला साफ करने वालों के साथ अमानवीय व्यवहार होता था और सुबह से शाम तक उन्हें अछूत जैसा अपमानसूचक शब्द सुनने को मिलता था। 1915 में महात्मा गांधी ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करना प्रारंभ किया। भारत में चारों तरफ फैली गंदगी को देखकर गांधी जी ने 1919 में कहा कि उन्हें स्वच्छ भारत पहले चाहिए एवं आजादी बाद में। महात्मा गांधी ने आम लोगों से और खासकर आजादी में संलग्न वालंटियर्स को कहा कि वे लोग अधिक से अधिक ट्रेंच लैट्रिन का इस्तेमाल करें जो गांधी स्वयं दक्षिण अफ्रीका में करते थे। गांधीजी ने यह भी कहा कि जब तक घरों में शौचालयों की व्यवस्था नहीं हो जाती है तब तक खुले रूप में शौच करने जाएं तो शौच को ऊपर से मिट्टी से ढक दें ताकि मक्खियाँ शौच पर न बैठ सकें, अन्यथा वही मक्खियाँ भोजन पर बैठकर बीमारियाँ पैदा कर सकती हैं और खाने वाले बीमार पड़ सकते हैं। सफाई कर्मचारियों द्वारा मनुष्यमल के साफ करने के कार्य को एक नए शौचालय का आविष्कार कर बंद करा दिया जाए और छुआछूत की प्रथा को समाप्त कराकर मैला साफ करने में संलग्न लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ दिया जाए एवं उनकी प्रतिष्ठा समाज के लोगों के बराबर हो। गांधी ने यहाँ तक कहा था, शायद मेरा पुनर्जन्म न हो, लेकिन अगर मेरा पुनर्जन्म होता है तो मैं एक वाल्मीकि परिवार में जन्म लेना चाहूँगा ताकि मैं उन्हें सिर पर मैला ढोने जैसी इस अमानवीय, अस्वस्थ एवं घृणित कार्य से मुक्ति दिला सकूँ। माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जब भारत के प्रधानमंत्री बने तो लाल किले से 2014 के 15 अगस्त को झंडा फहराते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान चलाया जाए और कोई भी व्यक्ति शौच के लिए बाहर न जाए। इसके लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का आह्वान किया। आधिकारिक तौर पर 2 अक्टूबर 2014 को शुरू किया गया, स्वच्छ भारत अभियान स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे सफल सरकारी पहलों में से एक है। यदि आप सोच रहे हैं कि यह कैसे हुआ, तो इसका उत्तर सरल है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रधानमंत्री ने नागरिकों को अभियान का अविभाज्य और महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया। अभियान की शुरूआत के एक दिन बाद 3 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री ने मन की बात के पहले ही एपिसोड में इसके बारे में बात की। उन्होंने लोगों से उत्साह के साथ अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि देवालय से पहले शौचालय का निर्माण होना चाहिए। भारत के चार लाख पचास हजार स्कूलों में एक वर्ष के अंदर शौचालय बन जाएं ताकि स्कूलों में खासकर लड़कियों को शौच जाने में कोई दिक्कत न हो। इससे स्कूलों में लड़कियों की संख्या बढ़ेगी और एक वर्ष में सभी स्कूलों में शौचालय बन गए। उन्होंने यह भी कहा कि माता एवं बहनों को शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है इससे उन्हें बड़ी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता। अतः महात्मा गांधी जी के 150वीं जंयती के पूरे होने के दिन तक सभी घरों में शौचालय बन जाए एवं खुशी की बात यह है कि भारत के लगभग 11 करोड़ घरों में शौचालय बन गए एवं अब माताओं एवं बहनों को शौच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है।15 अगस्त, 2014 को माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने अपने हाथों झाड़ू उठाया एवं दिल्ली स्थित वाल्मीकि कॉलोनी में फैली हुई गंदगी को अपने झाड़ू से साफ किया और देश के लोगों को आह्वान किया कि वे लोग भी अपने-अपने हाथों में झाड़ू उठाएं एवं जहाँ भी गंदगी दिखे उसकी सफाई करें। वाराणसी में गंगा किनारे स्थित अस्सी घाट की सफाई अपने हाथों से की जहाँ पर 50 सालों से भी अधिक समय से मिट्टी जमा हुई थी। अस्सी घाट अब दर्शनीय हो गया है। स्थानीय लोगों द्वारा पूजा-अर्चना करने के अलावा देश-विदेश के पर्यटक अस्सी घाट आते हैं और गंगा की लहरों को देखकर आनंदित होते हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के प्रयास से स्वच्छता की एक लहर चल गई है और कोई भी आदमी अब घर हो या बाहर या सार्वजनिक जगह कहीं पर भी गंदगी नहीं करता। यदि कोई करता है तो लोग उसे मना करते हैं। आज गाँव-गाँव, शहर-शहर, स्कूल हो या कॉलेज, चलती हुई रेलगाड़ी एवं बसों में भी लोग यात्रा के दौरान स्वच्छता के क्षेत्र में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा किए हुए एवं किए जा रहे स्वच्छता के आंदोलन की चर्चा करते हैं एवं प्रधानमंत्री द्वारा किए गए स्वच्छता के कार्य की सराहना करते हैं। पूरा देश अब साफ दिखने लगा है एवं इसका श्रेय माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को जाता है। प्रधानमंत्री यहीं नहीं रुके। उन्होंने मन की बात जैसे महत्त्वपूर्ण मंच अभियान के प्रत्येक माइलस्टोन और देश भर से इस अभियान से जुडी छोटी-बड़ी कहानियों को साझा करते हैं। इससे नागरिकों में गर्व की भावना पैदा तो हुई है, साथ ही लोग देश को स्वच्छ करने और रखने के लिए प्रेरित हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को स्वच्छ बनाने के लिए भारतीयों के बीच स्वच्छता का दीप जलाया है। उन्होंने स्वच्छता की उस संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए देशवासियों का आह्वान किया है, जो हड़प्पा-सभ्यता के समय यहाँ थी। आज जब मन कि बात रेडियो कार्यक्रम अपने 100वें एपिसोड की ओर बढ़ रहा है, तब देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान जैसे कई क्रांतिकारी जन आंदोलनों के लिए तैयार है। मेरी देशवासियों से गुजारिश है कि हम लोगों को अपनी पूरी शक्ति तथा साधन-द्वारा प्रधानमंत्री जी का साथ देना चाहिए। एतदर्थ आएँ, हम सभी सभ्य, सुसंस्कृत और स्वच्छ हो कर भारत को सभ्य, सुसंस्कृत तथा स्वच्छ राष्ट्रों की कतार में अग्रणी बनाएँ।

## अनुसूचित जाति आरक्षण में नए दावेदार

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

भारत की कुछ जातियों की एक सूची तैयार की गई है जिसके कारण इन जातियों को अनुसूचित जाति के नाम से जाना जाता है। अंग्रेजी भाषा में इसे संक्षेप में एससी कहा जाता है। इस सूची में शामिल जातियों के लोगों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिए जाने का प्रावधान है। भारतीय या हिंदू सामाजिक व्यवस्था में इन जातियों के साथ इनकी जाति के कारण ही भेदभाव किया जाता है। उनके साथ दूसरी जातियों के लोग खाते-पीते नहीं हैं। उनकी बस्तियां गांव से बाहर होती हैं। इतना ही नहीं कई जातियों को तो अछूत ही मान लिया जाता है। शादी विवाह में खाने के लिए इन जातियों के लोगों की पंक्ति कई जगह अलग लगा दी जाती है। यह हिंदू समाज का भीतरी रोग है जिसे दूर करने के अनेक उपाय सदियों से होते रहे हैं। बाबा साहिब अंबेडकर ने एक बार कहा था कि यह हिंदू समाज का गुण है कि वह समय समय पर अपने भारत आ गई बीमारियों को दूर करने के प्रयास भी करता रहता है। भेदभाव की बीमारी को दूर करने और सामाजिक समरसता स्थापित करने के अनेक उपाय किए जाते रहे हैं। उनमें से एक उपाय है अनुसूचित जातियों का सशक्तिकरण। सरकारी नौकरियों में आरक्षण उनमें से मात्र एक प्रावधान है। सत्ता में भागीदारी दूसरा प्रावधान है। यही कारण है कि विधान सभाओं व लोकसभा में भी अनुसूचित जातियों के प्रत्याशियों के लिए कुछ सीटें आरक्षित रखी जाती हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों से भारत में रह रहे एटीएम ( अरब, तुर्क, मुगल-मंगोल ) मूल के मुसलमान एक बड़े अभियान में लगे हुए हैं। उनकी कोशिश है कि भारत के देसी मुसलमान (डीएम) को भी अनुसूचित जाति की तर्ज पर आरक्षण दिलवाया जाए। लेकिन उनके दुर्भाग्य से इस्लाम में जाति की कोई अवधारणा नहीं है। सामाजिक व्यवस्था में जाति की अवधारणा केवल हिंदू समाज में ही है। यह सामाजिक व्यवस्था अच्छी है या बुरी है, यह एक अलग प्रश्न है। लेकिन इस व्यवस्था के अस्तित्व से कोई इन्कार नहीं कर सकता। जिनको आज की वैधानिक शब्दावली में एससी कहा जाता है, उनमें से बहुत सी जातियां एटीएम के शासन काल में इस्लाम में शामिल कर ली गई थीं। ऐसा नहीं कि इन जातियों ने इसका विरोध नहीं किया। बल्कि यदि इतिहास को सही रूप से परखा जाए तो अरबों, तुर्कों व मुगल हमलावरों से स्थान स्थान पर इन्हीं जातियों के लोगों ने मुकाबला किया। परन्तु हमलावरों की विजय के बाद, इसका सबसे ज्यादा दंश भी इन्हीं जातियों को झेलना पड़ा।

इनको इस्लाम में शामिल किया जाना भी इसी का परिणाम था। परन्तु 1947 के बाद देश में से सभी विदेशी शासकों मसलन- अरबों, तुर्कों, मुगलों, पुर्तगालियों, फ्रांसीसियों व अंग्रेजों के शासन का अन्त हो गया। देश में लोकतन्त्र की स्थापना हुई। नई शासन व्यवस्था में अनुसूचित जातियों को भी हिस्सेदारी मिली। इसलिए यह सुगबुगाहट भी होने लगी कि इन जातियों के जो लोग इस्लाम में धकेल दिए गए थे, वे वापिस अपने घर लौट आएं। इस सुगबुगाहट से एटीएम मूल के मुसलमान घबरा गए। उनकी घबराहट समझ में आती थी। एटीएम भारत में अभी भी इन्हीं देसी मुसलमानों के बलबूते अपना उल्लू सीधा कर रहा है। उनकी संख्या आटे में नमक के बराबर भी नहीं है, लेकिन वह देसी मुसलमानों को हांक कर, उनके संख्या बल पर विधान सभाओं या लोकसभा में पहुंचता है। देसी मुसलमान को मजहब की घुट्टी पिला कर स्वयं नौकरशाही में बड़े पद झटक लेता है। एटीएम को लगता है यदि देसी मुसलमान हिल गया तो एटीएम की हवेलियां धराशायी हो जाएंगी। इसलिए वह उसे आश्वस्त कर रहा है कि आप को भी अनुसूचित जाति की तर्ज पर आरक्षण दिलवा दिया जाएगा।

लेकिन यह कैसे सम्भव हो सकता है? बाबा साहिब अंबेडकर ने भी इस प्रश्न पर गहराई से विचार किया था। लेकिन उन्होंने देसी मुसलमान के लिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था करने से इन्कार कर दिया था। एटीएम ने इसका भी चोर दरवाजा खोज निकाला था। उसने सोनिया कांग्रेस से तालमेल बिठा कर भीमसेन सच्चर, जिन्होंने 1947 के बाद पाकिस्तान संविधान सभा का सदस्य बने रहने को वरीयता दी थी, के सुपुत्र राजेन्द्र सच्चर की अध्यक्षता में एक कमेटी बना दी थी। इस कमेटी ने अपनी रपट में कहा था कि भारत में मुसलमानों के साथ बहुत ही अन्याय हो रहा है। उनका शोषण हो रहा है और वे अत्यन्त पिछड़े हुए हैं। उसके कुछ साल बाद, यूपीए की सरकार ने ओडीशा के एक सज्जन रंगनाथ मिश्रा, जो कभी उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके थे, की अध्यक्षता में एक दूसरा आयोग गठित किया। इस आयोग ने भी राजेन्द्र सच्चर कमेटी की तर्ज पर वही घोषणा की कि देसी मुसलमान के साथ घोर अन्याय हो रहा है। जाहिर है यह सारी कसरत इसलिए की जा रही थी कि कल को न्यायालय में जाकर इन महापुरुषों की रपटों को सबूत के तौर पर पेश किया जा सके और देसी मुसलमानों के लिए भी आरक्षण की मांग की जा सके। एक बार उनको आरक्षण दिलवा दिया तो उनका अपने पुराने पुश्तैनी घर में चले जाने का खतरा टल जाएगा और एटीएम इस भीड़ में छिप कर फिर मौज करेगा।

## कर्नाटक में रोचक हुआ सत्ता का संग्राम

**पूर्व कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणाम देश की राजनीति में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगें। भाजपा ने सत्ता विरोधी माहौल को समाप्त करने के लिए 52 मौजूदा विधायकों के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया है। भाजपा ने पार्टी संस्थापकों में से एक रहे पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी का भी टिकट काट दिया है। भाजपा के बड़े नेता रहे के . अंगारा, आर शंकर और एमपी कुमार स्वामी ने भी टिकट नहीं मिलने पर इस्तीफा दे दिया है। जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस के टिकट पर चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जगदीश शेट्टार 6 बार विधायक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री सहित कई बार मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन पर कभी किसी तरह के आरोप नहीं लगे हैं।**



**रमेश सर्राफ धमोरा**
(भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश)

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए 10 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सभी राजनीतिक दल अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। अगले साल लोकसभा के चुनाव होने हैं। उससे पूर्व कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणाम देश की राजनीति में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगें। भाजपा ने सत्ता विरोधी माहौल को समाप्त करने के लिए 52 मौजूदा विधायकों के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया है। भाजपा ने पार्टी संस्थापकों में से एक रहे पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी का भी टिकट काट दिया है।

भाजपा के बड़े नेता रहे के. अंगारा, आर शंकर और एमपी कुमार स्वामी ने भी टिकट नहीं मिलने पर इस्तीफा दे दिया है। जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस के टिकट पर चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जगदीश शेट्टार 6 बार विधायक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री सहित कई बार मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन पर कभी किसी तरह के आरोप नहीं लगे हैं। बीएस येदुरप्पा के बाद वह लिंगायत समुदाय के दूसरे सबसे बड़े नेता माने जाते हैं। बीएस येदुरप्पा एवं ईश्वरप्पा के इस बार चुनावी मैदान में नहीं होने से पार्टी के पास बड़े चेहरे का अभाव है। कांग्रेस चाहती है कि किसी भी तरह से भाजपा को हरा कर प्रदेश में अपनी सरकार बनाई जाए ताकि पार्टी के गिरते जनाधार को रोका जा सके। कर्नाटक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे का गृह राज्य है। उनकी सदा से ही मुख्यमंत्री बनने की चाहत रही है जो इस बार सरकार बनने पर पूरी हो सकती है।

वैसे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे के सामने अपने गृह प्रदेश में सरकार बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए सभी तरह के प्रयास कर रही है। जनता दल सेक्युलर मैसूरू इलाके में अपना मजबूत जनाधार रखती है। प्रदेश की 100 सीटों पर जनता दल सेक्युलर चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की ताकत रखती है।

जनता दल सेक्युलर ने किसी भी राजनीतिक दल से चुनावी समझौता नहीं किया है। उनका मानना है कि चुनाव में पिछले बार की तरह किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा। ऐसे में वह अपने जीते हुए विधायकों के बल पर सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगी। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक करोड़ 33 लाख 28 हजार 524 वोट यानी 36.35 प्रतिशत मतों के साथ 104 सीटें मिली थीं। कांग्रेस को एक करोड़ 39 लाख 86 हजार 526 वोट यानी 38.14 प्रतिशत वोटों के साथ 80 सीटों पर जीत मिली थी। जनता दल सेक्युलर को 67 लाख 26 हजार 667 वोट यानी 18.30 प्रतिशत वोटों के साथ 37 सीटों पर जीत मिली थी। पिछले चुनाव में कांग्रेस भाजपा से 6 लाख 58 हजार दो वोट यानी 1.70 प्रतिशत अधिक मत लेकर भी सीटों के मामले में 24 सीटों से पिछड़ गई थी। इसका मुख्य कारण था जनता दल सेकुलर का कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाना। पिछले चुनाव में कांग्रेस के पास कर्नाटक के सबसे प्रभावशाली लिंगायत समुदाय का कोई बड़ा नेता भी नहीं था, लेकिन इस बार जगदीश शेट्टार के आने से कांग्रेस को लिंगायत समुदाय के वोट बैंक में सेंध लगाने का एक बड़ा हथियार मिल गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के पास पर्याप्त बहुमत नहीं था। ऐसे में कांग्रेस और जनता दल सेक्युलर ने मिलकर जनता दल सक्युलर के नेता एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में सरकार का गठन कर लिया था। मगर 14 महीने बाद ही भाजपा ने कांग्रेस और जनता दल सेक्युलर के विधायकों से इस्तीफे दिलवा कर जोड़-तोड़ से अपनी सरकार बना ली थी। उस समय येदुरप्पा भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री बने थे।

मगर येदुरप्पा की मनमानी व उनके शासनकाल में भ्रष्टाचार को लेकर लगे आरोपों के चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा और जुलाई 2021 में बसवराज बोम्मई को भाजपा ने नया मुख्यमंत्री बनाया। बोम्मई मुख्यमंत्री बन गए मगर सरकार पर पूरा प्रभाव येद्दयुरप्पा का ही रहा। 2019 में जोड़-तोड़ कर सरकार बनाने के बाद से ही कर्नाटक भाजपा में लगातार उथल पुथल होती रही है। चुनाव से पहले कई बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने से भाजपा मुश्किलों में घिरी नजर आ रही है। पिछले साल तुमकुर जिले के एक ठेकेदार ने तब के मंत्री ईश्वरप्पा पर रिश्वत लेने का आरोप लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके चलते ईश्वरप्पा को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना पड़ा था। हालांकि बाद में जांच कर ईश्वरप्पा को बरी कर दिया गया था। इसी के चलते इस बार ईश्वरप्पा को टिकट से वंचित रखा गया है। हालांकि भाजपा गुजरात की तर्ज पर अधिकांश विधायकों के टिकट काटना चाहती थी, लेकिन येदुरप्पा के विरोध के चलते ऐसा नहीं कर पाई। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में इस बार जहां भाजपा सत्ता विरोधी लहर के चलते बचाव की मुद्रा में है। वहीं कांग्रेस सहित जनता दल सेक्युलर एवं अन्य विपक्षी दल पूरी तरह सरकार पर हमलावर हो रहे हैं। कांग्रेस में भी पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया व प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार के मध्य गुटबाजी चल रही है। कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी विधानसभा के अंदर अश्लील वीडियो देखते पकड़े जा चुके हैं। उनकी छवि विवादास्पद रही है।

ऊपर से दूसरे दलों से आए लोगों को कांग्रेस ने टिकट देकर चुनाव मैदान में उतार दिया है। इससे पार्टी में आंतरिक झगड़े बढ़ गए हैं। कांग्रेस में भी जिन लोगों के टिकट काटे गए हैं वह सभी पार्टी की खिलाफत करते नजर आ रहे हैं। इससे कांग्रेस को भी नुकसान होना तय माना जा रहा है। जनता दल सेकुलर जितनी अधिक सीटों पर मजबूत होगी उतना ही कांग्रेस को नुकसान होगा। यही भाजपा की जीत का मूल मंत्र बनेगा। भाजपा का पूरा चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के चेहरे पर फोकस रहेगा।

## परशुराम जयंती पर विशेष : पराक्रम के प्रतीक थे भगवान परशुराम

ऋतुपर्ण दवे

दरअसल धर्म को सरल और बेहद कम शब्दों में इस तरह भी समझा कि समाज द्वारा स्वीकृत वो मान्यताएंहैं जिस पर चल कर मनुष्य कितना भी शक्तिशाली होजाए किसी दूसरे का अहित नहीं कर सकता है तथा संतुलित व मर्यादित रहता है। वह धर्मनीति ही है जोमानवता का बोध कराने, अत्याचार, अनाचार, साधु-संतो के उत्थान के लिएभगवान काअनेकोंरूप बनवाती है ताकि दुष्टों का संहार, विश्वकल्याण के साथ धर्म जो मनुष्य को उसकी सीमाओं में रखता है की रक्षा की जा सके। भगवान परशुराम ऐसे ही धर्मपरायण थे जो क्रोध के वशीभूत होकर अनाचारियों के लिए किसी काल से कम न थे। परशुराम ही इतिहास के पहलेऐसा महापुरुष हैं जिन्होंने किसी राजा को दंड देने के लिए दूसरे राजाओं को भी सबक सिखा नई राजव्यवस्था बनाई जिससे हा-हाकार मच गया। परशुराम की विजय के बाद संचालन सही ढ़ंग से न होने से अपराध और हाहाकार की स्थिति बनी। उससे घबराए ऋषियों ने तपोभूमि से साधना लीन दत्तात्रेयजी को उठा पूरा वृत्तान्त बताया। उनके साथ जाकर कपिल और कश्यप मुनि ने परशुराम को समझाया। पहले तो समझ नहीं आया लेकिन कई वर्षों के क्रोध के बाद जब परशुरामकुछ शांत हुए तो उन्हें समझ आया और अपने कृत्यों पर पश्चाताप करने लगे। परशुराम को,मुनि दत्तात्रेय,कपिलऔर कश्यप ने इसके लिए बहुत धिक्कारा। ग्लानि में डूबे परशुराम ने संगम तट पर सारे जीते हुए राज्य कश्यप मुनि को दान दे दिया और स्वयं महेन्द्र पर्वत चले गए उसके बाद राजकाज की दोबारा सुचारू शासन व्यवस्था संचालित हो पाई।

जब समाज में समानता, सत्य, अहिंसा, करुणा, दया और आदर का भाव होता है तभीधर्म पताका फहराती है और जहां भी धर्म पताका फहराती है, वहां सुख, समृध्दि, शांति सुनिश्चित होती है। शायद यही संदेश देने के लिए ही महापुरुषों अवतरित होते हैं। परशुराम जी की सक्रियता का भी यही उद्देश्य रहा। इसीलिए ब्राम्हण कुल में जन्मे इस महापुरुष ने अत्याचारियों के विध्वंश एवं दण्ड देने हेतु शस्त्र उठाकर बराबर का हिसाब-किताबकिया। यही परशुराम जी की गाथा है जिसमें अनीति, अत्याचार, छल-प्रपंच का संहार करने की सच्चाई है जो आज भी प्रासंगिक है और युगों-युगों तक रहेगी। कहते हैं भगवान परशुराम क्षत्रियों के कुल का नाश करने वाले थे लेकिन ये उतना सत्य नहीं है क्योंकि पौराणिक कथाओं के अनुसार भी भगवान परशुराम क्षत्रियवर्ण के संहारक ना होकर मात्र एक कुल हैहय वंशका समूल विनाश करने वाले रहे। दशवीं शताब्दी के बाद लिखे ग्रंथो में हैहय की जगह क्षत्रिय लिखा जाने के प्रमाण भी मिलते हैं।

भगवान परशुराम को पराक्रम का प्रतीक माना जाता है। उन्हें राम का पर्याय और सत्य सनातन माना जाता है जिनका जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग में हुआ। ग्रहों के प्रभाव से वो तेजस्वी, ओजस्वी और वर्चस्वी बने। महाप्रतापी व माता-पिता भक्त परशुराम ने जहां पिता की आज्ञा से माता का गला काट दिया वहीं पिता से माता को जीवित करने का वरदान भी मांग लिया। इस तरह हठी, क्रोधी और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने वाले परशुराम का लक्ष्य मानव मात्र का हित था। वो परशुरामजी ही थे जिनके इशारों पर नदियों की दिशा बदल जाया करतीं थीं। उन्होंने अपने बल से आर्यों के शत्रुओं का नाश किया, हिमालय के उत्तरी भू-भाग, अफगानिस्तान, ईरान, इराक, कश्यप भूमि और अरब में जाकर शत्रुओं का संहार किया। उसी फारस जिसे पार्शिया भी कहा जाता था का नाम इनके फरसे पर ही किया गया। इन्होंने भारतीय संस्कृति को आर्यन यानी ईरान के कश्यप भूमि क्षेत्र और आर्यक यानी इराक में नई पहचान दिलाई। गौरतलब है कि पार्शियन भाषी पार्शिया परशुराम के अनुयायी और अग्निपूजक कहलाते हैं और परशुराम से इनका संबंध जोड़ा जाता है। अब तक भगवान परशुराम पर जितने भी साहित्य प्रकाशित हुए हैं उनसे पता चलता है कि मुंबई से कन्याकुमारी तक के क्षेत्रों को 8 कोणों में बांटकर परशुराम ने प्रान्त बना कर इसकी रक्षा की प्रतिज्ञा भी की। इस प्रतिज्ञा को तब केअन्यायी राजतंत्र के विरुध्द बड़ा जनसंघर्ष भी माना जाता है। उन्होंने राजाओं से त्रस्त ब्राम्हणों, वनवासियों और किसानों अर्थात सभी को मिलाकर एक संगठन बनाया जिसमें कई राजाओं कासहयोग मिला। अयोध्या,मिथिला, काशी,कान्यकुब्ज,कनेर, बिंग के साथ ही कहते हैं कि पूर्व के प्रान्तों में मगध और वैशाली भी महासंघ में शामिल थे जिसका नेतृत्व भगवान परशुराम ने ही किया। दूसरी ओर हैहयों के साथ आज के सिन्ध, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान,पंजाब, लाहौर, अफगानिस्तान, कंधार, ईरान, ट्रांस-ऑक्सियाना तक फैले 21 राज्यों के राजाओं से युध्द तक किया। सभी 21 अत्याचारी राजाओं और उनके उत्तराधिकारियों तक का परशुराम ने विनाश भी कियाजिससे दोबारा कोई सिर न उठा सके। केरल प्रदेश को बसाने वाले परशुराम ही थे। एक शोध के अनुसार परशुराम में ब्रम्हा की सृजन शक्ति, विष्णु की पालन शक्ति व शिव की संहार शक्ति विद्यमान थी जिससे त्रिवंत कहलाए।

## संक्षिप्त खबरें

### बैंकों की सुरक्षा पर बैठक आयोजित

मुजफ्फरपुर। बैंको की सुरक्षा को लेकर समाहरणालय सभागार में डीएम ने बैंक अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसएसपी सहित दोनो एस डी ओ और सभी डीएसपी इस अवसर पर उपस्थित थे। बैठक में सुझाव और निर्णय पर विचार -विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि पुलिस कर्मी अपने अपने थाना क्षेत्र में स्थित बैंको में नियमित रूप से भ्रमण करेंगे। सायरन, सीसीटीवी, गेट लॉक , सहित सुरक्षा गार्ड को सक्रिय बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

### आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

मुजफ्फरपुर। भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग ने एडवाइजरी जारी किया है। इसके लिए आम लोगों को सलाह दी गई है कि किसी जरूरी काम से यदि धूप में बाहर निकलना पडे तो जितनी बार हो सके पानी पीयें, बार -बार पानी पीयें, सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें।यथा संभव हल्के रंग के , ढीले ढाले एवं सूती कपड़े पहने। धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें, गमछे या टोपी से अपने सिर को ढकें व हमेशा जूता या चप्पल पहनें। हल्का भोजन करें, अधिक पानी की मात्रा वाले मौसमी फल जैसे - तरबूज, खीरा , ककड़ी, खरबूजा, संतरा आदि का अधिकाधिक सेवन करें। जानवरों को छाँव में रखें एवं उन्हें भी खूब पानी पीने को दें।अगर तबियत ठीक न लगे या चक्कर आये तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

### नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन

मुजफ्फरपुर। गायघाट प्रखंड क्षेत्र के बाघखाल गांव में नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर गुरुवार को धूमधाम से कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर गाजे बाजे के साथ 551 कन्याएं रामनगर शिव मन्दिर के समीप पहुंचीं। जहां पूर्व से लाई गई बागमती लखनदेई नदी के संगम घाट से पवित्र जल मंत्रोच्चार के साथ कलश में भरी गई। आयोजक दिनेश्वर दास ने बताया कि शुक्रवार से नौ दिवसीय अखंड सीताराम नाम धुन के साथ साथ शतचंडी महायज्ञ आरंभ किया जाएगा। उन्होनें बताया की यह आयोजन तीस अप्रैल को समापन किया जाएगा। बताया की यह अनुष्ठान विश्व शांति हेतु किया जा रहा है। इस मौके पर आचार्य कृष्णकांत झा, राघवेंद्र कुमार सिंह, राजीव कुमार, हरिवंश प्रसाद सिंह, सुनील साह, भोला साह आदि ग्रामीण सक्रिय रहे।

### शहर की ट्रैफिक व्यवस्था का मामला पहुँचा मानवाधिकार आयोग

मुजफ्फरपुर । जिले की नयी ट्रैफिक व्यवस्था का मामला अब मानवाधिकार आयोग पहुँच गया है। मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा ने मामले के सम्बन्ध में आयोग में याचिका दायर की है। मामला यह है कि जिले के शहरी क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से विभिन्न चौक - चौराहों पर ट्रैफिक लाइट्स लगाई जा रही है। लोगों को ट्रैफिक नियमों का सख़्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है तथा नियमों का उल्लंघन करने पर ऑनलाइन चालान काटा जा रहा है। वर्तमान में स्थिति यह है कि पहले से तंग सड़कों पर गाड़ियों को दिशा - निर्देश देने के लिए ट्रैफिक लाइट्स का प्रयोग किया जा रहा है। लेकिन पैदल यात्रियों, साइकिल सवारों के लिए फुटपाथ की कोई व्यवस्था नहीं है, साथ - ही - साथ एम्बुलेंस जैसी गाड़ियों के लिए भी कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गयी है। मामले के सम्बन्ध में मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन अवश्य किया जाना चाहिए। लेकिन यह बात भी आवश्यक है कि लोगों के मानवाधिकार की भी रक्षा हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शहर के ट्रैफिक व्यवस्था में मानक का अभाव है। ऐसे में सड़कों का चौड़ीकरण, पूर्ण मानक के अनुसार होना चाहिए, तब नियमों का पालन कराई जानी चाहिए तथा जुर्मानें की राशि कम होनी चाहिए। अन्यथा की स्तिथि में आम लोग प्रतिदिन शारीरिक, मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना से प्रताड़ित होंगे, जो मानवीय गरिमा और मानवाधिकारों के विरुद्ध है।

# संविधान और लोकतंत्र पर कुठाराघात हमले के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

प्रात: किरण, संवाददाता

बेगूसराय। शुक्रवार को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बेगूसराय जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से समाहरणालय के समक्ष जय भारत सत्याग्रह आंदोलन को लेकर विरोध प्रदर्शन कर घेराव किया गया। जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के तहत विरोध प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम की अध्यक्षता बेगूसराय जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने की। संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अधिवक्ता डॉ. रजनीश कुमार ने किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेगूसराय जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद सिंह ने कहा कि सच्चाई की आवाज उठाने वाले राहुल गांधी की संसद की सदस्यता समाप्त करवा दिया गया। केंद्र सरकार की तानाशाही रवैया के खिलाफ पूरे देश में कांग्रेस पार्टी का जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के तहत विरोध प्रदर्शन एवं घेराव का आयोजन कर केंद्र सरकार के कारनामों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह भाजपा की तानाशाही सरकारें हमारे नेता राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर उनको किसी न किसी जाल में फंसाकर जेल भेजना चाहती हैं। ताकि इन तानाशाही सरकारें को देश की संपत्ति बेचने में कोई अवरोध न आए। सत्ता के शहंशाह के कुछ मित्र हैं, जो वर्ष 2014 में दुनिया भर के अमीर व्यक्तियों की सूची में 609वें स्थान से इनके कार्यकाल में वह आठवें नंबर पर पहुंच गए। ऐसा कैसे हुआ? अदानी के शेयर में 20000 करोड़ किसके हैं। इन सवालों को लोकसभा में राहुल गांधी जी के द्वारा पूछे जाने मात्र से उनकी सदस्यता रद्द करवा दी गई। उनपर ऐसे मुकदमे लगाए गए हैं, जिन मुकदमों में आज तक इतना अधिक सजा राहुल गांधी जी के सिवा किसी अन्य व्यक्ति को नहीं मिली है। अदानी मामले पर जेपीसी की जांच क्यों नहीं कराई जाती है। इन्हीं सब सवाल व जवाब को लेकर समाहरणालय बेगूसराय के समक्ष विरोध प्रदर्शन एवं घेराव का आयोजन किया गया। साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता व बीपीसीसी सदस्य नारायण सिंह ने कहा कि हमारा देश संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित देश है। लेकिन आज वही संविधान और लोकतंत्र पर कुठाराघात हमले हो रहे हैं। जिसके कारण हमारा लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। राहुल गांधी की यही बात सत्ताधारी की पूंजीपति मित्रों को रास नहीं आया। कैसे साजिशन उनकी सदस्यता तक ले ली गई।वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। राहुल गांधी ने आम-आवाम के हक की आवाज उठाने का काम किया। आपके जीवन भर की जमा पूंजी की सुरक्षा को लेकर प्रश्न किया तो आपलोग ने देखा कि उनकी बातों को संसद की कार्रवाई से मिटा दिया। उनके माईक को म्यूट कर दिया गया। पर लोगों के दिलों से राहुल गांधी को कैसे मिटा पाएंगे। राहुल गांधी डरने वाले नहीं हैं, वह इस तानाशाही सरकार के रवैए पर सवाल उठाते रहेंगे। जनता की बात को जनहित में उठाते रहेंगे। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, बीपीसीसी सदस्य राजेन्द्र पासवान, संजय सिंह, जयप्रकाश गुप्ता, सतीश कुमार वीरू, प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, उदय सिंह, धर्मराज सहनी, ओमप्रकाश सिंह, नगर अध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रिंस, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अशोक राय, महासचिव सावर कुमार, सरपंच विजय राय, आलोक आनंद, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल कुमार, महासचिव राघव कुमार, एनएसयूआई से रवि कुमार, अभिषेक कुमार, कमल किशोर पोद्दार, अर्जुन चौरसिया, सुधीर कुमार, शंभू सिंह आदि नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पीड़िता ने डीएसपी को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी बेनीपट्टी डीएसपी नेहा कुमारी को एक आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार मामला अरेर थाना क्षेत्र के विचखाना गांव के पीड़िता ने अपने ही गांव के युवक के ऊपर आरोप लगाते हुए बताई कि 5 वर्ष पूर्व जब मैं नौवीं क्लास की छात्रा थी तब मेरे ग्रामीण ललन यादव ग्राम विचखाना थाना अरेर ने बहला-फुसलाकर शाम में स्कूल पर बुलाया और मेरे साथ शारीरिक संबंध बना कर चोरी छुपे उसका वीडियो बना लिया जिसके बाद ललन यादव ने कई बार मुझे अकेले मिलने को बुलाया करते थे जब मैं उनका विरोध करती थी तो सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर देने की धमकी देता रहा और बार-बार धमकी देकर मेरा शारीरिक शोषण करता रहा इसकी सूचना जब मैंने अपने मां-बाप को बताया तो मेरे पिता ने 2 वर्ष पूर्व रमौल निवासी से मेरी शादी करवा दिया जहां जाकर शादी के 4 महीने के बाद ही मैंने एक बच्चे को जन्म दे दिया इस बात से गुस्सा होकर मेरे पति ने मुझे तलाक दे दिया तब से लेकर आज तक ललन यादव मुझे शादी का झांसा देकर खुलेआम मेरे घर आकर मेरे साथ पति पत्नी की तरह रहता था इसी बीच सूचना मिली कि ललन यादव अरधावा गांव की किसी लड़की से मई में विवाह कर रहा है अब वह न तो हमसे मिलते हैं और ना ही मेरा फोन उठाता है अगर लल्लन यादव की शादी नहीं रोकी गई तो मेरी और मेरे बच्चे की जीवन बर्बाद हो जाएगा।इस बाबत डीएसपी नेहा कुमारी से पीड़ित ने न्याय की लगाई गुहार।

# जयनगर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष पद पर उपेन्द्र यादव निर्विरोध निर्वाचित

**सदस्य पदों पर भी सभी अभ्यर्थी निर्विरोध निर्वाचित**

प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी/जयनगर व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार यादव समेत अन्य सदस्यों को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी आमना वसी के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस क्रम में सदस्य संजय कुमार यादव, राम पदारथ यादव एवं महेश्वर पंडित समेत अन्य सदस्यों को भी प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर बीसीओ वीरेंद्र कुमार व राकेश कुमार मौजूद थें। नवनिर्वाचित व्यपार मंडल अध्यक्ष ने बताया कि सदस्यों एवं किसानों के मान सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यपार मंडल अध्यक्ष होने के नाते सर्व प्रथम किसानों की हितों के लिए काम करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अपने सदस्यों को कैसे लाभ पहुंचाया जाए हमारे सदस्य कैसे लाभान्वित हो उस पर भी ख्याल रखेगें और आवश्यकता है किसानों की उपज को सुरक्षित रखने के लिए गोदाम की आवश्यकता है। गोदाम की व्यवस्था करना कार्यालय का व्यवस्था करना हमारा लक्ष्य है। किसानों को उपज के बदले उपज को जमा रखते हुए उसके एवज में किसानों के अनाजों को ऊंचे दामों पर क्रेय करवाने के लिए समर्पित रहूंगा और इस पर विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा। सदस्य एवं किसानों के हितों की निरंतर सुरक्षा और लाभान्वित करने के लिए प्रयासरत रहूंगा।

# उत्पाद विभाग की पुलिस ने शराब के साथ छात्र को किया गिफ्तार

**परिजनों ने विरोध में उत्पाद विभाग के पुलिस बैरक पहुंच किया हंगामा**

प्रात: किरण, संवाददाता

बेगूसराय। जिले में उत्पाद विभाग की पुलिस ने एक इंटर छात्र को शराब के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इसके विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों ने एक्साइज विभाग के बैरेक पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। ग्रामीणों का कहना है कि घर से दूर गांव के बसवारी से पुलिस ने शराब की एक बोतल को बरामद किया। उस शराब से जुड़े मानकर छात्र को हिरासत में लिया। इस बात की भनक लगते ही ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और सैकड़ों की संख्या में उत्पाद विभाग के बैरक स्थित थाने पहुंचकर जमकर विरोध करने लगा। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पसपूरा गांव की है। गिरफ्तार छात्र 17 वर्षीय आनंद कुमार पसपुरा गांव के रहने वाले रामविनय सिंह का पुत्र है। इस मामले को लेकर परिजनों ने बताया कि छात्र का मुंडन समारोह था। जहां से लौटकर घर आने के बाद वह अपने मवेशी को खाना खिला रहा था। उसी दौरान उत्पाद विभाग की पुलिस ने छापेमारी करने पहुंची। जहां घर से लगभग ढाई सौ मीटर की दूरी पर एक बसवारी से शराब बरामद कर उसके आरोप में छात्र को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनका किसी भी अवैध धंधे से दूर-दूर तक किसी भी तरह से वास्ता नहीं है। बावजूद इसको बिना जांच पड़ताल किए उसके पुत्र को हिरासत में लिया गया है। घरवालों ने बताया कि पुलिस के इसी कार्रवाई से नाराज ग्रामीण न्याय की मांग को लेकर उत्पाद बैरंक पहुंचा है। इस मामले में उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि आरोपी शराब के साथ पकड़ाया है, तो उसके पक्ष में लोग विरोध करेंगे ही। उत्पाद पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ आवेदन लेकर आरोपी के निर्दोष होने की बात करते हुए चीखते चिल्लाते नजर आ रहे थे।

# नल जल योजना में लूट खसोट को लेकर वार्ड सदस्या ने दर्ज कराई प्राथमिकी

प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी एससी एसटी थाना में बेनीपट्टी अनुमंडल के बिस्फी प्रखंड क्षेत्र के बरदहा पंचायत के वार्ड सदस्य तेतरी देवी ने नल जल योजना में घोटाले को लेकर कोर्ट परिवार पत्र के आधार पर दर्ज कराई प्राथमिकी वार्ड सदस्य तेतरी देवी ने अपने पंचायत के मुखिया ठेकेदार एवं अन्य के विरुद्ध एक आवेदन देकर नल जल योजना में पैसा निकासी कर लालच देकर कार्य ना पूरा कर देने का आरोप लगाते हुए गबन करने का मामला को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है प्राथमिकी में उन्होंने कहा कि मुखिया द्वारा नल जल के नाम पर मेरे से पैसा निकासी करवाकर ठेकेदार के साथ अन्य सहयोगियो से मिलकर 12लाख की निकासी करवा लिया गया है पैसा लेने के बावजूद भी अभी तक कार्य पूरा नहीं किया है जब इसकी शिकायत मुखिया से करने गए कि आप लोग मेरे वार्ड में नल जल योजना का कार्य क्यों नहीं पूरा कर रहे हैं इसी बात को लेकर मुखिया एवं अन्य सहयोगियों के द्वारा मुझे जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर भद्दी भद्दी गालियां देकर मेरे साथ मारपीट किया गया। इस संदर्भ में बरदाहा पंचायत के शहनाज बेगम, सालेहिन उर्फ फुल बाबू,फैजानूल हक ने झांसा देकर सरकारी नल जल योजना का काम करने हेतु उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक चेक के माध्यम से बंधन बैंक मिजार्पुर दरभंगा के खाता में कुल 12 लाख रुपया सरकारी राशि लिया गया है काम को अधूरा छोड़ दिया वार्ड सदस्य के द्वारा लगातार कार्य समाप्त करने को कहते रहे लेकिन सरकारी राशि गवन कर बहाना बनाता रहा और टालमटोल करता रहा दिनांक 16 अक्टूबर को संध्या 5:00 बजे मुखिया के दरवाजे पर वार्ड सदस्या पहुंची और अपने कार्य की पूर्ण करने को लेकर बोली इसी बात पर आक्रोशित होकर जाति सूचक शब्द कह कर गाली गलौज करने लगे और बोले साली मुशहर जाति को इतना हिम्मत है कि हम लोग को दरवाजा पर आकर नल जल योजना का काम पूरा करने के लिए बोलेगी इसी बात को लेकर सभी लोगों ने मेरे साथ गाली गलौज लाठी डंडा फैट मुक्का से मारपीट कर देने के संदर्भ में कोर्ट परिवाद पत्र के आधार पर अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। वहीं थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि परिवाद पत्र के आधार माननीय न्यायालय के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# खजौली थाना पर ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी/खजौली थाना कार्यालय के सभागार में शुक्रवार थानाध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह के नेतृत्व में ईद पर्व को लेकर जनप्रतिनिधि एव पदाधिकारी के साथ शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक के दौरान थानाध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से कहा कि थाना क्षेत्र के सभी मुश्लिम समुदाय टोले में सौहार्द पूर्ण ईद पर्व मनाने की बात बताया गया. उन्होंने कहा कि ईद पर्व के दिन कोई भी मुश्लिम समुदाय के लोग चौक चौराहे पर धातक हथियार, तलवार,लाठी,डंडा से लैस होकर भीड़ इकट्ठा नही करने की हिदायत दी.वही बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि ईद के दिन सुवह में ईदगाह में नमाज अदा कर अपने अपने घर मे ही ईद पर्व मनाने की दिशा निर्देश दिया गया.उन्होंने कहा कि ईद के दिन सरकार द्वारा बिना अनुमति प्राप्त किये बिना जो मुश्लिम समुदाय जुलूस, चौक चौराहे पर धातक हथियार एव लाठी,डंडा को भाजने पर प्रतिबंध लगाया गया है. उन्होंने ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी एव वुद्धजीवी लोगो से कहा कि ईद पर्व के दिन किसी भी मुश्लिम समुदाय के टोले से कोई भी शरारती तत्वों उन्माद फैलाने की कोशिश करें तो उस शरारती तत्वों को चिन्हित कर फौरन थाना को सूचना देने को निर्देश दिया. वही सीओ मनीष कुमार ने कहा कि ईद पर्व शांति भाईचारा के माहौल में पर्व मनाने की अपील किया है. उन्होंने ने सभी पंचायत के जनप्रतिनिधि से कहा कि ईद पर्व के दिन मुश्लिम समुदाय के लोगो को ईदगाह में नवाज अदा करने के समय किसी प्रकार का कोई दिक्कत नही हो.उन्होंने कहा कि ईद पर्व भाईचारा का पर्व को खुशी एव उत्साह पूर्वक मनाने की अपील किया.वही सीओ मनीष कुमार ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों ईद पर्व के दिन कोई बिकट समस्या उत्तपन के बारे जानकारी ली. वही उपस्थित सभी जनोरतिनिधि, समाजसेवी, वुद्धजीवी वर्ग ने पदाधिकारी को कहा कि खजौली थाना क्षेत्र में ईद पर्व के दिन हिन्दू एव मुश्लिम समुदाय के लोग एक दूसरे भाईचारा के तहत शांति पूर्ण वातावरण में वर्षों से मनाया जा रहा है.इस मौके पर कंहौली पंचायत के मुखिया अर्जुन सिंह, अशोक कुमार सिंह, पंसस रघुवीर गरेड़ी, सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न राउत, मो. गुलाम अली, सरपंच रामचंद्र सिंह,राम विनय राय, मो.कलाम,मो. छेदी, मो.नईम, पूर्व मुखिया चंद्रमोहन राय उर्फ बिजली, मो. अंसारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# शराब समेत अन्य मामले में छः आरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी / जयनगर थाना पुलिस के द्वारा शराब समेत अन्य मामले छः आरोपियों को गिरफ्तार किया। शराब के अलग अलग मामले में पुलिस के द्वारा की गई करवाई में शराब तस्करी में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल समेत भारी मात्रा में शराब जप्त किया गया। थाना अध्यक्ष के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पु.अ. नि.सुप्रिया कुमारी समेत एलटीएफ टीम के द्वारा थाना क्षेत्र में सघन गस्ती और चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र कमलाबाड़ी क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल पर लदी शराब की खेफ के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब और वाहन को जप्त कर गिरफ्तार आरोपी को आगे की करवाई हेतू थाना लाया गया। जप्त शराब में तीन सौ एम एल का 300 बोतल नेपाली देशी शराब है। गिरफ्तार आरोपी लदनिया थाना क्षेत्र के योगिया निवासी दुर्गा नन्द पासवान बताया जाता है। गिरफ्तार आरोपी पर बाबूबरही और नगर थाना में भी मामला दर्ज है मामले में फरार आरोपी है। मामले में अन्य फरार आरोपी थाना क्षेत्र के कमलाबाड़ी निवासी सुमित कुमार की गिरफ्तारी हेतू छपेमारी की जा रही है। वही शराब के दूसरे मामले में पु.अ.नि.बुद्धदेव राम और पैंथर टीम के द्वारा की गई करवाई में थाना क्षेत्र के वाटर वेज चौक और पटना गद्दी चौक के आसपास एक मोटरसाइकिल और शराब के साथ मामले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जप्त शराब में तीन सौ एम एल का 150 बोतल नेपाली देशी शराब है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों में राज नगर थाना क्षेत्र के गौड़ी मेरन निवासी राहुल कुमार और खजौली थाना क्षेत्र निवासी नरेश मुखिया एवं दरभंगा जिला के सदर थाना क्षेत्र छपकी लक्ष्मी सागर निवासी सूरज पासवान बातया जाता है। तीसरे शराब के पूर्व मामले में फरार चल रहे गिरफ्तार आरोपी राजनगर थाना क्षेत्र के भरिया विशन पुर निवासी संजय यादव बताया जाता है। ईस करवाई में पुलिस पदाधिकारी धिरेन्द्र कुमार सिंह पुलिस बल शामिल थे। वही चौथे मामले में पुलिस पदाधिकारी वीपीन कुमार सिंह और पुलिस बल के द्वारा पूर्व मामले का एक फरार वारंटी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के बेला निवासी ज्ञानी मंडल बताया जाता है। मामला दर्ज कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज देने की जानकारी दी गई।

# पिस्टल का भय दिखाकर लूट की घटना को अपराधियों ने दिया अंजाम

प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए जानकारी दिया कि बीती रात। रात्रि करीब 1:30 बजे रहिका थाना अंतर्गत ग्राम जगतपुर दुर्गा मंदिर स्थित नहर पुल के पास अज्ञात अपराधियों के द्वारा गेहूं तथा दवाई लदा दो ट्रक को बीच सड़क पर ई रिक्शा का बैरिकेटिग कर दोनों ट्रक के चालक एवं खलासी के साथ पिस्टल का भय दिखाकर मारपीट एक जख्मी करते हुए 3 मोबाइल और 25 हजार रुपैया सोने का एक हनुमानी लॉकेट और 10से12 बोरा गेहूं लूट की गई। उस घटना की त्वरित कार्रवाई करते हुए इस संबंध में रहिका थाना कांड संख्या 75 /23 दर्ज किया गया और तुरंत कार्रवाई करते हुए उक्त घटना में लूटी गई सामान अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक मधुबनी द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित किया गया विशेष टीम में पुलिस पदाधिकारी राज किशोर कुमार, राहुल कुमार, नंद कुमार सिंह, रहिका थाना के सशस्त्र बल एवं तकनीकी कोषांग कर्मी के द्वारा अनुसंधान एवं छापेमारी के क्रम में गुप्त सूचना मिली कि रहिका थाना अंतर्गत ग्राम जगतपुर स्थित बांसबिट्टी जीवछ धार के पास अपराधकर्मी लुट के सामान एवं पैसे का बंटवारा करने हेतु एकत्रित हुए हैं वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचना अनुसार चिन्हित स्थान पर पहुंचे तो पुलिस बल को देखकर समी अपराध कर्मी भागने लगे जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से तीन अपराध कर्मियों को पकड़ा गया तथा तीन अपराधी भागने में सफल रहे घटना कार्य होने के 2 घंटा के अंदर पकड़ाए अपराध कर्मियों के पास से लूटा गया सामान रुपया घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा तथा देशी कट्टा व कारतूस बरामद किया गया अपराध कर्मी रुपेश पासवान पिता दुखरण पासवान ग्राम जगतपुर,राहुल कुमार उर्फ स्विच ऑफ पिता प्रेम कुमार चौधरी ग्राम जगतपुर,हिमांशु पासवान पिता महेंद्र पासवान ग्राम रामपुर पाली थाना खजौली जो कि जगतपुर निवासी सुनील पासवान पिता रामचंद्र पासवान का साला है। सभी को न्याय प्रक्रिया कर जेल भेजने की प्रक्रिया जारी है वही पुलिस अधीक्षक ने बताया कि राहुल कुमार आर्म्स एक्ट के तहत एक महीना पहले जेल से जमानत पर छूट करके आया था और वही पुनः घटना का अंजाम दिया।

# डीएम ने परिवादियों के शिकायतों पर अधिकारियों को निष्पादन करने का दिए आदेश

प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिले भर से आए परिवादियों से मुलाकात की गई और न केवल उनकी शिकायतों को सुना बल्कि सबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश भी दिया गया। बताते चलें कि प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के आयोजन के मौके पर जिलाधिकारी सभी परिवादियों से मुलाकात करते हैं और उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में आज कुल 93 परिवादी अपनी शिकायतों के साथ आए थे। हमेशा की तरह सबसे अधिक शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित रहीं। वहीं कई लोग अपनी निजी समस्यायों के निराकरण हेतु भी आए थे। जिले के वरिष्ठ नागरिक संघ के शिष्टमंडल द्वारा मधुबनी नगर निगम से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की तरफ जिला पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया गया। साथ ही स्थानीय वाटसन स्कूल के संरक्षण को लेकर भी कई मांग रखी गई। फुलपरास प्रखंड के नवटोल के रहने वाले राम नारायण यादव ने आरोप लगाया कि गांव के दबंगों द्वारा भूदान में प्राप्त उनकी जमीन को जबरन दखल किया जा रहा है। लदनिया प्रखंड के ग्राम पंचायत राज पद्मा के राम प्रसाद सिंह ने जिलाधिकारी से निवेदन करते हुए कहा की पंचायत की सड़क को अतिक्रमण से मुक्ति मिल गई है। अब उसके पुनर्निर्माण की जरूरत है। बासोपट्टी प्रखंड के ग्राम पंचायत राज बासोपट्टी पूर्वी में के निवासी नथुनी महतो द्वारा बताया गया कि उनकी पंचायत में मनरेगा में बड़े स्तर पर अनियमितता की गई है। जिलाधिकारी ने इस संबंध में जिला स्तरीय टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिए हैं। प्रखंड फुलपरास के ग्राम पंचायत राज धर्मडीहा के वार्ड नंबर 10 के वार्ड सदस्य सोनेलाल मंडल द्वारा आरोप लगाया गया कि उनकी पंचायत के पूर्व के वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति द्वारा नल जल योजना में गड़बड़ी की गई है। जयनगर के बस्ती पंचायत के रहने वाले अरविंद कुमार सिंह एवं अन्य लोगों ने गुहार लगाई है कि जयनगर के वार्ड नंबर 2 में नाला के निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है। नाले के अभाव में लोगों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पंडौल प्रखंड के उप प्रमुख दीपक कुमार साह द्वारा पंचायत समिति की बैठक व योजनाओं के चयन में सरकारी दिशानिर्देशों के उल्लंघन की शिकायत की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### गाय के बथान में अचानक लगी आग सब कुछ जलकर राख

संग्रामपुर (मुंगेर)। थाना क्षेत्र रामपुर पंचायत अंतर्गत मनियां मुसहरी में लक्ष्मण साह के बथान में आग लगने से बथान में रखा एक ग्लैमर मोटर साइकिल गाड़ी और 50 मन गेहूं आग के चपेट में आकर राख हो गया भीषण आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीण अपने घर से बाल्टी में पानी लेकर पहुंचे परंतु आग पर काबू नहीं कर पाया। वार्ड 8 के प्रतिनिधि गौतम झा ने संग्रामपुर थाना को सूचना दिया गया। सूचना पाकर संग्रामपुर पुलिस दमकल गाड़ी के साथ पहुंचा और आग पर काबू पा लिया। लेकिन आग की चपेट में सबकुछ जलकर राख में तब्दील हो गया। वही ग्रामीणों ने बताया कि पता नहीं चल पाया है कि आग कैसे लगी। ग्रामीण ने यह भी बताया कि हो सकता है कि यह आम रास्ता है रास्ते पर कोई सिगरेट पीते हुए जा रहा होगा उस के ही द्वारा सिगरेट के तिल्ली से आग लग गया होगा।

### नगर आयुक्त ने ईदगाह मैदान का लिया जायजा, दिये कई आवश्यक दिशा निर्देश

नाथनगर (भागलपुर)। नगर निगम के नगर आयुक्त योगेश सागर व उनकी टीम नाथनगर इलाके में ईद पर्व को लेकर सीटीएस मैदान स्थित ईदगाह का जायजा लेने पहुंचे। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कहा कि ईद पर्व को लेकर साफ सफाई की पूरी ध्यान रखा जा रहा है, जिसको लेकर सीटीएस में मैदान में ईद पर्व के दिन काफी संख्या में लोग नवाज अदागी के लिए आते है। जिसको लेकर निगम कर्मी को निर्देश दिया गया है कि ईदगाह मैदान की बेहतर तरीके से साफ सफाई के साथ नवजगी करने पहुंचे लोगों के बीच किसी तरह की परेशानी न हों सके इसके खास तौर पर निर्देश दिया था।

### रमजान की आखिरी जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

भागलपुर। रमजान का महीना बरकतों का होता है और इस दिन का ज्यादा ही महत्व होता है, इस दिन मुस्लिम समाज ईद की तरह अलविदा के नमाज को अदा करते हैं, आखरी जूमे पर जिला सहित आसपास के इलाके में स्थित सभी मस्जिदों में हजारों लोगों ने नमाज अदा की और पूरे मुल्क और कौम की तरक्की के लिए भी हजारों हाथों ने दुआ की। वही शहर के बीच स्थित ततारपुर मस्जिद के समीप हजारों की संख्या में नमाजियों ने सड़कों पर ही नमाज अदा करते दिखे यह परंपरा वर्षो से चली आ रही है। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा जुमे की अलविदा नवाज को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। वही ईद को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### परशुराम जयंती पर शोभायात्रा को लेकर चलाया जा रहा जनसंपर्क अभियान

पूर्णिया/बड़हरा कोठी। पूर्णिया में चूनापुर शिव मंदिर से रंगभूमि मैदान बजरंगबली मंदिर स्थान तक निकलने वाली भगवान परशुराम जन्मोत्सव की सफलता के लिए ब्रह्मशक्ति पूर्णिया के सदस्यों द्वारा बड़हरा कोठी प्रखंड क्षेत्र के गांव गांव में घूम घूम कर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बड़हरा कोठी प्रखंड क्षेत्र के सुखसेना गांव में गुरुवार एवं शुक्रवार को ब्रह्मशक्ति पूर्णिया के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों से शोभायात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया गया। शोभायात्रा के सफलता के लिए संचालित जनसंपर्क अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए ब्रह्मशक्ति पूर्णिया के उपाध्यक्ष दिलखुश झा ने बताया कि शोभायात्रा में ज्यादा से ज्यादा लोगो को शामिल करने के उद्देश्य से जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से शोभायात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी गांवों का दौड़ा कर युवाओं को शोभायात्रा में शामिल होने के किए जागरूक किया जा रहा है।

### कई दिनों के बाद दिखी थोड़ी नरमी, लोगों ने ली राहत की सांस

पूर्णिया। जिले में गर्मी चरम पर है। पारा 41 डिग्री पहुंच गया है। जिले में लू चलने लगी है। पिछले 10 साल में अप्रैल महीने के दूसरे हफ्ते में पहली बार तापमान 41 डिग्री के पार पहुंचा है। साल 2016 में अप्रैल महीने में 25 अप्रैल को सर्वाधिक तापमान 41.3 डिग्री दर्ज किया गया था। इसके बाद इस साल अप्रैल महीने में तापमान 41 डिग्री के पार पहुंचा है। मौसम विभाग ने हीट वेव की संभावना जताने के साथ-साथ तापमान में बढ़ोतरी की आशंका जताई। दिन के समय में 6 से 7 किमी की रफ्तार से पछुवा हवा के साथ लू जैसी हवा चल रही है। आने वाले सप्ताह में भी मौसम इसी तरह से बना रहेगा। मौसम विभाग ने पूर्णिया, किशनगंज, अररिया समेत उत्तरी-पूर्वी बिहार के लिए इसी तरह के मौसम रहने की संभावना जताई है। गर्मी के असर से जिले में उल्टी-दस्त, बुखार, सर्दी-जुकाम से परेशान मरीज की संख्या में बढ़ोतरी होने लगी है। दिन और रात के बीच के तापमान में लगभग 20 डिग्री का अंतर है।

# जमुनिया नदी पर भू माफियाओं की है काली नजर

## नदी की धारा को मिट्टी डंप कर भरवाने का किया जा रहा कार्य, इससे हो सकती है बड़ी तबाही की आशंका

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। विश्वविद्यालय के किलाघाट स्थित जमुनिया नदी की धार को मिट्टी की ढेड़ डंपिंग कर गंगा के बहाव को बंद किये जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि गंगा के उक्त मार्ग को भरने का मकसद दियारा इलाके में पहुंच पथ सुचारू रूप से निर्माण कर सुदृढ़ करना वही एक तरफ जहां तहां सरकार तलाब खुदाई कार्य करवाने की कवायद तेज कर रही है, जिससे पानी का जलस्तर ठीक रह सके और पानी की दिक्कत ना हो, इसके लिए करोड़ों की राशि खर्च की जा रही है।

वहीं दूसरी तरफ भू माफिया नदी की धारा को ही भरने का कार्य करने में डटे रहे हैं। उक्त मामले की जानकारी मिलने पर जब देर रात धारा के समीप स्थानीय थाना पुलिस टीम पहुंची तो उक्त स्थल पर जेसीबी से माफिया द्वारा मिट्टी को नदी की धारा में डालने कार्य में जुटी हुई थी। वही दिन के समय जब पुनः स्थानीय थाना पुलिस टीम मौके पर जब पहुंची तब भी भूमाफिया अपने मनसूबों को ट्रैक्टर से मिट्टी डंपिंग कर गंगा की धारा को भरने का कार्य जोर सोर से करने में जुटे हुए थे। वही उक्त मसले पर आसपास के लोग भू माफिया के डर से कुछ भी नहीं बता पा रहे हैं। वही जमुनिया नदी की धार को भरने का काम करा रहे युवक का कहना है कि यहां पर गुजरात की कंपनी जो सड़क निर्माण का काम कर रही है, इसी कड़ी में बाहरी भवन की तोड़ी गयी मलवे के अवशेषों के साथ-साथ मिट्टी को भी उक्त नदी की धारा में डालकर भराई का कार्य किया जा रहा है।

जिससे दियारा इलाके में रहने वाले लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना ना पड़े और आसानी से सड़क के रास्ते से डियस इलाके में परिचालन शुरू हो सके । वहीं दूसरी तरफ वहां से गुजर रहे युवक का कहना है कि नदी की धारा को भरा जा रहा है। वहीं उससे पूछे जाने पर कि इससे पानी की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। तब वह कुछ भी बोलने से बचता रहा। इन तस्वीरों को देखकर समझा जा सकता है कि शहर में भूमाफिया कितने बेखौफ हैं। वहीं दूसरी तरफ इस मसले पर जब जिलाधिकारी को नदी की धार भरवाये जाने का वीडियो दिखाया गया तो उन्होंने अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को इसकी जांच के लिए निर्देशित किया गया है। वही उक्त मामले को लेकर जिलाधिकारी का कहना है कि जांच के बाद जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी। वही सवाल खड़े हो रहे हैं कि पिछले एक माह से यहां पर नदी भरने का काम किया जा रहा है। उसके बावजूद भी आज तक जिला प्रशासन को इसकी सूचना क्यों नहीं मिली। कहीं इसमें प्रशासन के भी लोग तो नहीं मिले हुए हैं। वही दूसरी तरफ लगातार इलाके में गश्ती करने वाली पुलिस को इसकी सूचना क्यों नहीं या फिर कही पुलिस की जानकारी में उक्त कार्य को जल्दी निपटने की कवायद की जा रही है और पुलिस नजरअंदाज करने का ढोंग रच रही हैं।

# सुर्य ग्रहण समाप्ति के बाद गंगा स्नान को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात: किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज के अजगैविनाथ गंगा घाट स्थित नमामि गंगे घाट पर आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों की भीड़ सुर्य ग्रहण समाप्ती के बाद गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड उमड़ पड़ी है। अहली सुबह गंगा स्नान करने के लिए दोनों घाटों में स्नान करने लिए भीड़ उमड पडी है। वही गंगा स्नान के दौरान मिरहट्टी के रहनेवाली एक युवती गहरे पानी में चले जाने पर गंगा में डुबने लगी थी।

तभी जाह्नवी गंगा विकास परिषद के सदस्य प्रशांत बाबा एंव जीवन जागृति के सदस्य रविन्द्र कुमार के द्वारा डुबते हुए एक युवती को आनन फानन में गंगा में कूद कर जान बचाया जा सकी, इस सराहनीय कार्य को देखते हुए बाहर से आनेवाले सभी श्रद्धालुओं ने मौजूद सदस्यों को धन्यवाद दिया, साथ ही जन संसद के संगरक्षक अजीत कुमार ने भी जाह्नवी गंगा परिषद के सदस्य प्रशांत बाबा एंव जीवन जागृति के सदस्य रविन्द्र कुमार को डुबते हुए युवती की जान बचाने पर धन्यवाद देते हुए पुरस्कृत करने की बात कही है। इसको लेकर थानाध्यक्ष प्रिय रंजन के द्वारा गंगा घाट एंव जगह जगह पुलिस बल की तैनाती के साथ पुलिस बलों को ड्युटी पर लगाया गया है। मामले को लेकर नगर परिषद के द्वारा गंगा घाट में साफ सफाई अभियान सह जागरूकता अभियान चलाया गया है।

# अगलगी की घटना में डेढ़ सौ घरों को अपने आगोश में ले किया राख की ढेड़ में तब्दील

## घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची छः गाड़ी के साथ फायर ब्रिगेड की टीम, काफी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। तिलकामांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत सच्चिदानंद नगर में तकरीबन डेढ़ सौ घरों को अगलगी की घटना में मिट्टी की ढेड़ में तब्दील होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि अगलगी की घटना में देखते ही देखते आग की लपटें इतनी भयावह रूप धारण कर लिया था कि आसपास के डेढ़ सौ घरों को अपने आगोश में ले राख की ढेड़ में तब्दील कर दिया। उक्त अगलगी की घटना ने पहले एक घर को अपना निवाला बनाने के साथ दूसरे से तीसरे और फिर चौथे घर को अपने आगोश में ले लिया और इस तरह से डेढ़ सौ घरों को अपने आगोश में ले लिया। उक्त घटना की सूचना पाते ही मौके पर लगातार फायर ब्रिगेड की टीम अपने 6 गाड़ियों के साथ पहुंची। जहां फायर ब्रिगेड की टीम पूरी ताकत के साथ आग के विकराल रूप को शांत करने की जद्दोजहद में जुटी लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था, वही टीम के द्वारा काफी मशक्कत के बाद लगी आग पर किसी तरह काबू पाने में सफल रही, लेकिन हवा तेज होने के चलते अभी भी आग की लपटें तेज हो अपना प्रचंड रूप दिखा रही थी। वही इस घटना में कई टोटो गाड़ियां कई ई रिक्शा ठेला गाड़ी जलकर राख की ढेड़ में तब्दील हो गया। वही आसपास के लोगों का कहना है किसी तरह जान बचाकर अपने घरों से निकल पाया हूं, और जानमाल को बचा पाया हूं, हम लोगों की जमा पूंजी पूर्णरूपेण आग की भेंट चढ़ कर जलकर राख हो गई है। वहीं घटना स्थल पर तिलकामांझी थाना व कोतवाली थाना की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास में लगी हुई है, लोग अपने घरों को बचाने की कवायद में जहां-तहां से पानी इकट्ठा कर किसी तरह आग पर काबू पाना चाह रहे थे। वही इलाके के रहनेवाले लोगों ने बताया कि हम लोगों को जब तक पता चलता तब तक सच्चिदानंद नगर के पूरे इलाके में आग का बवंडर छा गया और तेज हवा के चलते पूरे इलाके को अपने आगोश में लील लिया, किसी तरह जान बचाकर अपने बच्चों को बाहर निकाला पाया जिससे किसी तरह के हताहत होने की स्थिति उत्पन्न न हो सकी।

# ईद त्यौहार को लेकर पुलिस लाइन से निकाला फ्लैग मार्च

भागलपुर। जिला पुलिस लाइन से वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के निर्देश पर ईद त्यौहार को लेकर सिटी एसपी के नेतृत्व में क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर फ्लैग मार्च किया। इस दौरान सिटी डीएसपी अजय कुमार चौधरी शहरी क्षेत्र के कई थानों के थाना प्रभारियों के साथ-साथ भारी संख्या में पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च में हिस्सा लिया। फ्लैग मार्च पुलिस लाइन से निकलकर शहरी क्षेत्र के सभी इलाकों से होकर ग्रामीण इलाकों में पुलिस जवानों के द्वारा फ्लैग मार्च करते हुए शरारती तत्वों के बीच सतर्कता बरतने का संदेश दिया गया है। वही जगह जगह पुलिस माइकिंग के माध्यम से पुलिस पूरी मुस्तैदी से है और किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई किये जाने के संदेश दिये हैं। वही सिटी एसपी ने बताया कि सौहार्दपूर्ण माहौल में लोग ईद मनाए।

# महिला के साथ प्राचार्य ने किया दुष्कर्म का प्रयास

प्रात: किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। शाहकुंड थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय नियामतपुर की रसोईया के पद पर कार्यरत सविता देवी के साथ विद्यालय प्राचार्य द्वारा वेतन का भुगतान करने की मांग करने पर गलत नियती को लेकर रसोइया के साथ प्राचार्य द्वारा दुष्कर्म करने का प्रयास किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला विगत 18 अप्रैल की बतायी जा रही है। वही मामले से अपनी रक्षा करने को लेकर जब पीड़िता प्राचार्य की चंगुल से अपनी जान छुड़ाकर भागने लगी तब हवस के नुमाइंदे प्राचार्य ने लोहे के रड से उसके सिर पर प्रहार कर लहूलुहान कर गंभीर रूप से जख्मी व घायल कर दिया था। उक्त मामले की शिकायत याचिका को लेकर पीड़िता रसोइया के द्वारा शाहकुंड थाने में दी गई थी, लेकिन थाने के पुलिस पदाधिकारी द्वारा दोषी प्राचार्य के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने के बाद पुनः न्याय की गुहार ले पीड़िता रसोइया अपने पति के साथ वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के समक्ष पहुंची। जहां पीड़िता ने रो-रोकर अपनी आपबीती व्यथा सुनाई और आरोपी प्राचार्य के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगायी है। वही मामले को लेकर पीड़िता रसोइया के पति का कहना है कि उसकी पत्नी दो साल से स्कूल में रसोइया के पद पर कार्यरत है लेकिन आज तक उसे विद्यालय प्राचार्य द्वारा वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। जिसके लिए पूर्व में भी मेरी पत्नी जिलाधिकारी से मिली थी, लेकिन जब वह स्कूल प्राचार्य से वेतन के लिए गुहार लगा रही थी तो स्कूल प्राचार्य के द्वारा उसके साथ गलत करने का प्रयास किया गया, और गलत करने में जब वह सफल नहीं हुआ तो रड से उसका सर फोड़ लहूलुहान कर गम्भीर रूप से जख्मी व घायल कर दिया। वही वरीय पुलिस अधीक्षक ने पीड़िता को आश्वासन दिया है कि मामले में जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# भीषण गर्मी देखते हुए पदाधिकारीयों व जनप्रतिनिधियों के साथ की संयुक्त बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर) सुलतानगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में तपती धूप व उमस भरी गर्मी को लेकर प्रखंड के सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक की। बैठक के दौरान पंचायती राज्य पदाधिकारी नीलीमा कुमारी के प्रखंड मुख्यालय में पदभार ग्रहण करने पर स्वागत सह समारोह का भी आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मुर्मू ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सांख्यिकी पदाधिकारी राकेश कुमार, कृषि पदाधिकारी अजय मनी ने अपनी मौजूदगी दर्ज की। बैठक के क्रम में मुख्य अतिथि एंव सभी जनप्रतिनिधियों ने पंचायती राज्य पदाधिकारी नीलीमा कुमारी को बुके देकर स्वागत किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों से बढ़ रही गर्मी के तापमान में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए जिला मुख्यालय द्वारा निर्धारित आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मुर्मू ने मिडिया प्रतिनिधि को बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी विभाग एंव जनप्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक की गयी है, सरकार के द्वारा जारी दिशा निर्देश अवगत कराने के साथ कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं, उसका पालन करते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किये गये है जिसमें गर्भवती महिला एंव बुढे, बच्चे पर विशेष ध्यान दिये जायेंगे, कोई भी परेशानी नहीं हो इसके लिए सभी लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी गयी है, साथ ही पंचायती राज्य पदाधिकारी नीलीमा कुमारी ने भी संबंधित पंचायत को नम्बर वन पर ले जाने का संकल्प से अवगत कराया है, और साथ ही भीषण गर्मी को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को देखते हुए पंचायत में जल संरक्षण योजना को पूरा करते हुए भीषण गर्मी में लोगों के जानमाल की रक्षा के लिए जागरुकता अभीयान चलाये जाने की बात कही है। इस दौरान पंचायत के मुखिया चंदन कुमार, संजीव विधान, खुशबू रानी, अनिल मंडल, अशौक यादव, भरत यादव, सहित कई पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मौजूद थे।

# आगलगी की घटनास्थल पहुंचे विधायक व एसडीओ लिया स्थिति का जायजा

## एसडीएम ने अग्नि पीड़ितों को हर संभव मदद दिलाने की कही बात

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। तिलकामांझी थाना क्षेत्र स्थित सच्चिदानंद नगर कॉलनी घटित हुई अगलगी की सूचना मिलने पर पीड़ित परिवार के बीच कांग्रेस विधायक दल के नेता अजीत शर्मा व सदर अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार सहित जिले के कई पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। जहां कांग्रेस विधायक ने अगलगी बुझाने के कार्यो का जायजा लिया। वहीं जिला प्रशासन के अधिकारियों से अग्नि पीड़ितों को हर संभव मदद दिलाए जाने की बात कही। वही मामले को लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि आग लगने की घटना के बाद अंचलाधिकारी के द्वारा रिपोर्ट तैयार की जाएगी, और लोगों की क्षतिपूर्ति की जानकारी हासिल कर 24 से 48 घंटे के अंदर लोगों के हुए आर्थिक रूप में हुए क्षति का मुआवजा जिला प्रशासन के द्वारा दिया जाएगा। वही उक्त घटना में कितने लोग प्रभावित हुए हैं उनके खाने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी आग बुझाने का काम जारी है और जल्दी आग पर अब पूरी तरीके से काबू पा लिया जाएगा।

# एनक्वास प्रमाणीकरण को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी को किया जा रहा विकसित

पूर्णिया । स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। ताकि बेहतर प्रदर्शन करने वाली सुविधाओं को पहचानने के साथ-साथ समुदाय के सार्वजनिक अस्पतालों की विश्वसनीयता में सुधार लाया जा सके। जिसको लेकर सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) के मानदंडों के अनुरूप अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी को विकसित करने का काम किया जा रहा है। हालांकि राज्य स्तरीय टीम के द्वारा इस अस्पताल का चयन ह्रमिशन क्वालिटीह्न के तहत किया गया है। स्थानीय स्तर के मरीजों को दी जाने वाली सुख सुविधाओं को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि आने वाले दिनों में प्रमाणीकरण कराया जा सके। इस अवसर पर जिला सलाहकार, गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार शर्मा, अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रिंस कुमार सुमन, अस्पताल प्रबंधक अभिषेक आनंद, यूनिसेफ के क्षेत्रीय सलाहकार शिव शेखर आनंद, स्थानीय स्तर के सभी विभागों के नोडल अधिकारी एवं सभी स्टाफ नर्स उपस्थित हुए। अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रिंस कुमार सुमन ने बताया कि वर्ष 2020 से लगातार प्रत्येक वर्ष लक्ष्य प्रमाणीकरण होते आ रहा है। वर्ष 2022/23 में कायाकल्प कार्यक्रम के तहत भी प्रमाणीकरण हो चुका है। लेकिन अब एनक्वास को लेकर वृहत पैमाने पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। जिसके तहत यूनिसेफ की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

ताकि एन्क्वास को लेकर आने वाली टीम को किसी प्रकार से कोई शिकायत नहीं मिले। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों में मुख्य रूप से स्वच्छता (हाइजैनिक), बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, संक्रमण मुक्त प्रबंधन, मरीजों के साथ स्वास्थ्य कर्मियों का मित्रवत व्यवहार, दवा वितरण रखरखाव, दवा की उपलब्धता, अस्पताल परिसर के अंदर की सफाई एवं बाहरी साफ-सफाई सहित कई तरह की व्यवस्थाओं के आधार अंको का निर्धारण किया जाता है। जिसमें न्यूनतम 70 अंक से अधिक आने के बाद ही गुणवत्ता की कसौटी पर अस्पताल खरा माना जाता है। यूनिसेफ के क्षेत्रीय सलाहकार शिव शेखर आनंद ने बताया कि जिला अस्पताल के बदले अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी को मिशन 60 के तहत चयनित किया गया है। हालांकि इस अस्पताल में पहले की अपेक्षा काफी बदलाव हुआ है। अस्पताल की खासियत यह है कि लक्ष्य और कायाकल्प में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद प्रमाणीकरण हो चुका है लेकिन अब एनक्वास को लेकर फोकस किया जा रहा है।

# बिहार राज्य अध्यापक नियमावली-2023 के तहत नियोजित शिक्षकों का बिना शर्त समायोजन हो : पवन

प्रात: किरण संवाददाता

रूपौली/ पूर्णिया। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ पूर्णिया के जिला अध्यक्ष पवन कुमार जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य सरकार के उपेक्षित रवैये से सूबे के लाखों प्रारंभिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक शिक्षक एवं पुस्तकालय अध्यक्ष आर्थिक मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का शिकार बन रहे हैं। सरकार द्वारा समस्या निदान करने के बजाय दिन प्रतिदिन समस्याएं उत्पन्न कर शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने से वंचित किया जा रहा है। बिहार राज्य अध्यापक नियमावली-2023 जारी कर नियोजित शिक्षकों के साथ धोखा दिया है। इस संबंध में राज्य स्तर पर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू की अध्यक्षता में 19 अप्रैल को बैठक आयोजित कर निर्णय लिया गया है कि अध्यापक नियुक्ति नियमावली 2023 में संशोधन हेतु सत्तारूढ़ दल के विधायक, विधान पार्षद, मंत्री का घेराव कर ज्ञापन सौंपेंगे। पंचायती राज संस्था एवं नगर निकाय अंतर्गत शिक्षकों का सीधा समायोजन हो। महागठबंधन ने बिहार विधानसभा चुनाव 2020 के चुनावी घोषणा पत्र में नियोजित शिक्षकों की मांगों को प्रमुखता से शामिल किया गया था। परन्तु 10 अप्रैल को उक्त नियमावली आने के बाद नियोजित शिक्षकों को घोर निराशा हुई है। राज्य के सभी नियोजित शिक्षकों में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। प्रारंभिक से लेकर माध्यमिक, उच्च माध्यमिक के शिक्षकों के हित को ध्यान में रखकर व्यापक एवं सशक्त आंदोलन की रणनीति बनाने को लेकर राज्य में बने विभिन्न मोर्चा को एकीकृत कर एक मंच पर लाने हेतु आगामी 27 अप्रैल को बैठक राज्यस्तर पर आहूत किया जाएगा, जिसमें नियोजित शिक्षकों को अध्यापक पद में समायोजन होने तक अनवरत आंदोलन करने की रूप रेखा तैयार कर संकल्प लिया जाएगा। सरकार की गलत नीति शिक्षकों को संघर्ष करने के लिए वाध्य कर डाला है। महागठबंधन की सरकार चुनावी 2020 के वादे को लागू करने में असफल रही है। व्यापक आंदोलन के माध्यम से ही अपनी मांगों की पूर्ति करने हेतु सरकार को वाध्य करेंगें।

# एसडीओ ने अंचलाधिकारी को दिया चार रिमाइंडर पत्र

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। अंचल कार्यालय हवेली खड़गपुर भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है। रैयत भ्रष्टाचार के कारण परेशान है। बिहार भूमि सुधार विभाग इस भ्रष्टाचार का निवारण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है जिसके कारण एक पत्रकार ने यहां के रैयतों को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने के लिए बिहार के मुख्य सचिव, भूमि सुधार विभाग के सचिव, आयुक्त मुंगेर , जिला पदाधिकारी मुंगेर , अनुमंडल पदाधिकारी खड़गपुर, अंचल अधिकारी हवेली खड़गपुर , प्रभारी अंचल निरीक्षक ओमप्रकाश प्रसाद को तीन बार वकालतन नोटिस देकर कई बिंदुओं पर जवाब मांगा गया था। लेकिन बिहार के आला अधिकारी ने विभागीय कार्यवाही करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र भेजकर वकालत नोटिस के बिंदुओं पर जवाब मांगा है। अनुमंडल पदाधिकारी खड़गपुर को जिला पदाधिकारी मुंगेर में पत्रकां संख्या 180 /23 भेज कर प्लीडर नोटिस के 13 बिंदुओं पर जवाब देने का निर्देश दिया है। अनुमंडल पदाधिकारी खड़गपुर ने इस आलोक में अपने कार्यालय से 4 बार रिमाइंडर पत्र भेज कर अंचलाधिकारी संतोष कुमार सिंह से जवाब मांगा है लेकिन समाचार लिखे जाने तक अंचलाधिकारी हवेली खड़गपुर ने कोई जवाब अपने अंचल कार्यालय से अनुमंडल कार्यालय को नहीं भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगेर के सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष) का वरद हस्त रहने के कारण व्यापक भ्रष्टाचार के बावजूद भी बिहार भूमि सुधार विभाग द्वारा अंचल अधिकारी संजय कुमार सिंह पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही हैं। जबकि क्षेत्र की जनता अंचल कार्यालय के व्यापक भ्रष्टाचार से परेशान होकर जिलाधिकारी कार्यालय और आयुक्त कार्यालय का भी चक्कर लगा रहे हैं। जिला अधिकारी और आयुक्त के आदेश को रद्दी की टोकरी में रखकर अंचल अधिकारी धूल चाटवा रहा है। इस आलोक में खड़गपुर के एक पत्रकार नै उपरोक्त सभी पदाधिकारी के खिलाफ उच्च न्यायालय पटना में याचिका दायर करने की तैयारी कर लिया है।

# पीएम मोदी के मन की बात एपिसोड के 100वें संस्करण को लेकर चलाया जन जागरण अभियान

प्रात: किरण संवाददाता

पूर्णिया/ कसबा। पीएम नरेंद्र मोदी के 'मन की बात कार्यक्रम' का आगामी 100 वां संस्करण 30 अप्रैल को प्रसारित किया जाएगा। इसी कड़ी में कसबा के सब्दलपुर बूथ संख्या 288 पर मन की बात को लेकर जन जागरण चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय महलदार ने की। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रदीप दास, कसबा विधानसभा प्रभारी निरंजन ठाकुर, कसबा ग्रामीण मंडल संयोजक सुरेश प्रसाद शर्मा, भाजपा प्रखंड उपाध्यक्ष प्रदीप महलदार, जिला उपाध्यक्ष नाथू लाल साह, रामानंद महलदार, अशोक ऋषि, वार्ड सदस्य अर्जुन ऋषि आदि मौजूद थे। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रदीप दास ने कहा कि 100 वां मन की बात कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या बुथस्तर के भाजपा कार्यकर्ता एकजुटता होकर 30 अप्रैल को पीएम की मन की बात कार्यक्रम में भाग लेने के साथ सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है उसे ओर बड़ी बनाने के लिए समाज के हरेक वर्गो के लोगों को आगे आना होगा ताकि संगठन मजबूत होगा।

जब संगठन मजबूत होगा तो लोकतंत्र के साथ -साथ देश मजबूत होगा और वर्ष 2024 में भाजपा मजबूती सीटों के साथ पुनः एक बार फिर मोदी सरकार का नारे के साथ देश के मजबूत प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कार्यकर्ता से कहा कि अभी से लग जाए पार्टी के कामों में हरेक बुथस्तर के लोगों के घर जा जाकर भाजपा पार्टी सदस्य बनाये ताकि 2024 के लोकसभा में मजबूती के साथ अपने पार्टी के लोगों को सांसद बनाये जाए। वहीं उन्होंने हुंकार भरते लहजे में कहा कि विधानसभा चुनाव में अपने पार्टी का बिहार का सीएम बने। यह भाजपा पार्टी की मंसा है। इसलिए संगठन में अभी से लग जाए।

# गैंगस्टर अतीक अहमद के पक्ष में नारेबाजी करने पर भाजपा नेता ने जताया नाराजगी

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर पटना में रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा की नमाज अदा के बाद यूपी के गैंगस्टर अतीक अहमद के पक्ष में नारेबाजी से नाराज भाजपा नेता शैलेंद्र चौधरी ने नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा नीतीश कुमार बिहार को पाकिस्तान बनाना चाहते हैं, वे यहां तालिबानी कानून लागू करना चाहते हैं मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति ने बिहार को बबार्दी के कगार पर पहुंचा दिया है। राजद की गोद में बैठे नीतीश कुमार ने गृह मंत्री का पद अपने पास रखा हुआ है। तभी बिहार मुस्लिम आतंकियों का अड्डा बन गया है। पटना में सरेआम अतीक अहमद जैसे गुंडे और मवाली के समर्थन में नारे लग रहे हैं और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। नीतीश कुमार को शर्म आनी चाहिये पिछले दिनों बिहार में पीएफआई का बडा नेटवर्क सामने आया है। बिहार के हर जिले में आतंकी संगठन पीएफआई ने अपना संगठन खड़ा कर लिया है। बिहार की मौजूदा सरकार में शामिल राजद और जेडीयू दोनों एक जैसे हैं। जिस मौलाना बलियावी ने सेना को अपमानित करने वाला और पाकिस्तान परस्त बयान दिया था उसे जेडीयू ने अपना राष्ट्रीय महासचिव बनाया है। वहीं, राजद की गोद में तस्लीमुद्दीन और शहाबुद्दीन जैसे गुंडे पलते रहे उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अतीक अहमद के पक्ष में नारेबाजी की है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिये। बिहार में अगर योगी आदित्यनाथ जैसी सरकार रहती तो गुंडे मवालियों और उनके समर्थकों के होश ठिकाने पर आ जाते।

## संक्षिप्त खबरें

### गया जिला पूरे बिहार में सबसे अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना का मिला लाभ

गया।वित्तीय वर्ष 2022 देश में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गया जिला में 102000 से अधिक आवाज को पूर्ण कराया गया पूरे बिहार में राज में गया जिला में सबसे अधिक आवासों को पूर्ण कराया गया इस हेतु वित्तीय वर्ष 2022 23 के परफॉर्मेंस के आधार पर गया जिला को राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मान पत्र एवं अवार्ड दिया गया जिला पदाधिकारियों ने उप विकास आयुक्त तथा ग्रामीण विकास विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दिया द्वारा बताया गया कि जिला पदाधिकारी कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन रुक गया जिला पूरे बिहार में सबसे अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ सफल रहा है।

### आज मनाई जाएगी नागरी प्रचारिणी मे दानवीर भामाशाह की जयंती

आरा। भारतीय जनता पार्टी भोजपुर द्वारा स्थानीय आरा नागरी प्रचारिणी सभागार मे महाराणा प्रताप के सहयोगी दानवीर भामाशाह की जयंती आज मनाई जाएगी।जयंती समारोह कार्यक्रम के पूर्व संध्या पर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के अध्यक्षता मे तैयारी हेतु एक बैठक की गई। बैठक मे कल के कार्यक्रम के लिए विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के लिए जिलाध्यक्ष द्वारा आयोजन समिति का गठन किया गया।आयोजन समिति मे जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज ललन,अखिलानंद ओझा,महामंत्री राकेश सिंह,नरेन्द्र तिवारी, पुनम कुशवाहा,अशोक शर्मा, शंभु चौरसिया, अजित कुमार गुप्ता, विभु जैन,जीतु चौरसिया, निलेश जैन, आनन्द कुमार बनाया गया।जिलाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि कल का कार्यक्रम भाजपा भोजपुर द्वारा धुम-धाम से आयोजित होगा।कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, पूर्व सांसद मीना सिंह,विधानपार्षद जीवन कुमार की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

### छात्रा के साथ अश्लील हरकतें करने वाले को कठोर सजा दिलाई जाय :सत्येन्द्र रंजन

अरवल जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कहा कि अरवल जिला के कलेर प्रखंड अंतर्गत वलीदाद में सर्व शिक्षा के द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कार्यरत गार्ड के द्वारा छात्रा के साथ अश्लील हरकतें किया जाना निन्दनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है इसकी जितनी भी निंदा किया जाय वह कम होगा , इस तरह की घटना मानवता को शर्मसार करती है । उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय संचालित किया है ।इस विद्यालय में छात्राओं को रहने के लिए छात्रावास , निशुल्क भोजन, यूनिफॉर्म एवं पाठ्य पुस्तकें दी जाती है ।जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह से मांग करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि इस घटना की उच्च स्तरीय समिति से जांच कराकर दोषी गार्ड को कठोर से कठोर सजा दिलाई जाय ताकि इस तरह की पुनरावृत्ति करने की हिम्मत नहीं हो।

### जन सेवा ही ईश्वर की भक्ति : इंदु देवी

आरा। मेयर इंदु देवी ने शहर के प्रमुख चौक चौराहा पर भीषण गर्मी से राहत हेतु पनशाला का उद्घाटन किया । पनशाला का उद्घाटन शीश महल चौक गोपाली चौक शिवगंज और बस स्टैंड पर किया गया। इस अवसर पर मेयर इंदू देवी ने कहा की हमारे संस्कार व सभ्यता में ही जल सेवा का महत्वपूर्ण स्थान हैं हमारे पूर्वजों ने भी सालो से पनशाला लगाना पुण्य कर्म समझते थें। भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए मीठा और शीतल जल देना पुनीत कार्य को करना मैं सौभाग्य समझती हूँ और यह निरंतर चलता रहेगा । आज शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर पनशाला का उद्घाटन किया गया। और आगे जहाँ जरूरत होगा पनशाला लगाया जाएगा। वहीं मेयर प्रतिनिधि प्रेमपंकज ललन ने कहा की समाजसेवा के अंतर्गत जितना कार्य होता हैं हमलोग करते हैं। ऐसे भी भीषण गर्मी में आरा नगर निगम ने इस तरह का सार्थक अभियान शुरू किया हैं जिससे हजारों राहगीरों को रोज शीतल जल का लाभ मिल सकेंगा । उनके तृप्त होने से हमलोग पुण्य के भागी बनेंगें। साथ ही साथ मैं व्यवसायियों, समाजसेवी व विभिन्न संगठन के लोगों से आग्रह करता हूँ की आप भी अपने स्तर से ऐसे पुनीत कार्य करें ।

# लू से बचने के लिए नगर आयुक्त ने कराए प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

गया।जिला पदाधिकारी, गया द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में गया नगर निगम के सभा कक्ष में गर्म हवाएं एवं लू से बचाने हेतु नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से गया नगर निगम के वार्ड पार्षद को स्वास्थ विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। लू से बचाव हेतु जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी द्वारा पावर प्वाइंट के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई है, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी द्वारा जापानी इंसेफलाइटिस से बचाव हेतु भी जानकारी दी गई है। उक्त प्रशिक्षण बैठक में गया नगर निगम के वार्ड पार्षदगण, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, उप नगर आयुक्त, जिला प्रोग्राम प्रबंधक, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि सरकार द्वारा जारी निम्न एडवाइजरी को नागरिकों को जागरूक करने हेतु अवगत कराएं।

गर्म हवाएं एवं लू से सुरक्षा के उपाय:जितनी बार हो सके पानी पियें, बार-बार पानी पियें,सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें एवं जब भी बाहर धूप में जायें यथा संभव हल्के रंग के ढीले ढाले एवं सूती कपड़े पहने।धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें। गमछे या टोपी से अपने सिर को ढक के रखें व हमेशा जूता या चप्पल पहने,हल्का भोजन करें, अधिक पानी की मात्रा वाले मौसमी फल जैसे- तरबूज, खीरा, ककड़ी, खरबूजा, संतरा आदि का अधिक से अधिक सेवन करें,घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नमक-चीनी का घोल, छाछ, नींबू-पानी, आम का पन्ना इत्यादि का नियमित सेवन करें, अपने दैनिक भोजन में कच्चा प्याज, सत्तू, पुदीना, सौंफ तथा खस को भी शामिल करें।स्थानीय मौसम के पूवार्नुमान और आगामी तापमान के परिवर्तन के बारे में विभिन्न विश्वसनीय सूत्रों से लगातार जानकारियां लेते रहें।अगर तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आये तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें। अधिक तापमान में बहुत अधिक शारीरिक श्रम न करें। चाय, कॉफी जैसे गर्म पेय तथा जर्दा तंबाकू आदि मादक पदार्थों का सेवन कम से कम अथवा न करें। ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन जैसे- मांस, अंडा व सूखे मेवे, जो शारीरिक ताप को बढ़ाते है, का सेवन कम करें अथवा न करें। यदि व्यक्ति गर्मी यां लू के कारण उल्टियां करें या बेहोश हो तो उसे कुछ भी खाने-पीने को न दें। बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें। लू लगे व्यक्ति को छांव में लिटा दें। अगर उसके शरीर पर तंग कपड़े हो तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें। लू लगे व्यक्ति का शरीर ठंडे गीले कपड़े से पोछे या ठंडे पानी से नहलाएं। उसके शरीर के तापमान को कम करने के लिए कूलर, पंखे आदि का प्रयोग करें।उसके गर्दन, पेट एवं सिर पर बार-बार गीला तथा ठंडा कपड़ा रखें। उस व्यक्ति को ओ.आर. एस./नींबू-पानी, नमक चीनी का घोल, छाछ या शरबत पीने को दें, जो शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सके। लू लगे व्यक्ति की हालत में यदि एक घंटे तक सुधार न हो तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं।

# अधूरे विकास कार्य को पूरा कराएंगे : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।सांसद ने गया क्षेत्र भ्रमण कर सुनी समस्याएं सांसद चले शहर की ओर कार्यक्रम के तहत शहर के वार्ड नंबर 4,5,6 के सम्मानित एवम प्रबुद्ध लोगों ने सांसद विजय कुमार मांझी, जिला अध्यक्ष महानगर जदयू के राजू वर्णवाल पूर्व मंत्री अभिराम शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद सहित जदयू के वरिष्ठ पदाधिकारियों का संबंधित विवादों में बहुत स्वागत किया गया सांसद में सभी वार्डो का भ्रमण कर लोगों को जन समस्याओं को सुना वार्ड नंबर 4 5 के एक नाले का निकास बंद है। सांसद ने कहा कि जिलाधिकारी और नगर आयुक्त से मिलकर इन क्षेत्रों के सभी अधूरे काम को पूरा कराएंगे, सांसद ने भरोसा दिलाया कि संपूर्ण समस्याओं का निवारण किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष राजू वर्णवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने का काम हम लगातार करेंगे ।वही गया के पुराने पत्रकार ने मीडिया के माध्यम से सांसदों जिला अध्यक्ष महानगर से पूछा कि गया मार्केट में महिलाओं के मार्केट में पुरुष कब बंद होगा जब राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति राज्यपाल और मुख्यमंत्री के मेल का कोई असर नहीं पड़ रहा है कृपया महिलाओं के मार्केट में पुरुष वाले जल्द से जल्द कराएं जिससे महिलाओं को तकलीफ ना हो।

# दुल्हिन बाजार में किया गया मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

दुल्हिन बाजार/ स्थानीय बाजार स्थित सोरमपुर रोड स्थित हाईटेक रेजिडेंशियल स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर किसलय शर्मा, विद्यालय के चेयरमैन राणा प्रताप, प्रबंधक सुरेश कुमार मौर्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर मोटिवेशनल स्पीकर व लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर गणितज्ञ किसलय शर्मा को संस्था के निदेशक राणा प्रताप के द्वारा मोमेंटो व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, वेलकम डांस व सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। इसके बाद मोटिवेशनल स्पीकर सह लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर किसलय शर्मा ने छात्रों को घटनाक्रम, फामूर्ला, समय के अनुरूप अपने आप को परिवर्तित करने सहित ध्यान केंद्रित करने को लेकर टिप्स दिए। साथ ही विषम मेमोरी को शार्प करने, परिस्थितियों से निपटने व किसी भी विषय के प्रति रुचि बनाए रखने को लेकर विभिन्न टिप्स दिए। इसके बाद विद्यालय के शिक्षक व छात्राओं ने संयुक्त रूप से बिहार गीत को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के चेयरमैन राणा प्रताप ने कहा कि सेमिनार के आयोजन से छात्रों में शिक्षा के प्रति तेजी से रुझान बढ़ता है। साथ ही अपने लक्ष्य के प्रति छात्र केंद्रित होकर पढ़ाई करने में सफल होते हैं। कोऑर्डिनेटर अंकित प्रताप सिंह ने कहा कि सेमिनार के आयोजन से छात्रों में नव चेतना जागृत होती है जिससे वह अपने रूचि के अनुसार शिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने में सफल होते हैं।

# कुलपति ने किया न्यूजलेटर सीयूएसबी टाईम्स का विमोचन

प्रात : किरण संवाददाता

गया।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय के अर्ध-वार्षिक न्यूजलेटर "सीयूएसबी टाईम्स 2022 (जुलाई - दिसंबर)" अंक का विमोचन अपने कार्यालय में किया गया है । सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) एवं सीयूएसबी टाईम्स के संपादक ने बताया की न्यूजलेटर में विश्वविद्यालय द्वारा छह महीने के अंतराल की प्रमुख उपलब्धियों एवं गतिविधियों को प्रकाशित किया गया है पीआरओ ने बताया कि 32 पृष्ठों वाली पत्रिका को कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह द्वारा प्रकाशित किया गया है। कुलपति प्रो. सिंह ने पत्रिका के प्रकाशित होने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संपादक मंडल को उम्दा कार्य के लिए सराहना की है। पत्रिका में अपने संदेश में कुलपति ने विवि के उपलब्धियों की संक्षेप में चर्चा करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निति (एनईपी) 2020 एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली का विशेष जिक्र करते हुए कहा कि विवि अपने विभिन्न पाठ्यक्रमों में शामिल करने के लिए तत्पर है । कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय के छह महीने की उपलब्धियों को साझा करने के साथ - साथ विवि में एनसीसी के बॉयज विंग की स्थापना का जिक्र किया है।

न्यूज लेटर में आगे विवि में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, राष्ट्रीय महत्व के दिवसों (पर्वों), सीयूएसबी के महत्वपूर्ण दिवसों, खेल-कूद प्रतियोगिताओं, आदि को चित्रों एवं लेख के माध्यम से प्रकाशित किया गया है। पत्रिका में विवि के कुशल प्राध्यापकों की उपलब्धियों जैसे राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों, सम्मानों, मैगजीन और जर्नल्स में प्रकाशित लेखों, प्रकाशित पुस्तकों, सेमिनार और कांफ्रेंस में सहभागिता एवं शोध के लिए मिली अनुदान आदि का ब्यौरा भी दिया गया है। न्यूज लेटर में छात्रों के जॉब प्लेसमेंट्स (रोजगार), स्कालरशिप एवं फेलोशिप, यूजीसी नेट, गेट में सफलता का ब्यौरा दिया गया है। अंत में विवि के विभिन्न समाचारपत्रों में प्रकाशित खबरों की क्लिपिंग्स को खूबसूरत कोलाज के रूप में प्रदर्शित की गया है एवं विभिन्न विभागों में आयोजित एलुमनाई मीट की तस्वीरों को प्रकाशित किया गया है पीआरओ ने बताया कि "सीयूएसबी टाइम्स" न्यूज मैगजीन वर्ष में दो बार (छह - छह महीने पर) प्रकाशित की जाती है।

# सुविधाएं बढ़ी, शिक्षा का स्तर बढ़ाएं शिक्षक : जिलाधिकारी

## विद्यालय के संस्थापक स्व. अमरनाथ श्रीवास्तव की प्रतिमा का भी हुआ अनावरण

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर के रामगढ़िया में शुक्रवार को अमर आदर्श मध्य विद्यालय के संस्थापक स्व. अमरनाथ श्रीवास्तव की प्रतिमा का अनावरण सह विद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर विद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन एवं प्रतिमा का अनावरण भोजपुर जिलाधिकारी राजकुमार एवं स्वर्गीय अमरनाथ श्रीवास्तव की पत्नी बिन्दा श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजकुमार ने स्व. अमरनाथ श्रीवास्तव के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में इस पुनीत कार्य के लिए उनके परिवार के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि अमरनाथ बाबू का यही सपना था कि बच्चे शिक्षित बने और आगे बढ़े। यहां के बच्चे शिक्षित होकर इस विद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि यहां सुविधाएं बढ़ी है। आप निश्चित रूप से शिक्षा का भी स्तर बढ़ाएं। जिलाधिकारी ने इस मौके पर स्व. अमरनाथ श्रीवास्तव की पत्नी बिंदा श्रीवास्तव को भोजपुर शिक्षा सम्मान-2023 से सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. अहसन ने कहा कि मैं शिक्षा विभाग में 25 साल से कार्यरत हूं। इस दौरान मैनें पुरे देश में भ्रमण किया। बिहार में यह पहला अवसर है जहां किसी व्यक्ति ने अपने निजी कोष से 40-50 लाख रुपया खर्च कर मृतप्राय विद्यालय को पुनर्जीवित किया, उन्होंने कहा कि अमर जी के परिवार ने एक नई परंपरा की शुरूआत की है। यह पूरे बिहार के लिए गौरव की बात है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि जो भी व्यक्ति अपने निजी फंड से किसी भी विद्यालय में शौचालय का निर्माण कराता है या बेंच वगैरह आदि देता है, उन्हें जिला प्रशासन भोजपुर शिक्षा सम्मान से सम्मानित करेगी। स्व. अमरनाथ श्रीवास्तव के पुत्र संकट मोचन श्रीवास्तव उर्फ बासुकी ने कहा कि बाबूजी का जो सपना था, वह आज पूरा हो गया। उन्होंने कहा कि वे आगे भी उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी मो. अहसन थे। संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरेन्द्र कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन करें हुए निभा श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय परिवार इस नए भवन के मान-सम्मान, रखरखाव एवं सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। इस मौके पर सीमा श्रीवास्तव, कृष्ण भूषण श्रीवास्तव, छलिया श्रीवास्तव, सत्यम भूषण श्रीवास्तव, रुचि श्रीवास्तव, विनिता श्रीवास्तव, शिक्षक अजय कुमार, मनीष कुमार, शिक्षिका धर्मशीला देवी, जितेंद्र कुमार सिंह, सरिता विश्वकर्मा, उमापति कुमारी, मलका प्रवीण, अर्शी मुस्ताक, हाजरा प्रवीण, प्रीति रामअवतार पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहें। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

# ऑटो के टायर का खोला हवा, विरोध करने पर युवक को मारा चाकू

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिरौंटा गांव में शुक्रवार की दोपहर ऑटो के टायर का हवा खोलने का विरोध करने पर एक युवक को चाकू मार दी गई।

उसे बाएं हाथ में चाकू लगा है, उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी पिरौंटा गांव निवासी दीना यादव का 26 वर्षीय पुत्र राजू यादव है। इधर, राजू यादव ने बताया कि वह गांव में ही एक ऑटो में बैठा था। तभी गांव के एक युवक द्वारा वहां पर लगे दूसरे ऑटो के टायर का हवा खोला जा रहा था। उसने उसे हवा खोलने से मना किया। इसके बाद वह अपने दोस्त के साथ ऑटो से सरैया बाजार चला गया। तभी उक्त युवक द्वारा फोन कर उसे गाली-गलौज किया जाने लगा। जब वह वापस गांव लौटा और जब उससे गाली देने का कारण पूछा। इसी बात उनके लोगों के बीच नोकझोंक हुई। जिसके बाद उक्त युवक ने उसे चाकू मार दी। जख्मी ने गांव के ही भूटान यादव पर चाकू मारने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# एस बी कॉलेज में आयोजित बी बौलर बास्केटबॉल लीग का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा।एस बी कॉलेज में आयोजित बी बौलर बास्केटबॉल लीग का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह,अरिहंत जैन, यशवंत सिंह,लाल बहादुर लाल, बिहारी शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि का स्वागत अंगद शुक्ला सचिव भोजपुर जिला बास्केटबॉल ने किया।इस प्रतियोगिता में 6 टीम पुरुष वर्ग में और 3 टीम बालिका वर्ग में हिस्सा लिया है। आज का पहला मैच डिफेंस एकेडमी यूपी और भोजपुर जूनियर टीम के बीच खेला गया जिसमें डिफेंस एकेडमी यूपी ने भोजपुर जूनियर को 37 -16 से पराजित किया।इस प्रतियोगिता में डिफेंस एकेडमी यूपी, मुजफ्फरपुर गया पटना भोजपुर डीएलडब्लू बनारस पुरुष वर्ग में महिला वर्ग में पटना गया और भोजपुर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। कल का मैच महिला वर्ग में भोजपुर और पटना के बीच खेला जाएगा। इस मौके पर रविंद्र कुमार सचिव भोजपुर फुटबॉल संघ, अनिल राय, रजनीश पाण्डेय, अक्षय,नेहा, ज्योति, पुष्कर, चंदन, अंजलि पाण्डेय आदि उपस्थित थे।इस आशय की जानकारी रजनीश पाण्डेय संयुक्त सचिव भोजपुर जिला बास्केटबॉल ने दी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत लम्बित वादों को निष्तारण का है एक सशक्त माध्यम : जिला जज

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश सम्पूर्णानन्द तिवारी ने 13 मई 2023 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर के साथ एक समीक्षा बैठक किया। उक्त समीक्षा बैठक में जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत के तैयारियों को लेकर अबतक की प्रगति पर समीक्षा किया तथा विभिन्न निर्देश दिये। जिला जज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत को जन मानस तक पहुचाने में जिले के विभिन्न समाचार पत्रो, प्रिट मिडिया, इलेक्ट्रानिक मिडिया का महत्वपूर्ण योगदान होता है और अबतक उनलोगो के द्वारा सहयोग मिलने के कारण शहर के साथ-साथ दूर दराज के लोगो तक राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व को समझा गया है आगे भी उनके द्वारा मीडिया के लोगो से प्रेस विज्ञपित जारी करते हुए कहा गया है कि संविधान के चतुर्थ स्तम्भ है और बिना उनके सहयोग के कोई भी कार्यक्रम का पूर्ण लाभ जन मानस तक नहीं पहुँच सकता है। जन मानस के हित को देखते हुए मीडिया इस राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रमुखता से प्रकाशित कर अधिक से अधिक लोगो तक इसकी जानकारी सुलभ करायें। जिला जज ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने- अपने न्यायालयों से सम्बन्धित सुलहनीय वादों के निस्तारण हेतु युद्धस्तर पर कार्यवाई करें ताकि सभी पक्षकारो तक नोटिस एवं कान्सेलिंग की प्रक्रिया समयानुसार सम्पन्न हो सके। उनके द्वारा निर्देश दिया गया है कि सभी न्यायालय यथाशिघ्र सुलहनीय वादों की सूची को प्राधिकार के कार्यालय को उपलब्ध करायें ताकि प्राधिकार भी अपने स्तर से कार्रवाई कर सके। जिला जज ने सभी न्यायिक व्यवस्था से जुड़े कर्मियों को निर्देश दिया है कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु कोई भी कार्य बिना देर किये निष्पादन में सहयोग करें ताकि पक्षकारो को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व तथा त्वरित न्याय के प्रति विश्वास जगे। जिला जज के द्वारा दोनों विधि संघ के अधिवक्ताओं से अपील किया गया है कि वे कोई भी वाद को बिना उनके सहयोग के निस्तारित कराना संभव नहीं होता है तथा पक्षकार के वे सबसे करीब है और उनकी बात पक्षकार मानते हैं, जिसमें पक्षकार के साथ-साथ न्यायालय का सहयोग करते हुए अपनी महती भूमिका को निभाने में महत्वपूर्ण सहयोग दें और आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को निष्पादन के मामले में राज्य स्तर पर स्थापित करने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का सहयोग करें। साथ ही जिला जज ने विश्वास जताया है कि अगर सभी स्टेकहोल्डर का सहयोग यूं ही मिलता रहा तो इस बार का राष्ट्रीय लोक अदालत भी अपने निष्पादन के मामले में रिकार्ड स्थापित करेगा।

# अक्षय तृतीया को हुई थी विष्णु धाम की स्थापना

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड ग्राम जम्होर के पुनपुन बटाने के संगम तट पर अवस्थित प्रकृति का अद्भुत स्थल विष्णु धाम की स्थापना अक्षय तृतीया को हुई थी। सामयिक साहित्य संवाद के प्रांतीय संयोजक सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि महान संत परमहंस सन्यासी खाकी बाबा ने इस धाम की स्थापना सैकड़ों वर्ष पूर्व कराई थी। खाकी बाबा जब इस स्थल पर पहुंचे तो उन्हें भगवान विष्णु का साक्षात्कार हुआ और वे बर्षो तक यहां पर तपस्या किए तपस्वी की भांति जीवन व्यतीत किए तत्पश्चात उन्होंने भगवान विष्णु की आदम कद अद्भुत मनोहारी एवं हृदय में भक्ति की अविरल धारा बहाने वाली प्रतिमा का स्थापना कराकर सनातनी परंपरा को जीवंत करते हुए विशिष्ट कार्य को संपादन किया। प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया के मौके पर विष्णु धाम में विशेष पूजा पाठ होती है और आटा एवं गुड़ से बने हुए पुआ का प्रसाद बाटा जाता है। विष्णु धाम परिसर वर्तमान परिवेश में प्राकृतिक सुषमा से आच्छादित दो पवित्र नदियों के संगम तट पर अवस्थित है।मोक्षदायिनी पुण्य सलिला पुनपुन को आदि गंगा माना जाता है इसका अवतरणह्नगंगा से पूर्व हुआ था। इस नदी में प्रथम संगम के रूप में बटाने नदी का समावेश हुआ है। जब दो पवित्र नदियों का संगम होता है तो उस स्थान पर सूक्ष्म रूप से भगवान विष्णु का वास हो जाता है।सदियों सदियों से यहां भगवान विष्णु अपने सूक्ष्म स्वरूप में उपस्थित रहते हैं।

### श्राद्धकर्म पर कमलेश्वर प्रसाद दुबे को दी गई श्रधांजलि

सासाराम।बिहार राज्य सट्टादार (लम्बरदार) कर्मचारी संघ सिचाई विभाग के जिलामंत्री अधिवक्ता शुशील कुमार दुबे के चाचा एवं नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के सदस्य कमलेश्वर प्रसाद दुबे के श्राद्धकर्म पर उनके पैतृक ग्राम अगिनि में श्रधांजलि सभा का आयोजन किया गया जहाँ लोगों ने स्व.दुबे के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि देते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया।वक्ताओं ने कहा की स्व. दुबे एक समाजसेवी थे उनका निधन क्षेत्र के लोगों के लिए अपूर्णीय क्षति है।मौके पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन,ललन दुबे,देववंश चौबे,कोमल तिवारी,विमल पांडेय,राजू दुबे,कुशुम देवी, अन्नपूर्वासो कुंवर, मंजू देवी,विमला देवी,प्रभावती देवी सरिता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# अभिषेक प्रियदर्शी के आकस्मिक निधन पर लोगों ने अपनी संवेदना प्रकट की

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिला के सामाजिक कार्यकर्ता एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी आदित्य श्रीवास्तव के बड़े भाई अभिषेक प्रियदर्शी के आकस्मिक निधन पर जिले के कई प्रबुद्ध लोगों ने अपनी संवेदना उनके परिवार के प्रति एवं मृतक के प्रति प्रकट की औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह ने अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सभी आदित्य श्रीवास्तव के परिवार के साथ खड़े हैं मृतक आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें, जमुहार नारायण अस्पताल के निर्देशक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने भी अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे दुख की घड़ी में हम सभी आदित्य श्रीवास्तव के परिवार के साथ खड़े हैं एवं परिवार को भगवान इस दुख की घड़ी में सहन शक्ति दे एवं मृतकों आत्मा की शांति प्रदान करें। रेड क्रॉस के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, नगर परिषद के अध्यक्ष उदय गुप्ता, राजद के प्रदेश महासचिव इंजीनियर सुबोध कुमार सिंह, विधि संघ के अध्यक्ष रसिक बिहारी, भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश कुमार सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनीता सिंह, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक बासु जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रवि रंजन, डॉ ऋत्विक सिंह, राष्ट्रीय संघ सेवक संघ के नगर करवा बजरंगी प्रसाद, समाजसेवी अजीत चंद्रा, शिक्षक संघ के नेता अशोक पांडे, भाजपा पूर्व जिला प्रवक्ता रामानुज पांडे, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल सिंह, विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश गौ रक्षक प्रमुख जयनंदन पांडे, राष्ट्रीय संघ सेवक संघ के पूर्व जिला संचालक शिवनंदन पांडे, सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य श्री शिव नारायण सिंह, जदयू के वरिष्ठ नेता दीपक सिंह, विहिप के नगर मंत्री सर्वजीत सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता महिला थाना के प्रभारी मंटू कुमार सिंह, अधिवक्ता देवकांत कुमार, भाजपा प्रवक्ता दीपक सिंह, भाजपा जिला मंत्री जितेंद्र गुप्ता, समाजसेवी नवीन सिन्हा, विहिप के नेता रंजीत कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद धीरज अजनबी, नेशनल एंटी करप्शन के जिला अध्यक्ष आशुतोष सिंह, प्रभात खबर के ब्यूरो चीफ सुजीत कुमार सिंह, सुधीर सिन्हा, शुभम पांडे, मनीषा सिंघम, समाजसेवी राहुल गुप्ता, भाजपा नेता आशुतोष सिंह मोनू, भाजपा पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेता सतीश सिंह मोनू, सौरभ सिंह, विकास सिंह, सुनील सिंह, रवि कुमार, अन्य कई लोगों ने मृतक अभिषेक प्रियदर्शी के तैल चित्र के ऊपर पुष्प अर्पित करते हुए अपनी संवेदना प्रकट करते हुए सभी ने मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कई बुद्धिजीवी लोगों ने सोशल मीडिया एवं फोन के माध्यम से भी इस दुख की घड़ी में आदित्य श्रीवास्तव को ढाढस दी एवं उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे बुरे वक्त के दुख की घड़ी में जो भी लोग मेरे से साथ खड़े हुए इसे कभी नहीं भुलाया जा सकता इसका में हमेशा कृतज्ञ रहूंगा।

सेंसेक्स
59632.35 पर बंद
निफ्टी
17624.50 पर बंद

सोना
59383
चांदी
71576

# इलेक्ट्रॉनिक व एप इकोनॉमी बनने की ओर भारत अग्रसर, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा का हो रहा है अधिक निर्यात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रॉनिक आइटम के निर्माण को लेकर भारत के प्रति दुनिया की बड़ी कंपनियों के रुझान से अब यह साफ हो गया है कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स व एप इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर है। मात्र दो साल में इलेक्ट्रॉनिक आइटम के निर्यात में आने वाली तेजी भी कुछ ऐसी ही कहानी बयां कर रही है।

भारत में मुंबई व दिल्ली में एप्पल के स्टोर लांच के मौके पर कंपनी के सीईओ टीम कुक ने कहा कि वह भारत में अपने कारोबार को बढ़ाने के साथ देश भर में निवेश के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले सप्ताह जेपी मार्गेन की तरफ से प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2025 तक एप्पल उत्पादों का एक चौथाई उत्पादन चीन से बाहर होने लगेगा, जबकि अभी एप्पल उत्पादों का सिर्फ पांच फीसद उत्पाद चीन से बाहर होता है।

रिपोर्ट के मुताबिक एप्पल के इस फैसले का लाभ भारत व वियतनाम को मिलेगा। जाहिर है भारत में अभी एप्पल का सफर बाकी है। वर्ष 2022-23 के निर्यात आंकड़ों से पता चलता है कि इलेक्ट्रॉनिक आइटम कैसे भारत के निर्यात का सबसे बड़ा खिलाड़ी बनता जा रहा है। वित्त



वर्ष 2022-23 में इलेक्ट्रॉनिक आइटम के निर्यात में 50.56 फीसद की बढ़ोतरी रही, जबकि रोजगार के लिए महत्वपूर्ण माना जाने वाला गारमेंट के निर्यात में सिर्फ 1.1 फीसद की बढ़ोतरी रही।

वित्त वर्ष 2021-22 में इलेक्ट्रॉनिक आइटम का निर्यात 15.6 अरब डॉलर का था जो वित्त वर्ष 22-23 में बढ़कर 23.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वहीं, वित्त वर्ष 2021-22 में गारमेंट का निर्यात 16 अरब डॉलर का था जो इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम के निर्यात से अधिक था। लेकिन वित्त वर्ष 2022-23 में गारमेंट का निर्यात सिर्फ 16.19 अरब डॉलर तक ही पहुंच पाया। इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम की खास बात है कि इसके निर्माण से भी बड़ी संख्या में रोजगार निकलते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम के निर्यात की गति अभी और तेज होगी। वर्ष 2025 तक इस निर्यात को 50 अरब डॉलर तक ले जाने की कोशिश की जा रही है। एप्पल जैसी कंपनी के भारत में मैन्यूफैक्चरिंग शुरू करने से इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग का पूरा माहौल बदलने जा रहा है क्योंकि बड़ी कंपनियों के साथ उनकी सप्लाई चेन से जुड़ी कंपनियां भी आती हैं।

दूसरी महत्वपूर्ण बात है कि भारत में फोन निर्माण में जुटी चीन की कंपनियों पर भी अब निर्यात शुरू करने का दबाव है और वे इस साल पूरी तरह से निर्यात के लिए तैयार भी है। शाओमी से लेकर वीवो तक ने चालू वित्त वर्ष में बड़े पैमाने पर मोबाइल फोन निर्यात की तैयारी कर रही है। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव की वजह से अगले साल से भारत में ही लैपटाप व अन्य गजेट्स का भी निर्माण शुरू हो जाएगा।

टेक्नोलॉजी पर जोर होने की वजह से भारत में एप भी बड़ी संख्या में विकसित किए जा रहे हैं और वित्तीय सेक्टर से लेकर शिक्षा तक एप पर निर्भरता बढ़ती जा रही है।

# मध्यप्रदेश में 15,000 से ज्यादा ऑफलाईन रिटेलर और नज़दीकी स्टोर 'लोकल शॉप्स ऑन एमेज़ॉन' का हिस्सा बने

भोपाल। 2020 में लॉन्च किए गए लोकल शॉप्स ऑन एमेज़ॉन, प्रोग्राम ने पूरे देश के विक्रेताओं को अपना व्यवसाय बढ़ाने और बनाए रखने में मदद की है, और उन्हें अपने नजदीकी इलाकों के बाद भी ग्राहकों तक पहुँचने में समर्थ बनाया है। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश में तेजी से बढ़ रहा है और परिधान, होम एवं किचन, हैल्थ एवं पर्सनल केयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, किताबें एवं खिलौने आदि जैसी विभिन्न श्रेणियों में स्थानीय दुकानदार इसमें शामिल हो रहे हैं। 40 वर्ष पुराना पारिवारिक स्वामित्व का पोषाक व्यवसाय पाकीज़ा इंदौर, मध्य प्रदेश में स्थित है। पिछले सालों में इस व्यवसाय ने वस्त्रों और व्यक्तिगत सेवाओं का अद्वितीय संग्रह प्रस्तुत कर ग्राहकों के साथ एक मजबूत रिश्ता बना लिया है। विश्व में बदलते परिवेश और डिजिटल युग की शुरुआत के साथ इस परिवार के युवा और महत्वाकांक्षी सदस्य, वसीम गोरी को अहसास हुआ कि उनके व्यवसाय को समय के साथ चलने के लिए अनुकूलित होने की जरूरत है। उन्होंने एमेज़ॉन.इन पर भरोसा करके ई-कॉमर्स की दुनिया में प्रवेश किया और अपने प्रोडक्ट्स एमेज़ॉन से बेचना शुरू किया। वो 'लोकल शॉप्स' प्रोग्राम में शामिल हुए। उनके वस्त्रों का अद्वितीय संग्रह, खासकर महिलाओं की कुर्तियाँ भारत में ऑनलाईन शॉपर्स के बीच तेजी से लोकप्रिय हो गईं। एमेज़ॉन से उनके बिज़नेस को बहुत लाभ मिला, और सेल ईवेंट्स के दौरान पाकीज़ा रिटेल की सेल में 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ऑनलाईन बाजार में मिली सफलता से वसीम को अपने बिज़नेस का और ज्यादा विस्तार करने की प्रेरणा मिली, और उन्होंने अपने स्टोर के आसपास रहने वाले ग्राहकों को लोकल शॉप्स प्रोग्राम द्वारा फ्री होम डिलीवरी देना भी शुरू कर दिया। अपने कलेक्शन को प्रमोट करने और ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए उन्होंने सोशल मीडिया का उपयोग शुरू किया। अपने उत्साह, समर्पण, और ई-कॉमर्स में दृढ़ विश्वास के साथ वसीम को भरोसा है कि आने वाले सालों में उनका व्यवसाय फलता-फूलता रहेगा। आज वसीम गोरी मध्य प्रदेश से 15,000 से ज्यादा ऑफलाईन रिटेलर्स और नज़दीकी स्टोर्स में से एक हैं, जो 'लोकल शॉप्स ऑन एमेज़ॉन' प्रोग्राम में सैलर के रूप में रजिस्टर्ड हैं। यह प्रोग्राम ऑफलाईन रिटेलर्स और नज़दीकी स्टोर्स को ई-कॉमर्स के फायदे पहुँचाता है। यह बिज़नेसेज़ को अपनी पहुँच का विस्तार करने के लिए एमेज़ॉन.इन द्वारा ज्यादा ग्राहकों को आकर्षित करने में मदद करता है। यह प्रोग्राम ग्राहकों को अपने घर बैठे ही अपने शहर में मौजूद नजदीकी स्टोर्स (जिनमें से कई पर वो भरोसा और उन्हें पसंद करते हैं) के प्रोडक्ट तलाशने में मदद करता है। इस प्रकर नज़दीकी स्टोर डिजिटल स्टोर बन जाते हैं।

# विश्व पुस्तक दिवस पर, अमेजन. इन के गिफ्ट ए बुक अभियान के साथ उठाएं पढ़ने का लुत्फ

**मुंबई, एजेंसी।** 23 अप्रैल रविवार को मनाए जाने वाले विश्व पुस्तक दिवस के साथ, अमेजन. इन ने अपने साल भर चलने वाले गिफ्ट ए बुक अभियान की घोषणा की है। भारत में किताबें पढ़ने और इसे उपहार में देने की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान ऐसे उपहार देने के महत्व पर केंद्रित है, जो हमेशा आपको कुछ देता रहता है। ग्राहक विशेषरूप से तैयार स्टोरफ्रंट से आकर्षक ऑफर्स और डील्स के साथ विभिन्न शैलियों और आयु समूह के लिए किताबों का चयन कर सकते हैं। अमेजन. इन की यह पहल मेक इंडिया रीड के लिए किए जा रहे प्रयासों का एक हिस्सा है। इस अभियान को शुरू करने के लिए, इस साल की शुरुआत में एक डिजिटल वीडियो लॉन्च किया गया था, जिसमें एक युवा लड़की की यात्रा को दिखाया गया है, जो उसके जीवन के विभिन्न चरणों में उसे उपहार में मिली किताबों के प्रभाव को दिखाती है, जिसने उसकी कहानी को आकार देने में मदद की। वीडियो इस बात पर जोर देता है कि किताबें वह उपहार हैं, जो कभी भी फैशन से बाहर नहीं जाता और पढ़ने के कई लाभों जैसे जिज्ञासा बढ़ाना, कल्पना विकसित करना, नए विचार पैदा करना और चरित्र निर्माण करना आदि पर प्रकाश डालती है। अभियान का वीडियो यहां देखें।राजार्षि गुइन, डायरेक्टर, मीडिया, अमेजन इंडिया ने अभियान के प्रति अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम एक ऐसे देश का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां पुस्तक पढ़ने को महत्व दिया जाता है। किताबें पढ़ने से कल्पना विकसित करने, जिज्ञासा बढ़ाने, नए विचार उत्पन्न करने और चरित्र निर्माण में मदद करता है। ये कुछ ऐसे कारण हैं जो पुस्तकों को एक सर्वश्रेष्ठ उपहार बनाते हैं। अमेजन में हम किताबों को लेकर काफी जुनूनी हैं और हम भारत में और ज्यादा किताबें पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विक्रेताओं, प्रकाशकों और लेखकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमारा अभियान गिफ्ट ए बुक पढ़ने की संस्कृति को आगे बढ़ाने की इस लंबी यात्रा में एक छोटा सा कदम है। ग्राहक अपने और अपने प्रियजनों के लिए विभिन्न शैलियों और भाषाओं में लाखों शीर्षकों में से किताब का चयन करने के लिए हमारी वेबसाइट और ऐप पर ब्राउज कर सकते हैं।

# इलेक्ट्रिक पर्यटक वाहनों को परमिट शुल्क में मिलेगी राहत, मंत्रालय ने नई अधिसूचना में किए कई अहम बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक तथा एथनाल और मेथनाल जैसे वैकल्पिक ईंधनों पर चलने वाले पर्यटक वाहनों को एक मई से परमिट लेने तथा उसके नवीनीकरण के लिए फीस नहीं देनी होगी। टूरिस्ट वाहनों को परमिट संबंधी दिक्कतों से राहत दिलाने तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय ने राज्यों के परिवहन अधिकारियों से कहा है कि वे आल इंडिया टूरिस्ट परमिट के आवेदनों का सात दिनों के भीतर निपटारा कर दें।

मालू हो कि अगर इस अवधि में आवेदन का निपटारा नहीं किया जाता है तो परमिट स्वतः जारी मान लिया जाएगा। ऐसी स्थिति में इलेक्ट्रानिक तरीके से परमिट प्राप्त किया जा सकता है। पर्यटक वाहनों के परमिट

जारी करने को लेकर मंत्रालय ने नई अधिसूचना में कई अहम बदलाव किए हैं। इसका उद्देश्य छोटे आपरेटरों के लिए कारोबारी माहौल बेहतर बनाना है। ऐसे ही एक बदलाव में आपरेटरों को यह सुविधा भी दी गई है कि वे अपना परमिट शुल्क त्रैमासिक किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। पर्यटक वाहनों की श्रेणी में बढ़ोतरी तथा फीस में राहत के उपायों से आपरेटरों को काफी सहूलियत मिल सकती है।

दिव्यांग जनों को अपना वाहन पंजीकरण कराने में हो रही परेशानी समाप्त न होने के कारण मंत्रालय ने एक बार फिर राज्यों से आग्रह किया है कि वे इस समस्या का समाधान करें और जरूरत होने पर कानून में संशोधन भी किए जाएं। मंत्रालय ने राज्यों को इस आशय की चिट्ठी तमाम ऐसी शिकायतें मिलने के बाद लिखी है, जिनमें कहा गया है कि दिव्यांग श्रेणी में रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था होने के बावजूद क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों में उनके लिए समस्या बनी हुई है। इसके चलते उन्हें जीएसटी और रोडटैक्स में छूट जैसी सुविधाएं मिलने में भी दिक्कत होती है। मंत्रालय ने अपने सर्कुलर में कहा है कि अगर कोई व्यक्ति दिव्यांग है और वह अपने वाहन के लिए ड्राइवर की सेवाएं लेता है तो उसे दिव्यांगजन की श्रेणी में रजिस्ट्रेशन तथा उससे संबंधित लाभों से वंचित नहीं किया जा सकता है।

# इंस्टीट्यूट ऑफ गेस्ट्रोएंट्रोलोजी की आठवीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में पहली बार आधुनिक मोटराइज्ड एंट्रोस्कोपी मशीन के जरिए छोटी आंत की लाइव एंडोस्कोपी 22 अप्रेल को राजधानी के गेस्ट्रोकेयर अस्पताल में होने जा रही है। यह वर्तमान में इलाज में उपयोग होने वाली बलून एंट्रोस्कोपी से आधे समय से भी कम यानी महज 45 मिनट लेती है। साथ ही इसकी सफलता दर भी लगभग 100 फीसदी है। बता दें, 22 व 23 अप्रैल को आयोजित आठवीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस का भोपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गेस्ट्रोएंट्रोलोजी द्वारा आयोजन होने जा रहा है। इस कॉन्फ्रेंस के ऑर्गनाइजिंग चेयरमेन डॉ. संजय कुमार के अनुसार नई तकनीक का इस्तेमाल से मरीजों को जल्द ठीक किया जा सकता है। उन्होंने आगे बताया कि इस कॉन्फ्रेंस में देश भर के डॉक्टर शिरकत करेंगे। साथ ही अलग - अलग विषय पर एक जानकारी देंगे। डॉ संजय कुमार के अनुसार गैस्ट्रोएंटरोलॉजी पर डॉक्टरों को शिक्षित करने और अपने आठवें स्थापना दिवस को चिह्नित करने के उद्देश्य से, भोपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (बीआईजी) दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने के लिए तैयार है। पहले दिन की कॉन्फ्रेंस गैस्ट्रोकेयर हॉस्पिटल भोपाल के प्रांगण में होगी, जबकि दूसरे दिन की कॉन्फ्रेंस भोपाल के होटल मैरियट में निर्धारित की गई है। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के पहले दिन लाइव कार्यशाला से होगी। देश भर के पंद्रह प्रसिद्ध डॉक्टर/विशेषज्ञ ऑपरेशन थियेटर में युवा चिकित्सकों के लिए लाइव एंडोस्कोपी करेंगे, ताकि वे सर्जरी के बिना एंडोस्कोपी करने की बारीकियों को देख सकें और सीख सकें। वर्कशॉप में हिस्सा लेने वाले डॉक्टरों को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी मिलेगी यानी वे मॉडल्स पर एंडोस्कोपी करेंगे।

# महंगाई के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं, आरबीआई गवर्नर बोले– मौद्रिक नीति को लेकर उठाए गए कदमों पर करीबी नजर

नई दिल्ली, एजेंसी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास का कहना है कि महंगाई के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। पिछले एक साल में मौद्रिक नीति को लेकर जो कदम उठाए गए हैं, उसका असर अब भी जारी है। उस पर करीब से नजर बनाए रखने की आवश्यकता है। बृहस्पतिवार को जारी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के ब्योरे में दास ने कहा कि भले ही रेपो दर में वृद्धि नहीं की गई है, लेकिन महंगाई के खिलाफ जारी युद्ध अभी जीता नहीं गया है।

ब्योरे के अनुसार, एमपीसी की तीन से छह अप्रैल को हुई बैठक में दास ने कहा, 2023-24 में महंगाई में नरमी का अनुमान है। लेकिन, इसके लक्ष्य के दायरे में आने की अवधि धीमी व लंबी हो सकती है। 2023-24 की चौथी तिमाही में महंगाई के कम होकर 5.2 फीसदी आने का अनुमान है, जो अब भी लक्ष्य से ज्यादा है। इसलिए, मेरा मानना है कि रेपो दर को अपरिवर्तित रखने को लेकर सोच-विचारकर कदम उठाया गया है।

दरअसल, केंद्रीय बैंक ने इस महीने की शुरुआत में पेश मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 फीसदी पर बरकरार रखा। आरबीआई ने महंगाई पर काबू पाने के लिए पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 फीसदी की बढ़ोतरी की थी। एमपीसी के सदस्य जयंत आर वर्मा ने कहा, ओपेक देशों का क्रूड के उत्पादन में कटौती का फैसला और मानसून चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा, उत्पादन में कटौती से ज्यादा खतरनाक वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती के कारण मांग में कमी है। इसका असर आपूर्ति पर पड़ रहा है। कच्चा तेल अगर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाता है तो आरबीआई को इसे ध्यान में रखते हुए उचित कदम उठाना होगा। वहीं, एमपीसी की एक और सदस्य आशिमा गोयल ने कहा, आरबीआई की ओर से उठाए गए कदमों का असर दिखने लगा है।

# आईटी कंपनियों में छंटनी का शिक्षा ऋण वसूली पर असर नहीं, क्रिसिल ने जारी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रौद्योगिकी कंपनियों में बड़े पैमाने पर छंटनी के बावजूद भारतीय गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की तरफ से बांटे गए शिक्षा ऋण के भुगतान पर कोई असर नहीं पड़ा है।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि शिक्षा क्षेत्र को एनबीएफसी से दिए गए कर्जों के फंसने का जोखिम 0.5त्न से भी कम रहा है। इन कर्जों में 90 फीसदी से भी अधिक हिस्सेदारी विदेशी शिक्षा के लिए आवंटित ऋण की है। क्रिसिल के वरिष्ठ निदेशक अजीत वलोनी ने कहा, एनबीएफसी के शिक्षा कर्जों के एनपीए बनने का प्रतिशत बहुत कम रहने की कुछ संरचनात्मक वजहें भी हैं। छात्र के साथ माता-पिता के सह-कर्जदार होने से भी इन कर्जों को एक सुरक्षा कवर मिलता है। वलोनी ने कहा, एनबीएफसी के कुल शिक्षा ऋण में से आधा अमेरिका में उच्च शिक्षा के लिए दिया गया है। क्रिसिल के मुताबिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित पाठ्यक्रमों पर भारतीय छात्रों का जोर रहने और कर्ज अदायगी के सुगठित प्रावधानों ने कर्जों की गुणवत्ता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष में मंदी की आहट के बीच अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट एवं गूगल जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियों ने भी हजारों कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया है।

## अनुराग जैन बनाए गए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के नए सचिव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी अनुराग जैन को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का सचिव नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आदेश के मुताबिक, 1989 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के अधिकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सचिव के तौर पर अलका उपाध्याय की जगह लेंगे। उपाध्याय को पशुपालन एवं डेयरी विभाग का सचिव बनाया गया है।

## केयर रेटिंग्स के पूर्व सीईओ मोकाशी पर सेबी ने लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी ने केयर रेटिंग्स के पूर्व प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश मोकाशी को दो साल के लिए किसी भी पंजीकृत मध्यवर्ती एजेंसी से जुड़ने पर रोक लगा दी है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बृहस्पतिवार को जारी एक आदेश में मोकाशी पर दो वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया। उन्हें केयर रेटिंग्स का मुखिया रहते समय दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) की रेटिंग प्रक्रिया में दखल देने का दोषी पाया गया है। यह मामला दिसंबर, 2018 में मिली शिकायतों से सामने आया था। इसमें डीएचएफएल की रेटिंग प्रक्रिया में दखलंदाजी के आरोप लगाए गए थे। डीएचएफएल को अब पीरामल कैपिटल एवं हाउसिंग फाइनेंस के नाम से जाना जाता है।

## एनएसई ने फॉरेंसिक ऑडिटर को नियुक्त करने की रूपरेखा जारी की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने ट्रेडिंग सदस्यों के फॉरेंसिक लेखा परीक्षण से संबंधित कार्यों के लिए लेखा परीक्षकों (ऑडिटरों) के चयन एवं नियुक्ति के लिए बृहस्पतिवार को रूपरेखा तय कर दी। एनएसई ने बयान में कहा कि यह कदम भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पैनल में शामिल सभी फोरेंसिक ऑडिटरों को समान अवसर प्रदान करने के लिए लिया गया है।

# बीते नौ साल में देश में दिए गए 17 करोड़ नए एलपीजी कनेक्शन, उपभोक्ताओं की संख्या दोगुनी हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में बीते नौ वर्षों में रिकॉर्ड 17 करोड़ नए एलपीजी (रसोई गैस) कनेक्शन दिए गए हैं। इसके साथ ही देश में रसोई गैस उपभोक्ताओं की संख्या दोगुना होकर 31.26 करोड़ हो गई है। अब देश के लाखों परिवारों में स्वच्छ ईंधन का उपयोग होने लगा है।

बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया कि सक्रिय घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या अप्रैल, 2014 में 14.52 करोड़ थी, जो मार्च, 2023 में बढ़कर 31.36 हो गई। उपभोक्ताओं की संख्या में यह उल्लेखनीय वृद्धि मुख्य रूप से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) की वजह से है। इस

योजना के चलते एलपीजी का दायरा 2016 के 62 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 104.1 प्रतिशत हो गया।

एक समय था जब नए एलपीजी कनेक्शन के लिए इंतजार करना पड़ता था, एलपीजी सिलेंडर सात से दस दिन में मिलता था। वहीं अब रसोई गैस का कनेक्शन जब जरूरत हो तब मिल जाता है तथा ज्यादातर स्थानों पर सिलेंडर भी एक दिन के भीतर आ जाता है। ऐसे उपभोक्ता जिनकी जरूरत कम है या खरीद क्षमता कमजोर है उनके लिए सरकारी विक्रेताओं ने पांच किलोग्राम का सिलेंडर भी उतारा है, जो परंपरागत 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर से अतिरिक्त है। हर गरीब परिवार को रसोई गैस का निःशुल्क कनेक्शन देने के लक्ष्य के साथ पीएमयूवाई की शुरुआत एक मई, 2016 को हुई थी और 30 जनवरी, 2023 तक इस योजना के तहत जारी कनेक्शन की संख्या 9.58 करोड़ पर पहुंच गई। बाकी बचे परिवारों को पीएमयूवाई के तहत लाने के लिए उज्ज्वला 2.0 की शुरुआत 10 अगस्त, 2021 को की गई थी, जिसका लक्ष्य अतिरिक्त एक करोड़ एलपीजी कनेक्शन देना था। यह लक्ष्य 31 जनवरी, 2022 को प्राप्त हो गया और बड़ी संख्या में आवेदनों को देखते हुए सरकार ने इसके तहत 60 लाख और कनेक्शन देने का फैसला लिया।

# इंटरेस्ट रेट बढ़ने से होम लोन की डिमांड घटी, एक साल में छह फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बढ़ती ब्याज दरें अब उपभोक्ताओं को भी चुभने लगी हैं। इस बात की तस्दीक करते हैं दिसंबर तिमाही के आंकड़े। पिछले साल से तुलना करें तो दिसंबर तिमाही में होम लोन की डिमांड और वितरण में गिरावट आई है। क्रेडिट इन्फर्मेशन कंपनी ट्रांसयूनियन सिबिल के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में होम लोन के वितरण में 6त्न की गिरावट आई है। वहीं होम लोन से जुड़ी पूछताछ में 1त्न की कमी दर्ज हुई है। मई 2022 से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अपने बेंचमार्क रीपो रेट में 250 बेसिस पॉइंट्स (100 बीपीएस = 1 पर्सेंटेज पॉइंट) का इजाफा कर चुका है। इस भार को बैंकों ने धीरे-धीरे खरीदारों तक पहुंचाया है। इस वक्त न्यूनतम होम लोन रेट 8.5त्न है, जबकि एक साल पहले यह 6.5त्न था। रिटेल कर्ज, जिससे कि हाल की तिमाहियों में बैंकों का क्रेडिट बढ़ा

है, अब उसे भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि क्रेडिट कार्ड फ्रॉड भी बढ़ रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, खर्च बढ़ने से पर्सनल लोन की डिमांड तो बढ़ी है मगर कर्ज लेने वाले कंस्यूमर ड्यूरेबल लोन और क्रेडिट कार्ड के बकाया का भुगतान समय पर नहीं कर पा रहे हैं। ट्रांस यूनियन सिबिल के एमडी और सीईओ राजेश कुमार बताते हैं, क्रेडिट परफॉर्मेंस अभी मजबूत है। हालांकि वैश्विक हालात का असर पड़ने से यह बहुत जरूरी हो जाता है कि अपने क्रेडिट रिस्क की सावधानी से निगरानी की जाए। खासकर शुरुआत में ही पता लग जाना कि कर्ज की अदायगी समय से हो पा रही है या नहीं या कर्ज अदा करने की क्षमता का सही आकलन। असल में हाल के महीनों में बढ़ती ब्याज दरों के कारण बड़े होम लोन लेने से लोग बच रहे हैं। ऐसे में बैंक असुरक्षित पर्सनल लोन पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के समय में पर्सनल लोन और कंस्यूमर ड्यूरेबल लोन के मामले में देखा गया है कि पहले छह माह में ही उपभोक्ता किस्त देने में 30 दिन से ज्यादा की देरी कर रहे हैं। यह महामारी से पहले के आंकड़े से भी ज्यादा है।

ऐसे में बैंकों ने भी ऐहतियात बरती है। नए कस्टमर्स को लोन देने की तादाद दिसंबर तिमाही में घटी है, वहीं 730 से ज्यादा क्रेडिट स्कोर वाले कस्टमर्स की तादाद बढ़ी है। हर तरह के लोन की अप्रूवल दर भी घटी है। कर्ज लेने वाले नए कस्टमर्स (न्यू टु क्रेडिट कस्टमर्स) का अप्रूवल रेट दिसंबर तिमाही में घटकर 24त्न रह गया जबकि एक साल पहले यह 32त्न तक था। वहीं वित्त वर्ष 2023 में असुरक्षित लोन की तादाद 26त्न बढ़ी है। आरबीआई का डेटा बताता है कि वित्त वर्ष 2023 के पहले 11 महीनों में बैंकों ने सबसे ज्यादा 4 लाख करोड़ रुपये पर्सनल लोन की ऐवज में दिए। इनमें होम लोन शामिल नहीं थे। इसी दौरान बैंकों ने 1.35 लाख करोड़ रुपये उद्योगों को दिए। रिपोर्ट के मुताबिक, क्रेडिट से जुड़ी सबसे ज्यादा पूछताछ युवा कस्टमर्स (18-30 साल) ने की। दिसंबर तिमाही में ग्रामीण इलाकों से भी मांग में वृद्धि देखी गई है।

## मैं खेलने के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने का प्रयास कर रहा हूं: जोफ्रा आर्चर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चार मैचों में नहीं खेल पाने वाले तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने कहा कि वह मुंबई इंडियंस की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने का प्रयास कर रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर इंग्लैंड के इस 28 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा कि अभी वह अच्छा महसूस करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

आर्चर मुंबई इंडियंस की तरफ से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ पहले मैच में खेले थे लेकिन इसके बाद दाहिनी कोहनी की चोट के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा। मुंबई ने उन्हें आईपीएल 2022 से पहले नीलामी में खरीदा था लेकिन चोट के कारण वह वर्तमान सत्र से पहले तक इस फ्रेंचाइजी की तरफ से कोई मैच नहीं खेल पाए थे। आर्चर ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, 'निश्चित तौर पर पिछले दो सप्ताह वैसे नहीं रहे जैसे आप पूरी तरह सक्रिय होने पर चाहते हैं। लेकिन जब आप लंबे समय तक बाहर रहते हैं तो फिर आप एकदम से शत प्रतिशत फिटनेस हासिल करने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने कहा, 'कभी ऐसे पल भी आ रहे हैं जब आपको लग रहा है कि यह वास्तव में गंभीर है। मैं नहीं जानता कि मेरा अगला मैच कौन सा होगा लेकिन मैं (खेलने के लिए) खुद को सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रखने का प्रयास कर रहा हूं। आर्चर ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं अभी जितनी तेजी से हो सके गेंदबाजी करना चाहता हूं लेकिन जब आप अच्छा महसूस करते हैं तो अच्छी गेंदबाजी भी करते हैं। अभी मैं केवल अच्छा महसूस करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।

## ये है आईपीएल का सबसे खतरनाक बल्लेबाज

### 3 शतक लगाए थे, तीनों बार रहा था नॉटआउट

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में कई ऐसे बल्लेबाज देखने को मिले, जिसने अपनी विस्फोटक पारियों के दम पर गेंदबाजों में दहशत कायम रखने का काम किया। उन्हीं में से एक ऐसा बल्लेबाज है जिसने अपने आईपीएल करियर में तीन शतक लगाए थे और उन तीनों अवसरों पर गेंदबाज उन्हें आउट करने नाम नाकाम रहे थे। यानी कि उसने शतक भी जमाए, साथ ही नॉटआउट होकर पवेलियन भी लौटे। जी हां...ये खिलाड़ी है एबी डिविलियर्स। डिविलियर्स के नाम आईपीएल में नाम तीन शतक दर्ज हैं, जिसमें खास बात यह रही थी कि गेंदबाज उन्हें आउट ही नहीं कर पाए थे। जानिए कब निकले उनके बल्ले से ये तीन शतक-

**चेन्नई के खिलाफ नाबाद 105 रन –** उनका पहला आईपीएल शतक सीजन 2009 में डिविलियर्स दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के लिए खेलते हुए निकला था। सीजन का 9वां मैच 23 अप्रैल डरबन में हुआ था, जहां दिल्ली ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली ने महज 2 ओवर में 8 के स्कोर पर 2 विकेट गंवा गिए। लेकिन चौथे नंबर पर आए डिविलियर्स ने 54 गेंदों में नाबाद 105 रनों की पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। उनके इस शतक की मदद से दिल्ली ने 5 विकेट गंवाकर 189 रन बना दिए। जवाब में चेन्नई 9 विकेट खोकर 180 रन ही बना सकी।

**मुंबई के खिलाफ नाबाद 133 रन–** डिविलियर्स ने दूसरा शतक 2015 में लगाया, जब वो आरसीबी के लिए खेल रहे थे। तब भी गेंदबाज उन्हें आउट नहीं कर पाए थे। आरसीबी ने तब मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 1 विकेट खोकर 235 रन बना डाले, जिसमें डिविलियर्स ने तीसरे नंबर पर आते हुए 89 गेंदों में नाबाद 133 रनों की पारी खेली। उन्होंने 19 चौके व 4 छक्के जमाए थे। मुंबई खेमे में लसिथ मलिंगा, जसप्रीत बुमराह, हरभजन सिंह जैसे दिग्गज गेंदबाज थे, लेकिन वह डिविलियर्स को रोक नहीं सके थे। जब मुंबई जवाब में उतरी तो वह 7 विकेट खोकर 196 रन ही बना सकी।

**गुजरात लायंस के खिलाफ नाबाद 129 रन** – फिर उनका तीसरा आईपीएल शतक 2016 में लीग के 44वें मैच में गुजरात लायंस के खिलाफ आया था। डिविलियर्स आरसीबी के लिए खेलते हुए गुजरात के गेंदबाजों को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया, साथ ही अंत तक क्रीज पर डटे रहे। डिविलियर्स ने तीसरे नंबर पर आकर 52 गेंदों में ही 129 रन बनाए थे, जिसमें 10 चौके तो 12 छक्के शामिल थे। खास बात यह थी कि इसी मैच में विराट कोहली ने भी 55 गेंदों में 109 रन बनाए थे, जिसके चलते आरसीबी ने 3 विकेट खोकर 248 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया था। फिर जवाब में गुजरात की टीम महज 104 रनों पर ढेर होकर 144 रनों से मैच हार गई।

## अगले मैच से भी बाहर हो सकते हैं धवन, फील्डिंग कोच ने कहा दो तीन और लगेंगे

**मोहाली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स के क्षेत्ररक्षण कोच ट्रेवर गोंजाल्विस ने कहा है कि नियमित कप्तान शिखर धवन की उपलब्धता के लिए दो से तीन दिन और इंतजार करना होगा जिससे इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। धवन को 13 अप्रैल को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। उन्होंने अब तक चार मैचों में 116.50 के औसत से 233 रन बनाए हैं। धवन की चोट के बारे में पूछे जाने पर गोंजाल्विस ने कहा, 'इसमें लगभग 2-3 दिन और लगने चाहिए।' पंजाब किंग्स को गुरुवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने 24 रन से हराया। मैच के बारे में गोंजाल्विसवस ने कहा, 'यह बल्लेबाजी के लिए एक अच्छा विकेट था। हमने उन्हें अच्छे स्कोर पर रोक दिया था लेकिन हमने शुरुआत में ही कुछ विकेट खो दिए।' पंजाब की टीम 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.2 ओवर में 150 रन पर आउट हो गई। भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने 21 रन देकर चार विकेट चटकाते हुए पंजाब की मुश्किलें बढ़ाई। आरसीबी के गेंदबाजी कोच एडम ग्रिफिथ ने कहा, 'वह (सिराज) इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है।' उन्होंने कहा, 'यहां तक कि पिछले मैच में जहां (लगभग) 440 रन बने थे, उसने (सिर्फ) 30 रन दिए थे। आज ही नहीं, वह पूरे टूर्नामेंट में और उससे पहले भी अच्छी गेंदबाजी कर रहा है। हमने देखा है कि वह भारत के लिए कितनी अच्छी गेंदबाजी कर रहा है।'

## वॉर्नर ने भारतीय युवाओं के बारे में कहा, अतिरिक्त तेजी से निपटना नहीं सिखाया जा सकता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने अपनी टीम के युवा भारतीय बल्लेबाजों से कहा कि उन्हें अतिरिक्त तेजी से निपटने का तरीका खुद ही ढूंढना होगा क्योंकि यह ऐसा कौशल है जिसे सिखाया नहीं जा सकता। दिल्ली की तरफ से अब तक छह मैचों में 285 रन बनाने वाले वॉर्नर के अर्धशतक की मदद से उनकी टीम ने गुरुवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की।

**अपने कौशल पर भरोसा होना चाहिए –** दिल्ली की टीम में शामिल भारतीय बल्लेबाजों ने हालांकि अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। पृथ्वी शॉ (छह मैचों में 47), सरफराज खान (दो मैचों में 34), यश ढुल (दो मैचों में तीन), अमन खान (चार मैचों में 30) और अभिषेक पोरेल (चार मैचों में 33) में से कोई भी अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाया है। वॉर्नर से जब पूछा गया कि क्या इस बारे में उनके भारत के युवा बल्लेबाजों से बात हुई, उन्होंने कहा,'' ईमानदारी से कहूं तो हमारी इस विषय पर बहुत अधिक चर्चा नहीं होती क्योंकि आपको अपने कौशल पर भरोसा होना चाहिए और मैं लोगों को यह नहीं बता सकता कि कैसे बल्लेबाजी करनी है। वास्तव में इसके लिए आपको खुद ही तरीका ढूंढना होगा।

उन्होंने कहा, ''यदि आपको तेज गेंदबाजी का

सामना करना है और गेंदबाज 150 किमी की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा है तो आपको रन बनाने के लिए तकनीक और तरीका ढूंढना होगा। अगर वे आप पर हावी हो रहे हैं और आपकी पसलियों तक उछाल लेने वाली गेंद कर रहे हैं तो फिर आपको रन बनाने के लिए अपना तरीका ढूंढना होगा और अगर आप एक चौका जड़ देते हैं तो फिर वे आपके अनुकूल गेंदबाजी करने लगेंगे। वॉर्नर ने शार्ट पिच गेंद खेलने के बारे में कहा,'' नेट्स पर शार्ट पिच गेंदों का अभ्यास करना बहुत मुश्किल होता है और यहां तक कि आस्ट्रेलिया में भी हम इसका अभ्यास नहीं करते हैं। मेरा मानना है कि अगर आप हर समय शॉर्ट पिच गेंदों का अभ्यास करते हैं तो मैच में आप संकोची हो सकते हैं। यह तुरंत प्रतिक्रिया करने के कौशल से जुड़ा है। यह अच्छा है कि गेंदबाज एक ओवर में एक ही शार्ट पिच गेंद कर सकता है।

यही बात स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर लागू होती है जिन्हें वॉर्नर ने आसानी से खेला लेकिन अन्य बल्लेबाजों को उन्हें खेलने में परेशानी हुई। वॉर्नर ने कहा,'' मुझे नहीं लगता कि अधिकतर बल्लेबाज उसे (वरुण चक्रवर्ती) अच्छी तरह से खेल पाते हैं। कुछ उसकी गेंदों को बैकफुट पर जाकर खेलते हैं। यह बल्लेबाज की जिम्मेदारी है के वह टीम विश्लेषक के पास जाकर पता करे कि वह किस तरह की गेंदबाजी करता है। उन्होंने कहा,'' मेरा उसे खेलने का तरीका सरल है। यदि उसका गेंदबाजी वाले हाथ का पिछला हिस्सा हवा में नहीं उठता तो यह कैरम बॉल होगी। यह बहुत आसान है। अगर कोई बल्लेबाज इसको नहीं समझ पा रहे हैं तो उन्हें टीम विश्लेषक के पास जाकर अध्ययन करने की जरूरत है।

## 22 साल के क्रिकेटर ने वनडे में झटके सबसे तेज 100 विकेट, राशिद खान का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा!

### वनडे में सबसे तेज 100 विकेट्स लेने वाले गेंदबाज

राशिद खान - 44 मैच
मिचेल स्टार्क - 52 मैच
सकलैन मुश्ताक - 53 मैच
शेन बॉन्ड - 54 मैच
मुस्तफ़िजुर रहमान - 54 मैच

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नेपाल के 22 वर्षीय लेग स्पिनर संदीप लामिछाने ने वनडे क्रिकेट में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। लामिछाने ने वनडे सबसे तेज 100 विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। लामिछाने ने शुक्रवार को ओमान के खिलाफ एसीसी मेन्स प्रीमियर कप मैच में अपने 42वें वनडे मैच में यह उपलब्धि हासिल करते हुए इस मामले में अफगानिस्तान के ऑलराउंडर राशिद खान को पीछे छोड़ दिया है। लामिछाने ने 100 वनडे विकेट पूरे करने के लिए मात्र 42 मैच खेले और इसी के साथ ही वह वनडे क्रिकेट फॉर्मेट में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले राशिद खान ने 2018 में वनडे में सबसे तेज 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया था और मात्र 44 मैचों में 100 वनडे विकेट पूरे किए थे। लामिछाने ने भले ही 42 इनिंग्स में 100 वनडे विकेट लेकर इतिहास रचा हो, लेकिन उनका ये कमाल रिकॉर्ड लिस्ट में शामिल नहीं है। मैच की बात करें तो ओमान के खिलाफ खेले गए मैच में नेपाल ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कुशल मल्ला (64 गेंदों पर 9 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 108 रन) की शतकीय पारी की बदौलत 8 विकेट के नुकसान पर 310 रन बनाए।

## दिल्ली की पहली जीत पर गांगुली को याद आया 25 साल पुराना टेस्ट मैच, कह दी दिल की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत आईपीएल 2023 में किसी बुरे सपने से कम नहीं रही। टीम को शुरुआती पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि इसके बाद बीते गुरुवार को डेविड वॉर्नर की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन अपनी जीत का खाता कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खोला। डीसी ने केकेआर को एक लो स्कोरिंग रोचक मैच में आखिरी ओवर में चार विकेट से मात दी। इसी के साथ दिल्ली ने इस सीजन की अपनी पहली जीत भी दर्ज की।

बता दें कि आईपीएल 2023 में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज सौरव गांगुली दिल्ली कैपिटल्स के डाइरेक्टर ऑफ क्रिकेट हैं। वह डीसी की पहली जीत के बाद काफी खुश नजर आए। उन्होंने मैच के बाद बड़ा बयान भी

दिया, जिसमें उन्होंने 25 साल पुराने टेस्ट मैच को याद किया। अब सवाल उठता है कि आखिर गांगुली ने अपने बयान में दो दशक पुराने टेस्ट मैच का बात क्यों की? आइये इसके बारे में थोड़ा विस्तार से जानते हैं।

**दिल्ली की पहली जीत पर गांगुली का बड़ा बयान –** दरअसल, मैच के बाद जब इंट्रव्यू के दौरान सौरव गांगुली से पूछा गया कि आईपीएल 2023 में पहली जीत दर्ज करके कैसा महसूस हो रहा है। तो इस पर गांगुली ने 25 साल पुराने खेले गए टेस्ट मैच में अपने पहले रन को याद किया। गांगुली ने कहा, यह जीत 25 साल पहले भारत के लिए मेरे पहले टेस्ट रन की तरह महसूस हुई। इसके अलावा अपनी टीम की बल्लेबाजी के बारे में बात करते हुए गांगुली ने कहा,हमने पहले भी गेंदबाजी अच्छी की है। लेकिन परेशानी हमारी बल्लेबाजी है। मुझे पता है हम अच्छ अच्छा नहीं खेले। हमें बेहतर बल्लेबाजी करने का रास्ता ढूंढ़ना होगा। बहरहाल, इसके अलावा बात करें मैच की तो कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली के सामने 128 रन का लक्ष्य रखा था, जिसको डीसी ने चार विकेट और चार गेंद रहते हासिल कर लिया।

## आरसीबी के खिलाड़ियों के सिर सजी ऑरेंज और पर्पल कैप

### मगर खतरा बनकर मंडरा रहे हैं ये प्लेयर्स

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2023 के दो बड़े मुकाबले गुरुवार को खेले गए। पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सामना पंजाब किंग्स से हुआ, वहीं शाम वाले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम भिड़ी। इन दो मुकाबलों के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस में शामिल खिलाड़ियों की सूची में काफी बदलाव देखने को मिले, हालांकि दिन के अंत में दोनों कैप आरसीबी के खिलाड़ियों के सिर ही सजी रही। आईपीएल 2023 में अब तक सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप पर बैंगलोर के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कब्जा जमाया हुआ है, वहीं पंजाब के खिलाफ तेज तर्रार गेंदबाजी कर मोहम्मद सिराज ने पर्पल कैप अपने नाम की है। सबसे पहले बात करते हैं ऑरेंज कैप की रसे में शामिल टॉप 5 बल्लेबाजों की। इस सूची में फाफ डुप्लेसी 343 रन बनाकर शीर्ष पर हैं।

## रिंकू सिंह और मनदीप पर भड़के युवराज सिंह, सरेआम सुना दी खरी-खोटी

**मोहाली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह ने गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स की हार के दौरान रिंकू सिंह और मनदीप सिंह की बल्लेबाजी के तरीके की आलोचना की हैं। उन्होंने ट्वीट करते हुए इन दोनों बल्लेबाजों को खूब खरी-खोटी सुनाई। कैपिटल्स ने दो बार के आईपीएल चैंपियंस केकेआर को हराकर सीजन की पहली जीत दर्ज की। अंत में जेसन रॉय और आंद्रे रसेल के अलावा, केकेआर के लिए कोई भी अन्य बल्लेबाज नहीं चल पाया। रिंकू, जिनकी आखिरी ओवरों की वीरता ने केकेआर को जीटी के खिलाफ अपना मैच जीतने में मदद की, केवल 6 रन बना सके, जबकि मनदीप एक बार फिर विफल रहे। इन दोनों को अक्षर पटेल ने आउट किया। केकेआर की बल्लेबाजी देखने के बाद युवराज ने विशेष रूप से रिंकू और मनदीप के प्रदर्शन पर नाराजगी व्यक्त की। युवराज ने कहा कि रिंकू और मनदीप को जोखिम कम लेने और साझेदारी बनाने की कोशिश करनी चाहिए थी। युवराज ने कहा कि उन्हें 15वें ओवर तक वनडे की तरह खेलना चाहिए था। युवराज ने लिखा, मैं रिंकू सिंह और मनदीप से खुश नहीं हूं। आपका कॉन्फिडेंस कितना ज्यादा है यह मायने नहीं रखता, बल्कि ऐसी स्थिति में आपकी अप्रोच का महत्व है। जब विकेट गिर रहे हों तो आपको पार्टनरशिप के लिए खेलना होता है। कम से कम 15 ओवर तक आपको वनडे वाली मानसिकता से खेलने की जरूरत थी। सीजन की मजबूत शुरुआत करने के बाद केकेआर की यह लगातार तीसरी हार थी। वे रविवार को ईडन गार्डन्स में अब सीएसके से भिड़ेंगे।

## एशियाई खेलों के लिए भारतीय क्रिकेट टीम भेजने से बीसीसीआई ने फिर किया इंकार: रिपोर्ट

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत इस साल हांग्जो में एशियाई खेलों में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को लक्षित कर रहा है। हालांकि क्रिकेट प्रेमियों को झटका लगा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) एशियाई खेलों के लिए टीम नहीं भेज रहा है। रिपोर्ट में इस बात की जानकारी सामने आई है। एशियाई खेलें 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित की जाएंगी।

बीसीसीआई ने महाद्वीपीय मेगा इवेंट के लिए पुरुष या महिला टीमों में प्रवेश नहीं करने के कारण के रूप में पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला दिया है। एशियाई खेलों के लिए भारत के शेफ डी मिशन, भूपेंद्र बाजवा ने एक मीडिया हाउस को बताया, हमारे पास एक को छोड़कर सभी खेलों में प्रविष्टियां हैं - क्रिकेट (टीम) नहीं जा रही है। उन्होंने कहा कि वे व्यस्त हैं। हमने उन्हें 3-4 ईमेल भेजे लेकिन जब हमें

आयोजकों को एंट्री भेजनी है तो उन्होंने कहा कि वे नहीं जाएंगे।

क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने घटनाक्रम की पुष्टि की लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें समय सीमा से एक दिन पहले भारतीय ओलंपिक संघ से ईमेल प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा, हमें समय सीमा से ठीक एक दिन पहले आईओए से ई-मेल मिला था। वहीं, बीसीसीआई महिला क्रिकेट के लिए एफटीपी पहले ही फाइनल कर चुका है। एशियाई खेलों के दौरान हमारी टीम उपलब्ध नहीं होगी क्योंकि वे एक टूर्नामेंट में खेल रहे होंगे।

एफटीपी के अनुसार भारतीय महिलाओं को सीमित ओवरों की सीरीज में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है। पुरुष टीम इस बीच अक्टूबर-नवंबर में घरेलू सरजमीं पर वनडे विश्व कप में हिस्सा लेगी। हालांकि कई ऐसे मौके आए हैं, जब बीसीसीआई ने दो राष्ट्रीय टीमों को मैदान में उतारा है। 1998 में एक भारतीय टीम ने कुआलालंपुर में राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लिया था जबकि दूसरे ने टोरंटो, कनाडा में सहारा कप में पाकिस्तान का सामना किया। हाल ही में 2021 में शिखर धवन ने श्रीलंका में श्रृंखला के लिए दूसरी श्रेणी की भारतीय टीम का नेतृत्व किया, जबकि विराट कोहली की कप्तानी वाली एक अन्य टीम इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट श्रृंखला के लिए यूके में थी।

क्रिकेट एशियाड के दो संस्करणों का हिस्सा रहा है (2010 और 2014), लेकिन भारत ने दोनों मुकाबलों में हिस्सा नहीं लिया। जकार्ता में 2018 एशियाड से बाहर होने के बाद हांग्जो खेलों के कार्यक्रम में क्रिकेट की वापसी हुई जो मूल रूप से पिछले साल आयोजित होने वाले थे, लेकिन चीन की शून्य-कोविद नीति के कारण स्थगित कर दिए गए थे। एशियाई खेलों को छोड़ने का बीसीसीआई का फैसला भी ऐसे समय में आया है जब क्रिकेट ओलंपिक में जगह बनाने की होड़ में है। दरअसल एशियन गेम्स खत्म होने के कुछ ही दिन बाद मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का सत्र होने वाला है, जहां ओलंपिक में क्रिकेट के संभावित समावेश पर फैसला किया जाएगा।

## सुपरजायंट्स की नजरें तालिका में शीर्ष स्थान पर, टाइटंस की कोशिश जीत की राह पर लौटने की

**लखनऊ (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में शनिवार को यहां जब लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश पिछले मैच में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने की होगी। दूसरी ओर, लखनऊ सुपरजायंट्स अपने घरेलू मैदान में जीत की लय को बनाये रख कर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज होना चाहेगा। गुजरात की टीम पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से मिली तीन विकेट की हार के बाद नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगी, वहीं लोकेश राहुल की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम ने इसी टीम के खिलाफ मनोबल बढ़ाने वाली 10 रन की जीत दर्ज की थी। आईपीएल की इन दोनों नयी टीमों ने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन मौजूदा सत्र में इनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी दिखी है। दोनों टीमों को अब तक दो-दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। टाइटंस ने हालांकि सुपरजायंट्स से एक मैच कम खेला है। इस सत्र में टाइटंस की सबसे बड़ी कमजोरी लक्ष्य का बचाव करने की रही है। मोहम्मद शमी शुरुआती ओवरों में लगातार विकेट चटकाने में सफल रहे है लेकिन अल्जारी जोसेफ और जोश लिटिल से उन्हें और मदद की जरूरत है। कप्तान हार्दिक पंड्या भी गेंद से कमाल करने में विफल रहे हैं और अब तक चार मैचों में उन्होंने सिर्फ एक विकेट चटकाया है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने दो मैचों में मिले मौके का लाभ उठाया है। स्पिन विभाग में राशिद खान एक मैच को छोड़कर असरदार रहे हैं। पिछले मुकाबले में हालांकि राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन उन पर लगातार तीन छक्के लगाए थे जिससे उनका आत्मविश्वास डगमगाया होगा। शुभमन गिल, डेविड मिलर और साई सुदर्शन जैसे बल्लेबाजों के लय में होने से गुजरात टाइटंस इस विभाग में मजबूत है।टीम के गेंदबाजों को हालांकि सुपरजायंट्स के बल्लेबाजों को रोकने के लिए अपने स्तर को ऊपर उठाना होगा। काइल मेयर्स, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस के पास किसी भी गेंदबाजी इकाई की धज्जियां उड़ाने की क्षमता है।

टीम के लिए हालांकि कप्तान लोकेश राहुल और हरफनमौला दीपक हुड्डा की लय चिंता का विषय है जिन्होंने अब तक इस सत्र में एक भी यादगार पारी नहीं खेली है। प्रतिभाशाली लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और अनुभवी अमित मिश्रा स्पिन विभाग में सुपर जायंट्स के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि करुणाल पांड्या ने भी मैच जिताने वाला प्रदर्शन किया है। मार्क वुड, अवेश खान और युधवीर सिंह चरक के रूप में टीम के पास तेज गेंदबाजी में अच्छा विकल्प है। पदार्पण मैच में नवीन-उल हक ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और वह इसी तरह से खेलना जारी रखना चाहेंगे। पिछले सत्र में हालांकि दो मौकों पर सुपर जायंट्स को हराने के बाद टाइटंस के पास थोड़ी मनोवैज्ञानिक बढ़त हो सकती है।

### टीम इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जायंट्स –** केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, कुणाल पंड्या, अमित मिश्रा, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), नवीन उल हक, आयुष बडोनी, आवेश खान, करण शर्मा, युद्धवीर चरक, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, मार्क वुड, स्वप्निल सिंह, मनन वोहरा, डेनियल सैम्स, प्रेरक मांकड़, कृष्णप्पा गौतम, जयदेव उनादकट, मार्कस स्टोइनिस, रवि बिश्नोई, मयंक यादव।

### गुजरात टाइटंस

**गुजरात टाइटंस –** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, कोना भरत, रिद्धिमान साहा, राहुल तेवतिया, अभिनव मनोहर, मोहम्मद शमी, प्रदीप सांगवान, आर साई किशोर, विजय शंकर, साई सुदर्शन, राशिद खान, शिवम मावी, मैथ्यू वेड, ओडियन स्मिथ, उर्विल पटेल, दर्शन नालकांडे, डेविड मिलर , यश दयाल, जयंत यादव, नूर अहमद और अल्जारी जोसेफ।

**मैच का समय –** दोपहर बाद 03.30 बजे से

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में कोरोना के मामलों में गिरावट, सामने आए 1603 केस ; 24 घंटे में 3 मरीजों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। गुरुवार को दिल्ली में 1600 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। वहीं पिछले 24 घंटे में 3 मरीजों की मौत हुई है। राजधानी में संक्रमण दर 26 प्रतिशत के ऊपर दर्ज की गई। गुरुवार को दिल्ली में 19 अप्रैल की तुलना में कोरोना के मामलों में गिरावट देखने को मिली है। राजधानी में कुल 1603 कोरोना संक्रमित मिले हैं। वहीं 24 घंटे के दौरान कोरोना के 3 मरीजों की भी हुई। खास बात है कि बुधवार को दिल्ली में कोरोना 6 मरीजों की मौत हुई थी, जबकि संक्रमण दर भी 28 फीसदी के ऊपर दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि बुधवार को 24 घंटे में 1767 कोरोना के मरीज सामने आए हैं। बड़ी बात है कि दिल्ली में कोरोना के 6 मरीजों की मौत हुई थी। 19 अप्रैल को संक्रमण दर 28.63 प्रतिशत रही। ध्यान देने वाली बात है कि दिल्ली में मंगलवार की तुलना में 15 फीसदी ज्यादा मामले सामने आए हैं। मंगलवार को दिल्ली में कोविड के 1537 नए मामले सामने आए थे। अगर एनसीआर की बात करें तो नोएडा में आठ बच्चों समेत कोरोना के 110 नए मरीज मिले हैं। वहीं 144 मरीज संक्रमण से स्वस्थ हुए हैं। कोरोना के सक्रिय मरीज घटकर 705 हो गए हैं। 34 मरीज निजी और सरकारी कोविड अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं, 671 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। पिछले 24 घंटे में 2269 संदिग्धों की जांच की गई है। जिले में अबतक संक्रमण से 491 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा गाजियाबाद में कोरोना के केस अब शहर के साथ देहात क्षेत्रों में भी बढ़ने लगे हैं। जांच का दायरा बढ़ने की जगह कम हो रहा है। रोज पांच हजार के लक्ष्य के सापेक्ष ढ़ाई हजार लोगों की ही जांच हो रही है। बृहस्पतिवार को 2553 लोगों की जांच रिपोर्ट आने पर 24 घंटे में तीन बच्चों समेत 85 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। 68 संक्रमितों के ठीक होने के साथ ही सक्रिय मरीजों की संख्या 453 हो गई हैं। गुरुग्राम में गुरुवार को 513 नए कोरोना मरीज मिले और 436 मरीज स्वस्थ हुए। संक्रमण दर 16.97 दर्ज की गई। जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 2737 हो गई है। सात महीनों में इतने कोरोना संक्रमित मरीज नहीं मिले, जितने अप्रैल के 20 दिन में मिल गए हैं। गुरुग्राम में सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर और जनवरी, फरवरी, मार्च समेत सात महीने में 3145 कोरोना संक्रमित मरीज मिले थे और 20 दिनों में 5872 कोरोना संक्रमित मरीज मिले चुके हैं। दो मरीजों कह मृत्यु भी हुई है।

### एमसीडी के स्कूलों का होगा कायाकल्प, दिल्ली सरकार ने जारी किए 400 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने बजट 2023-24 में शिक्षा के लिए तय की गई 1700 करोड़ की अनुदान राशि में से पहली किस्त जारी कर दी है। इसके तहत 400 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। शिक्षा मंत्री आतिशी और महापौर डा. शैली ओबेराय ने दिल्ली सरकार द्वारा जारी अनुदान की पहली किस्त की जानकारी प्रेसवार्ता के माध्यम से दी। दिल्ली सचिवालय में प्रेसवार्ता में आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों की तर्ज पर निगम स्कूलों के सुधार के लिए यह राशि दी गई है। इससे निगम स्कूलों में पढ़ने वाले नौ लाख विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा मिलने में मदद मिलेगी। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार के लिए शिक्षा हमेशा से प्राथमिकता में रही है। आप सरकार के आने के बाद से ही बजट का सबसे बड़ा हिस्सा शिक्षा को दिया गया है। दिल्ली में ज्यादातर प्राथमिक स्कूल (पांचवीं तक के) एमसीडी के अंतर्गत आते हैं। पिछली सरकारों में एमसीडी स्कूलों पर ध्यान नहीं दिया गया। इसका नतीजा यह रहा कि एमसीडी के स्कूलों से जो बच्चे दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षा छह में आते हैं, उनमें से बहुत से बच्चों को पढ़ना-लिखना भी नहीं आता है। उन्होंने कहा कि एमसीडी स्कूलों का काम पहली से पांचवीं तक के बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करना है। इसके तहत यह बजट मुहैया कराया जा रहा है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि हम रोज समस्याएं देखते हैं कि एमसीडी के शिक्षक धरने पर बैठे हैं।

### हिंदवेयर के नए टीवीसी कैंपेन 5 स्टार होटल लाइक बाथरूम में पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के क्रिकेट स्टार शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंदवेयर लिमिटेड,जो कि कम्पलीट बाथरूम सोल्यूशंस में एक लीडर है, ने आज अपने नए टेलीविज़न कमर्शियल (टीवीसी) कैंपेन, होटल लाइक बाथरूम को लॉन्च किया, जिसमें क्रिकेट जगत के कुछ सबसे बड़े नामचीन सितारे शामिल हैं। यह कैंपेन आज के ट्रेवलर की इच्छाओं को ध्यान में रखते हुए ठीक वैसे ही बाथरूम को एक्सपीरियंस कराता है जैसा उन्हें 5-स्टार होटल में मिलता है। इस टीवीसी कैंपेन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर तथा पंजाब किंग्स के नामचीन खिलाड़ी शामिल हैं। इस कैंपेन का उद्देश्य हिंदवेयर इटैलियन कलेक्शन के उच्च गुणवत्ता वाले बाथरूम प्रोडक्ट्स एवं सोल्यूशंस को शोकेस करना है जो कि एक शानदार होटल के समान ही एक एलिगेंट एवं आरामदायक बाथरूम एक्सपीरियंस प्रदान करता है। यह काउंटर बेसिन पर एलिमेंट प्लस वॉल माउंटेड और टैंकलेस क्लोसेट जैसे प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित करता है - जिसमे हिंदवेयर इटैलियन कलेक्शन के अमेज़ॅन एवं फोंटे तथा ह्यूज कलेक्शंस भी मौजूद हैं। इस कैंपेन को डिजिटल, सोशल, ओटीटी, प्रिंट, रेडियो तथा आउट-ऑफ़-होम एक्टिवेशन सहित एक एक्सटेंसिव 360-डिग्री के प्रमोशन आउटरीच का भी समर्थन प्राप्त होगा। इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए हिंदवेयर लिमिटेड के बाथ बिजनेस के चीफ एक्सिक्यूटिव ऑफिसर श्री सुधांशु पोखरियाल ने कहा, बाथरूम सोल्यूशंस मार्किट में एक लीडिंग प्लेयर के रूप में, हम हमेशा से ही अपने ग्राहकों से जुड़ने के लिए नए तरीकों की तलाश में रहते हैं। हम अपने इस लेटेस्ट टीवीसी कैंपेन, 5-स्टार होटल लाइक बाथरूम्स को लॉन्च करने के लिए बेहद उत्साहित हैं, जो कि एक शानदार बाथरूम एक्सपीरियंस को बनाने के महत्व पर प्रकाश डालता है। हमारे तमाम प्रोडक्ट्स को हमारे ग्राहकों के लिए एक प्रीमियम तथा आरामदायक एक्सपीरियंस प्रदान करने के हिसाब से डिज़ाइन किया गया है, और हमें पूर्ण विश्वास है कि यह कैंपेन उनकी जरुरत के हिसाब से पूरी तरह से मेल खायेगा। इसके अलावा, हमारे इस कैंपेन में क्रिकेट जगत के कई दिग्गज खिलाडियों को भी शामिल किया गया है जो कि क्रिकेट के कई फैंस के लिए दिल से जुड़ने का एक मौका है। इसके साथ ही हमें पूरा विश्वास है कि इस कोलेबोरेटेड टीवीसी के माध्यम से हम व्यापक दर्शकों के साथ जुड़ने और भारतीय बाजारों में अपने ब्रांड की स्थिति को और अधिक मजबूत करने में सक्षम होंगे।

### ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कैमरे की नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में परिवहन विभाग जल्द ही राष्ट्रीय राजधानी के प्रवेश द्वारों पर यातायात नियमों के उल्लंघन की जांच के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संचालित एआइ (आर्टिफिशियल इंटलिजेंस) कैमरे लगाएगा। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि इसमें प्रदूषण नियंत्रण के मानदंडों की भी जांच की व्यवस्था रहेगी। ये कैमरे अन्य अपराधों का भी पता लगाएंगे। इनमें से एक कैमरा नंबर प्लेट पढ़ेगा और सिस्टम वाहन के मालिक की पहचान करेगा और अन्य ब्यौरा भी सामने लाएगा। यह भी पता लगाएगा कि वाहन के पास वैध पीयूसीसी है या नहीं। इसके डेटा को ई-चालान प्रणाली के साथ एकीकृत किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों को ई-चालान भी भेजा जा सकेगा। दिल्ली सरकार की ओर से एमसीडी द्वारा एकत्र किए गए पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति उपकर के साथ इसे एकीकृत करने की भी योजना है। उपकर दिल्ली में प्रवेश करने वाले वाणिज्यिक वाहनों से एकत्र किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस कदम को जोड़ने से मैन्युअल हस्तक्षेप भी कम हो जाएगा ओर दिल्ली की सीमाओं पर लगने वाले जाम को भी कम किया जा सकेगा।

# सराय काले खां फ्लाईओवर के निर्माण में हुई देरी, जुलाई तक नहीं मिलेगी जाम से राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिस तरह से सराय काले खां में अंतरराज्यीय बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन के बाद रैपिड रेल का प्रमुख स्टेशन भी बनने जा रहा है, इससे आने वाले समय में सराय काले खां में जाम की समस्या अभी और बढ़ेगी। इसे देखते हुए रिंग रोड पर सराय काले खां बस अड्डे के सामने फ्लाईओवर बनाया जा रहा है।

इस पर काम चल रहा है। इसका कार्य मई तक पूरा किया जाना था, मगर अब यह कार्य जुलाई तक पूरा होने की उम्मीद है। फ्लाईओवर में काम अभी काफी बचा है, हालांकि काम तेजी से चल रहा है। वैसे लोक निर्माण विभाग अभी दावा कर रहा है कि इस कार्य को जून अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

जानकारों के मुताबिक काम जुलाई के अंत तक पूरा हो जाएगा। इसके बनने से रिंग रोड पर सराय काले खां में यातायात सिग्नल फ्री किया जाएगा। योजना के तहत सराय काले खां बस अड्डे के सामने पहले से तीन लेन का सिंगल फ्लाईओवर बना है। इतनी ही चौड़ाई वाला एक नया फ्लाईओवर इसके साथ ही बनाया जा रहा है। अभी पहले से बने फ्लाईओवर से आश्रम की ओर से आकर वाहन चालक आइटीओ या यमुनापार की ओर जाते हैं। अब बन रहे फ्लाईओवर से लोग आइटीओ व एनएच-9 तथा यमुनापार की ओर से आकर आश्रम की ओर जा सकेंगे। इससे उन्हें सराय काले खां पर जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। फ्लाईओवर निर्माण के लिए 2022 की शुरुआत में टेंडर जारी किया गया था। इस पर 57.7 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। फ्लाईओवर करीब 600 मीटर लंबा है। इसके ठीक नीचे टी-जंक्शन पर दो यूटर्न भी बनाए जाएंगे। सराय काले खां बस अड्डा के सामने पुराना फ्लाईओवर सन 2000 में बनाया गया था। पुराना सिंगल फ्लाईओवर डीडीए द्वारा बनाया गया था। उस समय डीडीए ने एक ही समय दिल्ली में सात फ्लाईओवर बनाए थे। ये सभी टी-प्वाइंट पर बनाए गए थे। बाद में रखरखाव के लिए इसे लोक निर्माण विभाग को दे दिया गया था।

**मानवयुक्त रेलवे क्रासिंग पर बनेंगे रेलवे ओवर ब्रिज:** मानवयुक्त क्रासिंग के कारण तीन प्रमुख रेलवे लाइनों के आसपास भारी ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए पीडब्ल्यूडी दिल्ली-अंबाला लाइन पर आठ रेलवे क्रासिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज, रेलवे अंडर ब्रिज व सीमित ऊंचाई सबवे बनाने की योजना बना रहा है। इन्हें दिल्ली-बठिंडा और दिल्ली भरूच लाइन पर बनाया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि ये रेलवे लाइनें और क्रासिंग उत्तर पश्चिम और पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में स्थित हैं। पीडब्ल्यूडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चौकीदारों वाली क्रासिंग के कारण प्रतीक्षा समय बढ़ जाता है। लाखों वाहन यहां से गुजरते हैं और विभिन्न काम या व्यवसाय आदि के लिए दैनिक आधार पर इन क्रासिंग का उपयोग करते हैं। कभी-कभी लोग जल्दबाजी में अपनी जान जोखिम में भी डालते हैं। इससे दुर्घटनाएं होती हैं। इसलिए भीड़ कम करने और एक सिग्नल मुक्त क्रासिंग के लिए विभाग ओवर और अंडरब्रिज बनाने पर विचार कर रहा है।

## रामभरोसे नहीं छोड़ी जा सकती लोगों की सुरक्षा : केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली स्थित साकेत कोर्ट में शुक्रवार सुबह वकील की ड्रेस में आए व्यक्ति ने एक अपनी ही पत्नी पर फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपित ने महिला पर 5 गोलियां चलाई, जिसमें से 4 महिला को लगी हैं। फिलहाल महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। अब इस मामले में दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

केजरीवाल ने निशाना साधते हुए ट्विटर पर लिखा, दिल्ली में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। दूसरों के कामों में अड़चन करने और हर बात पर गंदी राजनीति करने की बजाय सबको अपने-अपने काम पर ध्यान देना चाहिए और अगर नहीं संभलता तो इस्तीफा दे देना चाहिए, ताकि कोई और कर ले। लोगों की सुरक्षा रामभरोसे नहीं छोड़ी जा सकती।

जानकारी के अनुसार आरोपित व्यक्ति सस्पेंडेड वकील है और जिस महिला को गोली मारी है वह उसकी पत्नी है। दोनों में पहले से विवाद चल रहा था जिस कारण उसने गोली मार दी। फिलहाल आरोपित को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लॉयर्स ब्लॉक के पास हुई इस घटना से पूरे कोर्ट में हड़कंप मच गया। वारदात के दौरान अधिवक्ता कोर्ट में पहुंच रहे थे। वहीं कुछ अधिवक्ता ब्लॉक के आसपास थे।

**पैदल चल कर कोर्ट परिसर में बाहर आई महिला:** घटना के बाद का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में दिखाई दे रहा है कि घायल महिला चलकर कोर्ट परिसर से बाहर जा रही है। उसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उसकी हालात गंभीर है।

## दिल्ली पुलिस के हत्थे चढ़ा 25 हजार का इनामी बदमाश, गोली मारकर की थी अधिवक्ता की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते दिनों दिल्ली के द्वारका इलाके में अधिवक्ता वीरेन्द्र सिंह की हत्या में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने संपत्ति के विवाद और व्यक्तिगत दुश्मनी के चलते अधिवक्ता की हत्या की है। पुलिस ने आरोपित के पास से एक अत्याधुनिक पिस्टल, 04 देसी पिस्टल व 10 जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस ने आरोपित की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि द्वारका सेक्टर 1 में अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले को सुलझाने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। 16 अप्रैल को टीम को जानकारी मिली थी कि आरोपित नरेश उर्फ लाला किसी से मिलने के लिए झरोड़ा कलां गांव आने वाला है।

सूचना के आधार पर दिल्ली के नजफगढ़ के झरोदा गांव के सामुदायिक केंद्र के पास जाल बिछाया गया और रात करीब सवा 11 बजे आरोपी नरेश को टीम ने पकड़ लिया। पुलिस को उसके पास से एक आधुनिक पिस्टल, 4 देसी पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

**पूछताछ में कबूला गुनाह:** पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि आरोपित ने पूछताछ के दौरान अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह की हत्या के मामले में अपनी संलिप्तता को कबूल लिया। साथ ही आरोपी के पास से बरामद हुए अवैध हथियारों के बाद आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस ने आगे बताया- पूछताछ के दौरान पता चला कि उसके परिवार का वकील वीरेंद्र सिंह से एक संपत्ति को लेकर पुराना विवाद था और इस संबंध में कई सिविल सूट विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। 2017 में भी उसने अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर अधिवक्ता वीरेंद्र की हत्या का प्रयास किया था, लेकिन वीरेंद्र उस हमले में भागने में सफल रहा।

इसके बाद दोनों आरोपियों ने फिर से वीरेंद्र सिंह को मारने की योजना बनाई। दोनों ने उसके घर से अदालतों तक उसके रास्ते पर उसका पीछा करना शुरू कर दिया और 1 अप्रैल को सेक्टर-01 द्वारका, रेड लाइट के पास इन्हें मौका मिल गया और दोनों ने पीड़िता पर अंधाधुंध फायरिंग कर मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद आरोपी नरेश उर्फ लाला आरोपी प्रदीप से अलग हो गया और गिरफ्तारी से बचने के लिए यूपी व हरियाणा में इधर-उधर रह रहा था।

## बच्ची की मौत के मामले में अस्पताल को देना होगा 2 लाख रुपये मुआवजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली उपचार के दौरान बच्ची की मौत के मामले में पिता की शिकायत पर सुनवाई करते हुए उत्तर पूर्वी जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने माना कि अस्पताल में लापरवाही हुई है।

इसमें तैनात डाक्टर आयुर्वेदाचार्य होने के बावजूद एलोपैथी दवाएं दे रहे थे। यह देखते हुए आयोग ने आदेश दिया कि अस्पताल प्रशासन शिकायतकर्ता को दो लाख रुपये मुआवजा दे। साथ में शिकायत दाखिल होने की तारीख से मुआवजे का भुगतान होने तक इस राशि पर छह प्रतिशत ब्याज दिया जाए। इसके साथ ही 25 हजार रुपये कानूनी खर्च के रूप में देने का आदेश भी दिया है।

पुराना मुस्तफाबाद निवासी ताजदार सिद्दीकी की शिकायत के मुताबिक, उनकी बेटी सबीला को तबीयत खराब होने पर पांच सितंबर 2014 को न्यू मुस्तफाबाद के राजीव गांधी नगर स्थित अर्थ चैरिटेबल हास्पिटल में भर्ती कराया था।

डॉक्टरों ने बताया कि उनकी बेटी की पसलियों में पानी भर गया है, जिसे इंजेक्शन की मदद से निकाला जाएगा। 16 सितंबर 2014 को उपचार के दौरान उनकी बेटी की मौत हो गई। अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया था। उस वक्त पुलिस ने उनकी बेटी के शव का पोस्टमार्टम कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सेप्टिक शॉक मौत की वजह बताई गई थी। आयोग ने शिकायत पर अस्पताल प्रशासन को नोटिस जारी किया था। अस्पताल प्रशासन ने जवाब में कहा था कि यह शिकायत उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के दायरे में नहीं आती। इसलिए यह सुनवाई योग्य नहीं है।

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता की बेटी को 16 सितंबर 2014 को भर्ती कराया गया था और उसके उपचार के लिए पैसा नहीं लिया गया, क्योंकि इस अस्पताल में धर्मार्थ सेवा होती है। आयोग ने पाया कि अस्पताल प्रशासन ने अपने दावे के संबंध में कोई सुबूत पेश नहीं किया।

**डॉक्टर दे रहे थे एलोपैथी दवाएं:** वहीं, विभिन्न जांचों के दस्तावेज देख पाया कि शिकायतकर्ता की बेटी का उपचार उनकी बताई अवधि में इस अस्पताल में हुआ था। यह भी पाया कि इसमें तैनात डॉक्टर आयुर्वेदाचार्य होने के बावजूद एलोपैथी दवाएं दे रहे थे। इसी आधार पर आयोग ने मुआवजा व ब्याज देने का आदेश कर दिया।

### देश में बढ़ रही है पानी की जरूरत, केंद्रीय मंत्री बोले- 2050 तक इसको 1500 अरब घन मीटर के पार जाने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को कहा कि भारत की बढ़ती जनसंख्या और अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पानी की जरूरत बढ़ रही है। ऐसी संभावना है कि 2050 तक भारत को 1,500 अरब घन मीटर से अधिक पानी की जरूरत होगी। केंद्रीय मंत्री 16वें सिविल सेवा दिवस पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हम दुनिया के सर्वाधिक आबादी वाले देश बन गए हैं। हम दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भी हैं। इससे हमारी पानी की जरूरत भी बढ़ रही है। शेखावत ने कहा कि देश में जलधारण क्षमता को बढ़ाना होगा। उनके अनुसार, देश में पानी की वर्तमान आवश्यकता 1100 अरब क्यूबिक मीटर है। 2050 तक यह मांग 1500 अरब घन मीटर से भी अधिक होने की संभावना है। यूनिसेफ के अनुसार, 2025 तक दुनिया की आधी आबादी जल की कमी वाले क्षेत्रों में रह रही होगी। 2040 तक विश्व भर में चार में से एक बच्चा बेहद उच्च जल संकट वाले क्षेत्र में रह रहा होगा। ऐसे हालात में भारत के लिए समुचित जल प्रबंधन एक बड़ी चुनौती है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल के व्यापक प्रबंधन के साथ-साथ इसकी आपूर्ति जैसे सूक्ष्म प्रबंधन में भी कई चुनौतियां हैं। ऐसे में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पानी को घरों तक पहुंचाने ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि पानी को आम लोगों के घरों तक पहुंचाना आसान नहीं था। फिर भी देश के सरकारी कार्मिकों ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके अनुसार भारत के विकास कार्यों ने पूरी दुनिया को प्रेरित किया है।

## यूक्रेन को डेनमार्क, नीदरलैंड देंगे लेपर्ड 2 टैंक

**कोपेनहेगन, एजेंसी।** डेनमार्क और नीदरलैंड के रक्षा मंत्रियों ने यूक्रेन को चौदह लेपर्ड 2ए4 मुख्य युद्धक टैंक दान करने की घोषणा की है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों मंत्रियों द्वारा जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि दोनों देश 16.5 करोड़ यूरो (करीब 18.1 करोड़ डॉलर) की अनुमानित लागत से ये टैंक खरीदकर, उसे रिफर्बिश कराकर यूक्रेन को सौंपेंगे। डेनमार्क के कार्यवाहक रक्षा मंत्री ट्रॉल्स लुंड पॉल्सेन ने बयान में कहा, इस तरह, हम संयुक्त रूप से लेपर्ड 2 गठबंधन का हिस्सा बन जाएंगे, जिसे कई सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है। घोषणापत्र में एक अंतरराष्ट्रीय टैंक गठबंधन का जिक्र है जिसमें नाटो के कई देश शामिल हैं। इसका उद्देश्य अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस द्वारा दिए गए लेपर्ड 2 तथा अन्य आधुनिक टैंक यूक्रेन को उपलब्ध कराना है। डेनमार्क की विदेश नीति परिषद ने पहले ही सरकार को नीदरलैंड के साथ सहयोग के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।

कार्यवाहक रक्षा मंत्री अब यूक्रेन रक्षा संपर्क समूह (यूडीसीजी) में शामिल अन्य 50 देशों को इच्छित दान के बारे में सूचित करेंगे। यूडीसीजी की बैठक शुक्रवार को जर्मनी के रैमस्टीन एयरबेस में होने वाली है। मंत्रालय ने बताया कि इससे पहले फरवरी 2023 में डेनमार्क की सरकार ने जर्मनी और नीदरलैंड के साथ कम से कम 100 लेपर्ड 1ए5 टैंक दान करने के लिए साझेदारी की थी। उनमें से पहले कुछ टैंकों के यूक्रेनी सेना के प्रशिक्षण के लिए आने वाले सप्ताहों में तैयार हो जाने की उम्मीद है।

## रिटायरमेंट की तैयारी कर रहे बर्नार्ड अरनॉल्ट, बिजनेस संभालने के लिए बच्चों को तैयार कर रहे

**न्यूयॉर्क एजेंसी।** लग्जरी ग्रुप एलवीएमएच के प्रमुख और दुनिया के सबसे अमीर शख्स बर्नार्ड अरनॉल्ट रिटायरमेंट की तैयारी कर रहे हैं। इससे पहले वो अपने बच्चों को ग्रुप की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार कर रहे हैं। हालांकि अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वे अपना पद कब छोड़ेंगे।

वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक, जब बच्चे छोटे थे तब अरनॉल्ट उनकी की गणित की परीक्षा लेते थे। उन्हें बिजनेस टूर पर साथ ले जाते थे। अब, उनके 5 बच्चे एलवीएमएच में बड़ी जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं। डेल्फिन क्रिश्चियन डायर की ष्टश्वह्र हैं। एंटनी उस कंपनी के ष्टश्वह्र हैं। अलेक्जेंड्रे टिफनी एंड कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट हैं। फ्रेडरिक टग होय के प्रमुख हैं और जीन लुई विताँ के वॉचेज डिवीजन के मार्केटिंग-डेवलपमेंट डायरेक्टर हैं।

**महीने में एक बार लंच पर बच्चों से मिलते हैं अरनॉल्ट:** बर्नार्ड महीने में एक बार पांचों बच्चों से एलवीएमएच के पेरिस स्थित मुख्यालय में 90 मिनट के लंच पर मिलते हैं। वे बच्चों से सलाह मांगते हैं कि समूह में क्या बदलाव होना चाहिए।

**बर्नार्ड अरनॉल्ट कौन हैं:** बर्नार्ड अरनॉल्ट को मॉडर्न लग्जरी फैशन इंडस्ट्री का गॉडफादर माना जाता है। ये दुनिया के सबसे बड़े फैशन ग्रुप लुई विताँ मोएट हेनेसी के फाउंडर, चेयरमैन और सबसे बड़े शेयरहोल्डर हैं। बर्नार्ड अर्नाल्ट का ग्रुप लुई विताँ मार्केट कैप के लिहाज अपने नजदीकी कॉम्पिटिटर केरिंग से करीब चार गुना ज्यादा बड़ा है।

**60 सहायक कंपनियों और 75 लग्जरी ब्रांड्स का ग्रुप:** एलवीएमएच की 60 सहायक कंपनियों के 75 लग्जरी ब्रांड्स हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक अरनॉल्ट 208 अरब डॉलर (17 लाख करोड़) की संपत्ति के साथ दुनिया में सबसे अमीर हैं।

## ईरान के सीक्रेट ड्रोन जखीरे की फोटो, खुफिया बेस में मौजूद 200 ड्रोन

**तेहरान , एजेंसी।** ईरान की सेना ने अपनी ताकत दिखाने के लिए मिसाइलों से लैस करीब 200 ड्रोन्स की फोटो जारी की है। ईरान के सरकारी टीवी चैनल ने तेहरान के पास दुनिया के सबसे घातक ड्रोन्स होने का दावा भी किया। इसमें कहा गया कि ये ड्रोन्स एक खुफिया बेस में रखे गए हैं। हालांकि, बेस की लोकेशन कहां है, ये किसी को नहीं पता है।

अब इस बात की आशंका जताई जा रही है कि इन ड्रोन्स का इस्तेमाल रूस-यूक्रेन जंग में किया जा सकता है। यूक्रेन कई बार आरोप लगा चुका है कि रूसी सैनिक जंग में ईरानी हथियारों से हमला कर रहे हैं। हालांकि, ईरान इस बात से इनकार करता आ रहा है। वहीं, अमेरिका और यूरोपीय यूमियन ने ईरान के ड्रोन प्रोग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया है।

**पुतिन ने किया था ईरान का दौरा, स ने कहा था- ईरान, रूस को हथियार बचना चाहता है:** 19 जुलाई 2022 को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ईरान पहुंचे थे। ये उनकी पांचवी यात्रा थी। उन्होंने ईरान के सर्वोच्च नेता अली खमनेई से मुलाकात की थी। इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवान ने कहा था कि उनके इंटेलिजेंस नेटवर्क को पता चला है कि ईरान कई हजार ड्रोन रूस को बेचना चाहता है। इनमें कई हथियार लगे होंगे, जिनका इस्तेमाल यूक्रेन की लड़ाई में किया जा सका है।

**यूक्रेन पर ईरान के शाहीद-136 ड्रोन से हमला हुआ था...:** 17 अक्टूबर 2022 को रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर कामीकाजे ड्रोन से हमला किया था। ये ईरान में बने थे। हमले में इस्तेमाल किए गए कामीकाजे ड्रोन का नाम शाहीद-136 था। इस ड्रोन को ईरान का सबसे खतरनाक हथियार माना जाता है।

यूक्रेन जंग में अपनी पकड़ मजबूत बनाने के मकसद से रूसी सेना ईरानी ड्रोन से हमले कर रही है। इस ईरानी ड्रोन को सुसाइड ड्रोन भी कहा जाता है। इसका वजन 200 किलोग्राम है। इस ड्रोन की रेंज 2500 किलोमीटर है। ईरानी ड्रोन शाहीद-136 का निशाना अचूक है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ईरानी ड्रोन के जरिए रूस, यूक्रेनी रडार सिस्टम को निशाना बना रहा है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555